दैनिक
# नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — फॉलो गार्ड, फिटनेस, उपस्थिति संख्या...
4 अभिव्यक्ति — भारत के लिए पाकिस्तान से ज्यादा...
9 मनोरंजन/खेल — सलमान की एनिमेटेड 'दबंग' होगी रिलीज
11 व्यापार — इस बार नहीं होगा भारत-चीन सीमा...

www.navpradesh.com
रायपुर, गुरुवार 28 मई 2020, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-षष्ठी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-107 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

## आज बेबाक

चीनी राष्ट्रपति ने अपनी सेना को जंग के लिए तैयार रहने को कह कर भारत को गीदड़ भभकी दी है। दोकलाम में मुंह की खाने के बाद अब वह लद्दाख में भी वहीं गुस्ताखी कर रहा है। भारतीय सेना भी मुस्तैद है और चीनी चमगादड़ों को मुंहतोड़ जवाब दे रही है। कोरोना काल में जंग के ख्वाहिशमंद चिरकुट चीन को यह नहीं भूलना चाहिए की यह 1962 वाला भारत नहीं है। यदि चीन दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी सैन्य शक्ति है तो भारत भी चौथी सबसे बड़ी सैन्य शक्ती है। यदि जंग हुई तो भारतीय सेना डेढ़फुटिए चीनीयों की चटनी बनाकर रख देगी।

### छत्तीसगढ़ में सरकार ने नए खर्चों पर लगाया आर्थिक लॉकडाउन

# नई खरीदी, नई भर्ती और इंक्रीमेंट पर रोक

- बड़े पैमाने पर सम्मेलन और सेमिनार पर भी अड़ंगा लगा
- कोरोना संकटकाल में कर्मचारियों का डीए पहले ही कटा

*नवप्रदेश संवादाता*

**रायपुर।** कोरोना के तहत लॉकडाउन के बीच छत्तीसगढ़ शासन ने एक बड़ा फैसला लिया है। सरकारी कर्मचारियों के इंक्रीमेंट समेत नई खरीदी, नए पदों के सृजन समेत नए तरह के खर्चों पर अंकुश लगा दिया गया है। राज्य सरकार का यह फैसला एक साल तक के लिए लागू रहेगा। बता दें कि पूर्व में ही कोरोना संकट के मद्देनजर शासन ने सरकारी कर्मचारियों के डीए की कटौती का फैसला लिया था। वित्त विभाग द्वारा जारी यह आदेश राज्य के शासकीय विभागों, कार्यालयों के साथ-साथ सभी निगम, मण्डल, आयोग, प्राधिकरण, विश्वविद्यालय और अनुदान प्राप्त स्वशासी संस्थाओं में भी समान रूप से लागू होंगे। ये निर्देश 31 मार्च 2021 तक लागू रहेंगे। इस संबंध में वित्त विभाग द्वारा बुधवार को मंत्रालय से सभी विभागों सहित अध्यक्ष, राजस्व मंडल, संभागीय कमिश्नरों, विभागाध्यक्षों और कलेक्टरों को परिपत्र जारी किया गया है। जानकारी मिली है कि अनुकंपा नियुक्ति और पीएससी भर्ती को छोड़कर कोई भी सीधी भर्ती वित्त विभाग के अनुमति के बगैर नहीं होगी। यह एक प्रकार से नई भर्ती पर रोक ही माना जा रहा है। इसी प्रकार, सरकार ने नए पदों के सृजन, नई खरीदी, बड़े पैमाने पर सम्मेलन, सेमिनार आदि पर भी रोक लगा दी है। वित्त विभाग द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि कतिपय ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### नई गाड़ियों की खरीदी, महंगे होटलों में कार्यक्रम, विदेश यात्रा भी बंद

*लोक हित में वांछित अपवाद को छोड़कर राज्य शासन के व्यय पर विदेश यात्राओं पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। शासकीय अधिकारियों के बिजनेस क्लास से हवाई यात्रा और प्रथम श्रेणी में रेल यात्रा पर प्रतिबंध रहेगा। अनावश्यक एवं बिना सक्षम स्वीकृति के शासकीय भ्रमण प्रतिबंध रहेगा। विभागों को बैठकों का आयोजन न्यूनतम करने को कहा गया है। कॉन्फ्रेंस, सेमिनार, शासकीय समारोह के आयोजनों में मितव्ययिता बरतने तथा अति आवश्यक बैठक-कार्यक्रम का आयोजन महंगे होटलों की बजाय शासकीय भवनों में करने के निर्देश दिए गए है। यथा संभव बैठकें वीडियो कॉन्फ्रेंस एवं वेबीनार के माध्यम से आयोजित की जाए। वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान नवीन वाहनों का क्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। केवल अत्यावश्यक सेवाओं के लिए आवश्यक वाहनों का क्रय वित्त विभाग की अनुमति से किया जा सकेगा।*

### ऐसे समझें वार्षिक वेतनवृद्धि पर रोक का गणित

*सूबे के सरकारी कारिंदों को एक जुलाई 2020 एवं एक जनवरी 2021 में देय वार्षिक वेतन वृद्धि को आगामी आदेश तक विलंबित रखा गया है। किन्तु एक जनवरी 2021 एवं एक जुलाई 2021 से पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के मामले में यह लागू नहीं होगा।*

### इसलिए लिया फैसला

*सरकार ने कोरोना संकट के दौरान राजस्व प्राप्तियों में कमी को देखते हुए यह फैसला लिया है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, कोरोना संक्रमण (कोविड-19) से बचाव के लिए लागू देशव्यापी लॉकडाउन के कारण राज्य सरकार के राजस्व प्राप्तियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इसके साथ ही महामारी की रोकथाम के लिए अतिरिक्त संसाधनों की व्यवस्था भी तत्काल किया जाना है, जिसे देखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने शासकीय व्यय के युक्तियुक्तकरण और उपलब्ध संसाधनों का विकासमूलक कार्यों के लिए अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने के लिए मितव्ययता के अनेक निर्णय लिए हैं।*

### जो खाता प्रचलन में नहीं, उसकी राशि जमा होगी शासकीय कोष में

*विभिन्न विभागों द्वारा संचालित व्यक्तिगत जमा खाता (पीडी एकाउंट) जो एक वर्ष की अवधि से प्रचलन में नहीं है को तत्काल बंद करने तथा खाते में जमा राशि चालान के माध्यम से शासकीय कोष में जमा करने के निर्देश दिए गए है। राज्य पोषित योजना के तहत प्रावधानित राशि जो कि संचित निधि से 31 मार्च 2020 तक अग्रिम आहरित कर बैंक खातों में रखी गई है को अर्जित ब्याज सहित 15 जून 2020 तक राज्य शासन के खाते में वापिस जमा की जाएगी।*

## अच्छी खबर

### जो छात्र जिस जिले में हैं वहीं से दे सकते हैं परीक्षा

**नई दिल्ली/ (वार्ता)।** सरकार ने कोरोना महामारी के कारण लॉकडाउन में फंसे स्कूली छात्रों को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की शेष परीक्षाएं अपने जिले में ही देने की अनुमति दी है। केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने बुधवार को यहां ट्वीट कर एक वीडियो में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के कारण लॉकडाउन होने से कई छात्र अलग-अलग जगहों पर फंस गए थे और उनमें से कई बाद में अपने घर भेज दिए गए लेकिन बोर्ड की 12वीं के कुछ बचे पेपर की परीक्षाएं होनी है। इसके अलावा दिल्ली के उत्तर पूर्वी जिले में दसवीं बोर्ड की कुछ परीक्षाएं ■ शेष पृष्ठ 8 पर

# दबाव की कोशिश में नाकाम चीन के सुर अब पड़ रहे नरम

- भारत में चीनी राजदूत ने कहा- ड्रैगन व हाथी साथ-साथ नाच सकते हैं
- चीनी विदेश मंत्री ने भी कहा लद्दाख में एलएसी पर सब ठीक है

**नई दिल्ली/ए.।** 5 मई से ही पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तनावपूर्ण माहौल बनाकर भारत पर दबाव बनाने की कोशिश में नाकाम रहने के बाद चीन के सुर थोड़े नरम होते दिखाई पड़ रहे हैं। पहले चीनी विदेश मंत्रालय ने सीमा पर भारत के साथ स्थिति को सामान्य बताया तो अब भारत में चीन के राजदूत ने मतभेदों को बातचीत के जरिए मिटाने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि चाइनीज ड्रैगन और भारतीय हाथी एक साथ नृत्य कर सकते हैं। एलएसी पर जारी तनाव के बीच भारत ने कभी उकसावे की बात नहीं की, लेकिन मंगलवार को खबर आई कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपनी सेना को युद्ध के लिए तैयार रहने को कहा है। दरअसल, चीन के विस्तरवाद की केंद्र में उसकी दबाव की नीति है। वह कमजोर पड़ोसियों को कभी कर्ज देकर फंसाता है तो कभी अपनी ताकत की नुमाइश कर डराता है। वहीं, भारत जैसे टक्कर के देशों पर सैन्य दबाव बनाने की कोशिश करता है। हालांकि, इस कोशिश में वह लगातार ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### ट्रंप ने दिया मध्यस्थता का प्रस्ताव

*वॉशिंगटन। भारत और चीन के बीच लद्दाख में जारी तनाव के बीच अब अमेरिका आगे आया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उन्होंने भारत और चीन दोनों से कहा है कि वह इस विवाद को सुलझाने के लिए मध्यस्थता करने के लिए तैयार हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को ट्वीट कर यह ऐलान किया है। उन्होंने ट्वीट किया- 'हमने भारत और चीन को बताया है कि अमेरिका दोनों के बीच उबलते सीमा विवाद में मध्यस्थता करने या फैसला करने के लिए तैयार है, इच्छुक है और योग्य भी है।' दरअसल, लद्दाख में सालभर पहले एक सड़क बनकर पूरी हुई है।*

### एक्शन में पीएम मोदी की 'डोकलाम टीम'

**मोदी की अगुआई में हुई बैठक, सीडीएस और तीनों सेना प्रमुख रहे मौजूद**

*चीन की पीपल्स लिब्रेशन आर्मी (पीएलए) की आक्रामकता का मुकाबला करने के लिए भारत ने ऊंचे युद्ध क्षेत्र के अपने सैनिकों की संख्या लद्दाख में बढ़ा दी है। चीन लद्दाख के दौलत बेग ओल्डी (डीबीओ) सेक्टर में भारत के बॉर्डर इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण को रोकना चाहता है, क्योंकि इससे अक्साई चिन के ल्हासा-काशगर हाईवे को खतरा पैदा हो सकता है। ये विशेष भारतीय सैनिक चीन के तिब्बती स्वायत्त क्षेत्र से परिचित हैं और ऊंचे दुर्गम युद्ध क्षेत्र में अपने काम को अंजाम देने में माहिर हैं। पीएलए ने यहां पर दो ब्रिगेड को तैनात किया है। इससे संकेत मिलता है कि इस कदम पर बिजिंग में मुहर लगाई गई है यह स्थानीय मिलिट्री कमांडर्स का फैसला नहीं हो सकता है। स्थिति की समीक्षा के लिए पीएम नरेंद्र मोदी की अगुआई* ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### आर्थिक गतिविधियों को रफ्तार देने टीम भूपेश का फैसला

# रेड जोन और कंटेनमेंट एरिया में राज्य सरकार ने नहीं दी छूट

- कारोबार, रोजगार, प्रवासी मजदूरों पर बनी एकराय
- माल, सिनेमा घर, राजनैतिक सभाओं पर रहेगी रोक

*नवप्रदेश संवाददाता*

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में प्रदेश में कोविड-19 के नियंत्रण और लॉक-डाउन के बाद ठप्प पड़ी आर्थिक गतिविधियों को दोबारा शुरू करने आज उच्च स्तरीय बैठक में विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सभी मंत्रीगण और राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। मुख्यमंत्री निवास में आयोजित बैठक में विभिन्न राज्यों से लौटे प्रवासी मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने और समाज के सभी वर्गों को राहत देने के उपायों पर चर्चा की गई। लोगों की दिक्कतों का देखते हुए अब वैवाहिक कार्यक्रम की अनुमति तहसीलदार देंगे। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### स्टेट में 28 से चलेंगे टैक्सी-ऑटो

*कोरोना लॉकडाउन के बीच जनहित को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने आज बड़ा फैसला लिया है। 28 मई से प्रदेश के भीतर टैक्सी व ऑटो का संचालन हो सकेगा।*

### टीवी, रेडियो, गेम्स की सेंटर्स में व्यवस्था

*क्वारेंटाइन सेंटर्स में रह रहे प्रवासी मजदूरों के मनोरंजन के लिए टेलीविजन, रेडियो आदि की व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने श्रमिकों को मनोवैज्ञानिक परामर्श उपलब्ध कराने के लिए मनोवैज्ञानिकों की सेवाएं भी लेने को कहा है। मुख्यमंत्री ने गैर-सरकारी संगठनों के माध्यम से क्वारेंटाइन सेंटर्स में योग या अन्य प्रेरक गतिविधियां संचालित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने तनाव कम करने पूरे दिन की व्यवस्थित दिनचर्या तैयार कर इसका पालन सुनिश्चित करने का भी सुझाव दिया। इसके लिए तत्काल उनके राशन कॉर्ड* ■ शेष पृष्ठ 8 पर

## कोरोना अपडेट

| देश | टोटल केस | मौत |
|---|---|---|
| भारत | 157,453 | 4,522 |
| अमेरिका | 1,731,291 | 100,866 |
| ब्रिटेन | 267,240 | 37,460 |
| इटली | 230,555 | 32,955 |
| स्पेन | 283,339 | 27,117 |
| फ्रांस | 182,722 | 28,530 |
| ब्राजील | 394,507 | 24,600 |
| बेल्जियम | 57,592 | 9,364 |
| जर्मनी | 181,530 | 8,498 |
| मैक्सिको | 74,560 | 8,134 |
| ईरान | 141,591 | 7,564 |
| कनाडा | 86,939 | 6,671 |
| नीदरलैंड | 45,768 | 5,871 |
| टर्की | 158,762 | 4,397 |
| स्वीडन | 35,088 | 4,220 |
| रूस | 370,680 | 3,968 |

## शेयर बाजार

सेंसेक्स- 31605.22
निफ्टी- 9314.95
गोल्ड- 46050 (10 ग्रा.)
सिल्वर- 47460 (1 कि ग्रा.)

### मुफ्त, कम खर्च में कोरोना का इलाज करने वाले निजी अस्पतालों की पहचान करे केंद्रः सुको

**नई दिल्ली ए.।** भारत के प्रधान न्यायाधीश एस. ए. बोबडे ने बुधवार को यहां केंद्र से कहा कि वह कोविड-19 रोगियों के मुफ्त इलाज पर विचार करें और ऐसे अस्पतालों की पहचान करें, जहां कम खर्च में या मुफ्त इलाज मुहैया कराया जा सके। न्यायमूर्ति ए. एस. बोपन्ना और न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय के साथ प्रधान न्यायाधीश बोबडे की अध्यक्षता वाली पीठ एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें निजी अस्पतालों में कोरोनावायरस रोगियों के इलाज के लिए नियम बनाने की मांग की गई है। प्रधान न्यायाधीश ने केंद्र से निजी अस्पतालों की पहचान करने और यह पता लगाने के लिए कहा कि क्या वे मुफ्त में या कम लागत में उपचार प्रदान कर सकते हैं। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह एक नीतिगत मुद्दा है। उन्होंने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा, जिसके बाद अदालत ने मामले को अगले सप्ताह तक स्थगित कर दिया। सचिन जैन द्वारा दायर जनहित याचिका में यह दलील दी गई है कि निजी अस्पताल कोविड-19 रोगियों के इलाज के लिए अत्यधिक शुल्क ले रहे हैं और केंद्र ने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### 3 नए पॉजिटिव मिले, छग में अब मरीजों की संख्या 281

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ में बुधवार को कोरोना के तीन नए पॉजिटिव मरीज मिले। ये मरीज जगदलपुर, बिलासपुर व बलौदाबाजार जिले से एक-एक हैं। जबकि चार मरीजों को स्वस्थ होने के बाद डिस्चार्ज किया गया। बालोद व बलौदाबाजार के 2-2 मरीजों को स्वस्थ होने पर एम्स रायपुर से डिस्चार्ज किया गया। अब राज्य में कोरोना के कुल 281 एक्टिव केस हैं। कुल मामलों की बात करें तो यह आंकड़ा 364 हो गया है। इनमें से 83 स्वस्थ होकर अपने घर लौट चुके हैं। उल्लेखनीय है कि बीते करीब 10 दिन से कोरोना के मरीज लगातार दहाई के आंकड़े में मिल रहे थे।

### राहुल गांधी से बोले विदेश के स्वास्थ्य विशेषज्ञ

# कोरोना 2021 तक जाने वाला नहीं

- दवा बनने तक लोगों को सुरक्षित रहने की जरूरत

**नई दिल्ली (वार्ता)।** स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि महामारी के दौर में प्रवेश कर रही दुनिया से कोरोना 2021 तक जाने वाला नहीं है और लॉकडाउन सिर्फ इसका फैलाव रोकता है जिसमें धीरे-धीरे ढील देकर टेस्टिंग बढ़ाने तथा इसकी दवा बनने तक लोगों को सुरक्षित रखने की जरूरत है। विश्व विख्यात स्वास्थ्य विशेषज्ञ एवं हावर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर आशीष झा और स्वीडन में जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ प्रोफेसर जोहान गिसेके ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के कोरोना संकट को लेकर पूछे गये सवालों के जवाब में यह जानकारी दी। गांधी इससे पहले कोरोना से अर्थव्यवस्था को होने वाले नुकसान तथा भारत के इस दिशा में उठाए गये कदमों के संदर्भ में अर्थशास्त्री रघुराम राजन तथा नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अभिजीत बनर्जी से बातचीत की थी। गांधी के यह पूछने पर कि लॉकडाउन ■ शेष पृष्ठ 8 पर

## गरमा-गरम

**मौसम** — विश्व के 15 सबसे गर्म स्थानों में 10 भारत के, चुरु में दर्ज हुआ सर्वाधिक तापमान

# खूब तप रहा नवतपा, 50 डिग्री तक पहुंचा पारा

**नई दिल्ली/ए.।** देश में सूरज की तपिश और तापमान में लगातार इजाफा हो रहा है। 45 से 50 डिग्री तापमान में लोग झुलस रहे हैं। आलम यह है कि पिछले 24 घंटे में दुनिया के 15 सबसे गर्म स्थानों में 10 भारत के हैं तो पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में भी लोग गर्मी से इसी तरह बेहाल हैं।

जयपुर से महज 20 किलोमीटर उत्तर में स्थित राजस्थान के चुरु में मंगलवार को देश में सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया। यहां पारा 50 डिग्री सेल्सियस को छू गया। चुरु को थार रेगिस्तान का गेटवे कहा जाता है। पाकिस्तान का जकोबाबाद पृथ्वी पर सबसे गर्म स्थान रहा। इस लिस्ट में राजस्थान के तीन ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### 10 सालों में मंगलवार दूसरा सबसे गर्म दिन

*चुरु में मई महीने में पिछले 10 सालों का मंगलवार दूसरा सबसे गर्म दिन था। इससे पहले 19 मई 2016 को यहां पारा 50.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा था। चुरु में 22 मई से ही बहुत अधिक गर्मी है, उस दिन तापमान 46.6 डिग्री दर्ज किया गया था । राज्य में 2 और शहर कोटा और जैसलमेर में 45 डिग्री से अधिक रहा।*

| शहर/देश | तापमान (डिग्री से.) |
|---|---|
| चुरु (भारत) | 50 |
| जकोकाबाद (पाकिस्तान) | 50 |
| नवाबशाह (पाकिस्तान) | 49 |
| पद इदान (पाकिस्तान) | 49 |
| बांदा (भारत) | 48 |
| हिसार (भारत) | 48 |
| रोहरी (पाकिस्तान) | 48 |
| सिबि (पाकिस्तान) | 48 |
| नई दिल्ली/पालम (भारत) | 47.6 |
| बिकानेर (भारत) | 47.4 |
| गंगानगर (भारत) | 47 |
| झांसी (भारत) | 47 |
| पिलानी (भारत) | 46.9 |
| नागपुर सोनेगांव (भारत) | 46.9 |
| सवाई माधोपुर (भारत) | 46.6 |

### सोशल मीडिया पर आज कांग्रेस का 'स्पीक अप इंडिया' अभियान

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** कांग्रेस ने कहा है कि सरकार लॉकडाउन से पीड़ित लोगों को राहत देने की उसकी बात पर ध्यान नहीं दे रही है इसलिए पार्टी ने गुरुवार को जनता की आवाज सरकार तक पहुंचाने के लिए 'स्पीक अप इंडिया' अभियान चलाने का निर्णय लिया है जिसमें 50 लाख से ज्यादा कांग्रेस कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। कांग्रेस प्रवक्ता अजय माकन ने बुधवार को कहा कि इस अभियान के तहत कांग्रेस के कार्यकर्ता विभिन्न सोशल मीडिया माध्यमों से केंद्र तक अपनी बात पहुंचाएंगे और जनता की आवाज सुनने के लिए केंद्र से आग्रह करेंगे। यह अभियान गुरुवार 28 मई को 11 बजे शुरू होगा और दो बजे तक सोशल मीडिया पर चलेगा। उन्होंने कहा कि यह जनता की आवाज है और इस अभियान के जरिए सरकार से आग्रह किया जाएगा कि प्रवासी मजदूरों को सम्मान के साथ उनके गांव तक पहुंचाया जाए।

## सीमा पर तनाव के बीच चीन का बड़ा बयान-

# भारतीय सीमा पर हालात स्थिर और नियंत्रण में है : चीन

**बीजिंग (ए.)।** भारत और चीन के बीच लद्दाख में सीमा विवाद को लेकर तनाव कायम है। दोनों देशों के बीच सीमा विवाद को लेकर जारी गतिरोध के बीच चीन का बड़ा बयान आया है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने आधिकारिक तौर पर कहा है कि भारतीय सीमा पर हालात 'कुल मिलाकर स्थिर और नियंत्रण' में है। बता दें कि कोरोना काल में बीते कुछ दिनों से लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास कई इलाकों में भारतीय सैनिकों और चीनी सैनिकों के बीच टकराव की स्थिति है। दोनों ओर से सेना तैनात है।

### चीन बोला- हालात नियंत्रण में

चीन ने बुधवार को कहा कि भारत के साथ सीमा पर स्थिति 'कुल मिलाकर स्थिर और नियंत्रण में है' और दोनों देशों के पास बातचीत और परामर्श के माध्यम से मुद्दों को हल करने के लिए उचित तंत्र और संचार माध्यम हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता की यह टिप्पणी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारत और चीनी सैनिकों के बीच जारी गतिरोध की पृष्ठभूमि में आई है।

### चीनी विदेश मंत्रालय ने क्या कहा

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजिआन ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सीमा से संबंधित मुद्दों पर चीन का रुख स्पष्ट और सुसंगत है। उन्होंने कहा, 'हम दोनों नेताओं के बीच बनी महत्वपूर्ण सहमति और दोनों देशों के बीच हुए समझौते का सख्ती से पालन करते रहे हैं। वह चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो अनौपचारिक बैठकों के बाद उनके उन निर्देशों का जिक्र कर रहे थे, जिनमें उन्होंने दोनों देशों की सेनाओं को परस्पर विश्वास पैदा करने के और कदम उठाने के लिए कहा था।

### गतिरोध से पीछे नहीं हटेगा

इधर, भारत ने पूर्वी लद्दाख के तनाव वाले इलाके में चीन के साथ गतिरोध से अब पीछे न होने का फैसला कर लिया है। काराकोरम दर्रा और इस क्षेत्र में तैनात चीनी सैनिकों का मुकाबला करने के लिए भारत ने सैनिकों को तैनात कर दिया है। यह जानकारी इस मामले से परिचित लोगों ने नाम न जाहिर होने की शर्त पर दी। बता दें कि बीते दिनों चीन ने यहां वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) का उल्लंघन किया था और भारतीय सैनिकों से झड़प की थी।

### भारत ने कस ली है कमर

सूत्रों की मानें तो भारत ने यह फैसला भारतीय क्षेत्र में किसी भी तरह की चीनी घुसपैठ और भारतीय इलाके में स्थिति परिवर्तन की कोशिशों को नाकाम करने के उद्देश्य से लिया है। मजबूती और संयम के साथ चीनी चुनौती का सामना करने के लिए ही भारत ने भी अपनी सेना की संख्या बढ़ा दी है।

## शिवराज सरकार तो एक 'इंटरवल' है, अभी तो 'पिक्चर' बाकी है: कमलनाथ

**छिंदवाड़ा।** मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने के लिए ज्योतिरादित्य सिंधिया खेमे के 22 विधायकों ने इस्तीफा दिया। दो विधानसभा सीट पहले से ही खाली थे। यानी कुल 24 सीटों पर उपचुनाव होने हैं। कांग्रेस विधायकों के इस्तीफे के बाद राज्य की सत्ता गवाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आज यानी बुधवार को कहा कि वर्तमान सरकार तो एक 'इंटरवल' के समान है, 'पिक्चर' तो अभी बाकी है।

### अभी विधानसभा उपचुनाव बाकी है

कमलनाथ ने छिंदवाड़ा में मीडिया के सवालों के जवाब में यह टिप्पणी की। अपने गृह नगर में पूर्व मुख्यमंत्री ने अन्य सवालों के जवाब में दावा करते हुए कहा कि राज्य में आगामी समय में होने वाले 24 विधानसभा उपचुनावों में कांग्रेस कम से कम 22 सीटों पर विजय हासिल करेगी। एक अन्य सवाल के जवाब में कमलनाथ ने कहा कि छिंदवाड़ा जिले के विकास कार्यों के लिए जो निविदाएं हुई हैं, उनकी सरकार जांच करा ले, हमें कोई एतराज नहीं है। राज्य में कोरोना को लेकर मौजूदा हालातों के बारे में उन्होंने कहा कि हमने सरकार में रहते हुए इससे लड़ने के लिए आवश्यक कदम उठाए थे। उस समय भाजपा नेता ही इसे हल्के में ले रहे थे। कांग्रेस के 22 विधायकों के त्यागपत्र देने के बाद भाजपा में शामिल होने पर तंज कसते हुए कमलनाथ ने कहा, ''आज मतदाता इन 22 सीटों में समझ रहा है कि किस प्रकार का धोखा उनके साथ हुआ। किस प्रकार कांग्रेस के 22 विधायक लालच से (भाजपा में) गए।'' उन्होंने इन उपचुनावों के बाद मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार का गिरने का दावा करते हुए कहा, ''जीतना तो छोड़िए, इनको उपचुनाव में मुंहतोड़ जवाब मिलेगा।

# कोरोना योद्धाओं के लिए क्वारंटाइन की अनिवार्यता क्यों खत्म की?

## केंद्र सरकार से सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब

**नई दिल्ली (ए.)।** कोरोना संकट के बीच सुप्रीम कोर्ट ने कोविड-19 के खिलाफ जंग में पहली कतार के स्वास्थ्यकर्मियों के लिए 14 दिन के क्वारंटाइन की अनिवार्यता खत्म करने संबंधी नई व्यवस्था पर केन्द्र से जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति अशोक भूषण, न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति एम आर शाह की पीठ ने डॉक्टर आरूषि जैन द्वारा अपनी लंबित याचिका में दाखिल अर्जी पर वीडियो कांफ्रेन्सिग के माध्यम से सुनवाई के दौरान केन्द्र की ओर से पेश सालिसिटर जनरल तुषार मेहता को अगले सप्ताह तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

### क्वारंटाइन समाप्त करने पर सवाल उठाया

डॉक्टर आरूषि ने अपनी अर्जी में केन्द्र की नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) में कोविड-19 की पहली कतार के स्वास्थ्यकर्मियों के लिए 14 दिन का अनिवार्य पृथकवास (क्वारंटाइन) समाप्त करने पर सवाल उठाया है। पीठ ने अपने आदेश में कहा, 'अतिरिक्त दस्तावेज दाखिल करने की अनुमति दी जाती है। सालिसीटर जनरल के अनुरोध पर इस मामले को अगले सप्ताह सूचीबद्ध किया जाए ताकि वह इस संबंध में रिपोर्ट दाखिल कर सकें।

अधिवक्ता मिट्ठू जैन और अर्जुन स्याल के माध्यम से दाखिल हलफनामे में कहा गया है कि केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक ने 15 मई को अस्पताल के कोविड-19 और गैर कोविड-19 क्षेत्र में काम कर रहे स्वास्थ्यकर्मियों के प्रबंधन के बारे में परामर्श जारी किया है। इसमें स्वास्थ्यकर्मियों के लिये एहतियाती उपायों, एकांतवास और पृथकवास के बारे में प्रावधान किया गया है।

### 14 दिन का अनिवार्य पृथकवास खत्म कर दिया

हलफनामे में कहा गया है कि इस परामर्श के अनुसार, कोविड-19 के दौरान तैनात स्वास्थ्यकर्मियों के लिए सलाह दी गई है। इस परामर्श में सभी स्वास्थ्य कर्मियों के लिए 14 दिन का अनिवार्य पृथकवास खत्म कर दिया गया है। इसमें कहा गया है कि केन्द्र के इस परामर्श के बाद कर्नाटक सरकार ने 16 मई को एक सर्कुलर जारी किया जिसके अनुसार स्वास्थ्यकर्मी हमेशा पूरे पीपीई का इस्तेमाल करते हैं और जिनमें इसके लक्षण नहीं हैं उन्हें पृथकवास करने की आवश्यकता नहीं है।

### शीर्ष अदालत ने 15 मई को केन्द्र से कहा था

शीर्ष अदालत ने 15 मई को केन्द्र से कहा था कि कोरोना वायरस महामारी से प्रभावित मरीजों का उपचार कर रहे चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों के अस्पताल के आसपास ही आवासों में पृथकवास के बारे में किये गये उपायों से उसे अवगत कराया जाये। आरूषि जैन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा था कि सरकारी अस्पतालों में सात से 14 दिन की ड्यूटी पूरी करने वाले रेजीडेन्ट चिकित्सकों के लिए पृथकवास की व्यवस्था की अपेक्षा की जाती है।

## भारत-नेपाल सीमा विवाद

# नेपाल ने नक्शे के संवैधानिक संशोधन का फैसला रोका

- नेपाल में नए नक्शे का संवैधानिक संशोधन लटका भारत के साथ क्षेत्रों को लेकर चल रहा है टकराव
- नेपाल ने कुछ दिन पहले जारी किया था नया नक्शा
- लिपुलेख, लिंपियाधुरा, कालापानी को अपना बताया

**काठमांडू (ए.)।** भारत और नेपाल की बीच जारी सीमा विवाद को लेकर तल्खी बढ़ती जा रही है। इस बीच नेपाल की संसद में बुधवार को देश के नक्शे में बदलाव के लिए संवैधानिक संशोधन किया जाना था। हालांकि, इस पर कोई चर्चा तो दूर, इसे सदन के अजेंडे से ही बाहर कर दिया गया। हाल ही में नेपाल ने एक नया नक्शा जारी कर भारत के क्षेत्र को अपने क्षेत्र के तौर पर दर्शाया था। जब तक संवैधानिक तौर पर इस नए नक्शे को मान्यता नहीं मिल जाती, इससे वैध नहीं माना जा सकता है।

### पार्टियों से की थी अपील

इससे पहले खबर थी की दोपहर को 2 बजे कानून मंत्री शिवमाया तुमबहाम्फे इस प्रस्ताव को पेश करेंगे। इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि क्यों इसे पेश नहीं किया गया। हालांकि, काठमांडू पोस्ट के मुताबिक कृष्ण प्रसाद सितौला ने बताया है कि केंद्रीय कार्य समिति संशोधन पर फैसला करेगी। फिलहाल के लिए इसे रोक दिया गया है। संशोधन को पारित कराने के लिए दो-तिहाई बहुमत की जरूरत होती है। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने मंगलवार को एक सर्वदलीय बैठक बुलाकर इसे सर्वसम्मति से पारित करने की अपील की थी।

### बाकी पार्टियां नहीं खुश

जानकारी के मुताबिक मधेष आधारित पार्टियों के नेताओं ने सरकार पर दबाव बनाया है कि इस संशोधन के अलावा उनकी मागों को भी शामिल किया जाए। जनता समाजवादी पार्टी के एक नेता का कहना है कि उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया है। पीएम ओली इसे देश की लोगों की भावनाओं से जुड़ा मुद्दा बताते रहे हैं। नेपाल की सत्ताधारी कम्यूनिस्ट पार्टी के पास राष्ट्रीय असेंबली में दो-तिहाई बहुमत है लेकिन उसे संविधान में संशोधन के लिए निचले सदन का भी समर्थन चाहिए जहां उसके पास 10 सीटों की कमी है।

### जारी किया था नक्शा

सरकार ने संसद में 22 मई को संशोधन के लिए प्रस्ताव दिया था। कालापानी, लिपुलेख और लिम्पियाधुरा को अपनी क्षेत्रों के तौर पर दिखाते हुए 18 मई को एक नक्शा जारी किया गया था। दरअसल, कुछ दिन पहले भारत ने लिपुलेख के रास्ते मानसरोवर के लिए एक लिंक रोड का निर्माण किया था जिसके बाद से नेपाल नाराज चल रहा है और लगातार भारत के साथ सीमा के मुद्दे को उठा रहा है।

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202005100400334

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मुकेश कुमार सिंह आ श्री राजकिशोर सिंह निवासी - उमरपोटी द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम- उपरपोटी प.ह.न 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 204/2 रकबा 0.0110 हें 1280 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डावर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26/05/2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202005100400260

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती चित्ररेखा बंछोर पति श्री विनय कुमार बंछोर निवासी मरोदा सेक्टर भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 374/2,375/2 रकबा 0.020 हें 2400 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डावर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21/05/2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202005100400261

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती चित्ररेखा बंछोर पति श्री श्री विनय कुमार बंछोर निवासी -मरोदा सेक्टर भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम- उपरपोटी प.ह.न 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 220/17 रकबा 0.017 हें 1800 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डावर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21/05/2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202005100400301

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती संगीता साहू पति रौशन लाल साहू निवासी शांति नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.न. 07 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 360/72 रकबा 0.719 हें/ 12160 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202005100400363

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती हेमिन बाई साहू पति श्री तुलसीराम साहू निवासी आजाद चौक कसारीडीह दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 245/23, 246/26 रकबा 0.018 हें/ 1680 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202005100400277

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री रौशन लाल साहू आ. बुलचुराम साहू निवासी शांति नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.न. 17/7 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 360/71 रकबा 0.113 हें/ 12160 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202005100400362

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती हेमिन बाई साहू पति श्री तुलसीराम साहू निवासी आजाद चौक कसारीडीह दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 47/6 रकबा 0.016 हें/ 1787.5 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202005100400379

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री दुर्गा माधव पाढ़ी आ. स्व. श्री गणेशचंद्र पाढ़ी निवासी धनोरा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1024/13 रकबा 0.022 हें/ 2400 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202005100400096

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती चन्द्रवती देवी पति श्री देवनारायण महतो निवासी पद्मनाभपुर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 277/85 रकबा 0.0180 हें/ 2000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202005100400251

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती चंचला बाई पति श्री बिसाहू राम मिश्रा निवासी रायपुर नाका दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम कातुलबोर्ड प.ह.न. 20 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 29/5 रकबा 0.0140 हें/ 1500 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

ऑनलाईन पं. 202005100400321

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक श्री संतोष कुमार वर्मा आ. शांतिलाल वर्मा निवासी सेलूद द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम उतई प.ह.न 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 804/9 रकबा 0.016 हें अर्थात 1751 वर्गफुट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु डावर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202005100400259

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री आर.एस. कुरुप आ. श्री राघवन पिल्लई निवासी शक्ति विहार रिसाली द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 9/4 रकबा 0.020 हें/ 2400 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202005100400377

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती भारती साहू पति श्री निकेश कुमार साहू निवासी आदर्श नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 52/22 रकबा 0.009 हें/ 1020 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202005100400373

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती ज्योति क्षत्रिय पति श्री हिरेन्द्र कुमार क्षत्रिय निवासी सेक्टर 07 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 52/24 रकबा 0.009 हें/ 1020 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202005100400374

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक मेसर्स ए.बी.ग्रुप पार्टनर निकेश कुमार साहू आ. श्री एम.आर. साहू निवासी आदर्श नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 52/23 रकबा 0.009 हें/1020 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202005100400376

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक निकेश कुमार साहू आ. श्री एम.आर. साहू निवासी आदर्श नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 52/21 रकबा 0.009 हें/1020 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

## न्यूज गैलरी

### सुरेश शुक्ला रायपुर जिला स्काउट्स गाइड्स के मुख्य आयुक्त नियुक्त

**रायपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने जिला संघ रायपुर में जिला स्काउट्स गाइड्स के मुख्य आयुक्त पद पर सुरेश शुक्ला को नियुक्त किया है। जारी नियुक्ति आदेश के मुताबिक वर्तमान पद पर जिला संघ का कार्यकाल 2020 से 2025 तक होगा। गौरतलब है कि सुरेश शुक्ला स्काउट गाइड फेलोशिप छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं।

### खमतराई रेलवे फाटक 29 से 31 तक रहेगा बंद

**रायपुर।** रायपुर रेल मंडल के उरकुरा-रायपुर अप लाईन स्टेशनों के मध्य स्थित समपार फाटक क्रमांक 417 (अप लाइन) उरकुरा-रायपुर रेल खंड, डब्ल्यु आर एस रोड-खमतराई अप लाईन में स्थित है। उक्त फाटक पर रेलवे ट्रैक की मरम्मत का कार्य दिनांक 29 मई को रात 10:00 बजे से दिनांक 31 मई को शाम 06:00 बजे तक समपार फाटक से वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। समपार फाटक की मरम्मत करना रेल यातायात व यात्रियों की संरक्षा की दृष्टि से अति आवश्यक हैं।

### 23 व्यवसायियों पर 2050 रु. जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम रायपुर के अंतगर्त जोन क्रमांक एक एवं जोन क्रमांक आठ, नगर निवेश विभाग की टीम ने बिना मास्क गाएं और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं करने वाले 23 व्यवसायों पर 2 हजार 50 रूपए का जुर्माना किया है। उल्लेखनीय है कि जोन स्तर पर कोरोना वायरस संक्रमण से लोगों की स्वास्थ्य रक्षा के लिए मास्क नहीं पहनने और सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन नहीं करने वाले व्यवसायियों पर अभियान चलाकर कार्यवाही किया जा रहा है। जोन एक के कमिश्नर दिनेश कोसरिया के नेतृत्व में जोन नगर निवेश के उपअभियंता अक्षय भारद्वाज द्वारा गुढियारी के पहाडी चौक में 10 व्यवसायियों पर दुकान में बिना मास्क पहने तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं करते हुए व्यवसायरत पाए जाने पर प्रत्येक व्यवसायी के उपर पर 100 रूपए. का जुर्माना करते हुए उन्हें भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी दी गई। इसी प्रकार जोन क्रमांक 8 के कमिश्नर प्रवीण सिंह गहलोत के नेतृत्व में नगर निवेश उपअभियंता अमित सरकार ने मोहबाबाजार क्षेत्र में 13 व्यवसायियों को बिना मास्क लगाये व्यवसायरत पाये जाने पर कुल 1050 रूपए का जुर्माना किया।

### डीजीपी के निर्देश के बाद वीआईपी तैनाती का सेफ्टी ऑडिट चेकिंग

# फॉलो गार्ड, फिटनेस, उपस्थिति संख्या और टाइमिंग जांचेंगे

- **चूक हुई तो जिला पुलिस बल के कप्तान होंगे जिम्मेदार**
- **सांसद, मंत्री, एमएलए और वीआईपी की बनीं फेहरिस्त**

*नवप्रदेश संवाददाता*

**रायपुर।** सूबे के सभी सियासतदानों और बेहद खास लोगों की सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी तरह की चूक न हो इसके लिए निर्देशित किया गया है। पुलिस महानिदेशक दुर्गेश माधव अवस्थी ने सभी जिलों के पुलिस कप्तानों(पुलिस अधीक्षकों)को वीआईपी सुरक्षा में उपलब्ध हर तैनाती की जांच रिपोर्ट निगरानी में रखने की हिदायत दी है। खासकर नक्सल प्रभावित जिलों में वीआईपी मूवमेंट से लेकर सांसद, मंत्री, विधायकों की सुरक्षा तैनाती पर किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाए यह सुनिश्चित करने को कहा है। इस सुरक्षा जांच में काफिले के वाहन चालकों, वाहनों, तैनाती बल संख्या से लेकर उनकी उपस्थिति समय तक को चेक करने व ऑडिट करने का आदेश दिया है।

सभी सांसदों, मंत्रियों, विधायकों और अन्य विशिष्ट व्यक्तियों की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से विशिष्ट व्यक्तियों को सुरक्षा श्रेणी प्रदान की गई है। सुरक्षा श्रेणी के अनुरूप अंगरक्षक और सुरक्षा अधिकारी लगाए गए हैं। सुरक्षा को लेकर डीजीपी डीएम अवस्थी ने विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करके निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी जिलों के एसपी को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करते हुए प्रदेश के सभी सांसदों, मंत्रियों, विधायकों और अन्य विशिष्ट

व्यक्तियों की सुरक्षा व्यवस्था का ऑडिट करने को कहा है ताकि सुरक्षा श्रेणी में जिन पीएसओ की ड्यूटी लगाई है, वे अपने कर्तव्य पर नियमित रूप से उपस्थित हो रहे है या नहीं, इसका पता चले।

साथ तैनाती बलों के अनुशासन, सजगता और उनकी कार्यक्षमता सुरक्षा मापदण्डों के अनुरूप है अथवा नहीं, इसका ऑडिट हो सके. डीजीपी ने कहा कि विशिष्ट व्यक्तियों के निवास और उनके प्रवास कार्यक्रमों पर संबंधित पुलिस अधीक्षक उनकी सुरक्षा के लिए पूर्ण रूप से जिम्मेदार होंगे। डीजीपी ने इसके अलावा विशिष्ट व्यक्तियों को जो वाहन उपलब्ध कराए गए हैं, उन वाहनों का रख-रखाव तथा चालक और फॉलो गार्ड में लगाए गए बल के फिटनेस का भौतिक रूप से सुरक्षा ऑडिट के निर्देश भी दिए हैं।

### निर्देश में सीएम के दौरे के लिए खास हिदायत

*जारी निर्देश में उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री के प्रत्येक भ्रमण में न केवल पर्याप्त रूप से पुख्ता सुरक्षा रखी जाए, बल्कि सुरक्षा के प्रभावी प्रयास भी किया जाए और जिले में भ्रमण के दौरान सभी गणमान्य व्यक्तियों के पर्याप्त सुरक्षा प्रबंध किया जाए. साथ ही निर्देश में कहा गया है कि विशिष्टि व्यक्तियों के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में खासकर बस्तर संभाग, राजनांदगांव और कवर्धा प्रवास के दौरान अतिरिक्त रूप से सुरक्षा व्यवस्था लगाई जाए। अगर विशिष्टि व्यक्तियों को आवागमन सड़क मार्ग से हो, तो रोड ओपनिंग पार्टी और एंटी सेबोटेज टीम द्वारा नियमित रूप से जांच करा लिया जाए. विशिष्ट व्यक्तियों के कार्यक्रम स्थल एवं विश्राम गृह में भी पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था लगाई जाए. यह ध्यान रखें कि किसी भी स्थिति में सुरक्षा बल अपर्याप्त नहीं हो, बल्कि परिस्थिति अनुसार निर्धारित मापदण्ड से अधिक बल की व्यवस्था रखी जाए. अगर विशिष्ट व्यक्ति रात्रि विश्राम करते हैं, तो जिम्मेदार अधिकारी के साथ कड़े सुरक्षा प्रबंध किए जाए।*

# कोरोना सियासत- भाजपा लगा रही लारपवाही की तोहमत

- **प्रदेश में संदिग्ध मौतों, कोरंटाइन सेंटर और पंचायत की राशि पर पूछे 10 सवाल**

*नवप्रदेश संवाददाता*

**रायपुर।** वैश्विक महामारी अब मौके के सात सियासी तोहमत में भी तब्दील हो गई है। प्रदेश भाजपा ने कोरोना संकट पर गंभीर चूक, लापरवाही और संदिग्ध मौतों के अलावा पंचायतों को कोरोना से लड़ने के लिए दी गई राज्य सरकार व्दारा राशि पर दस सवाल दागे हैं। कोरोना संकट के समय प्रदेश सरकार द्वारा की जा रही लापरवाही और हल्की राजनीति पर कांग्रेस सरकार से दस सवाल के जरिए सियासी हमला बोला है। इसके लिए पार्टी ने एक हैशटेग पूछता है छत्तीसगढ़ जारी किया है। इसमें प्रदेश में हो रही संदिग्ध मौत, कोरंटाइन सेंटर में मौत और पंचायतों को राशि जारी नहीं करने पर सवाल के साथ ही साथ कई तरह के जवाब सरकार से मांगे गए हैं।

पहले सवाल में प्रदेश में हो रही कोरोना संदिग्ध मौतों पर सरकार मौन क्यों? कोरोना के संपूर्ण लक्षण पाए जाने के बाद बिलासपुर मस्तूरी के मोहनलाल की बिलासपुर सिम्स में 22 मई को मौत। वे पुणे से लौटे थे। 18 मई को सिम्स बिलासपुर में भर्ती हुई पाली से आई महिला अंटीला बाई की 21 मई को मौत। दुर्ग झीट के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मेडिकल लैब में सैंपल कलेक्शन करने वाले दयाराम साहू की मौत। क्वारेंटाइन सेंटर्स क्यों मौत के केंद्र बनते जा रहे जैसे सवाल खास हैं। इसी तरह मुंगेली सिटी कोतवाली अंतर्गत छीतापुर क्वारेंटाइन सेंटर में मौत,जिला रायगढ के सारंगढ अमलिपाली में अर्जुन निषाद ने फांसी लगायी, मुंगेली के ग्राम किरना क्वारेंटाइन सेंटर में योगेश वर्मा 31 वर्ष की साँप काटने से मौत और बालोद जिले के ग्राम परसवानी थाना अर्जुनदा क्वारेंटाइन सेंटर में 29 वर्षीय सूरज यादव की आत्महत्या मामले पर प्रश्न किया गया है।

इसी तरह लोरमी फुलझर निवासी 32 वर्षीय लखाराम साहू ने क्वारेंटाइन सेंटर के भय से आत्महत्या कर ली, सीताकासा क्वारेंटाइन सेंटर राजनंदगांव 28 वर्षीय बुधारु राम की साप काटने से मौत, सेमरिया क्वारेंटाइन सेंटर बेमेतरा में 35 वर्षीय राजू ध्रुव की मौत.समेत मुलमुला जांजगीर क्वारेंटाइन सेंटर में मजदूर बीरबल माहेश्वरी की मौत तथा ग्राम पंचायत कोकपुर क्वारेंटाइन सेंटर में 26 वर्षीया खेमू और 28 वर्षीय तिलकराम साहू की मौत पर शासन की व्यवस्था को जिम्मेदार ठहराने की कोशिश की है।

क्वारेंटाइन सेंटर्स से लोग भाग क्यों रहे हैं जैसे प्रश्न के जरिए भाजपा ने बम्हनीडीह चाम्पा कन्या छात्रावास से लोग भागे, मुंगेली जिला से 22 मजदूर भागे, बहतराई बिलासपुर सेंटर से लोग भागे, जशपुर नगर जिले से लोग भागे, केरा रोड जांजगीर से लोग भागे, दंतेवाडा से 23 श्रमिकों के भागने पर बदइंतजामी को खास वजह बताया है। यही नहीं क्वारेंटाइन सेंटर्स को संचालित कर रही पंचायतों को पैसों का आबंटन क्यों नही किया गया और पैसे के अभाव में पंचायतें परेशान, राज्य सरकार नही कर रही मदद राज्य सरकार बताये पंचायतो को सेंटर चलाने अब तक कितने पैसे दिए है पूछा है। बीजेपी का कहना है कि पंचायते केंद्र सरकार द्वारा जारी वित्त आयोग के पैसे का कर रही है इस्तेमाल।

रैपिड टेस्ट के माध्यम से मजदूरों की तुंरत जाँच क्यों नहीं? क्वारेंटाइन व्यक्ति पास बनवाकर पश्चिम बंगाल जाकर आया कोई रोक क्यों नहीं सका? प्रदेश के सब्जी बाजारों, शराब दुकानों पर आप सामाजिक दुरी के नियम का पालन क्यों नहीं करवा पा रहे? कोरोना जांच के लिए लिए सैंपल कूड़ेदान में क्यों फेके जा रहे हैं? रद्दी के पपेर में मजदूरों के साथ अमानवीय व्यवहार क्यों? क्वारेंटाइन सेंटर्स मजदूरों को ठूसा क्यों जा रहा? भाजपा का आरोप है कि संक्रमित मरीजों के आने के बाद भी सभी को एक ही कमरे में 20-20 मजदूरों को रखा गया है। ऐसे में हजारों सेंटरों के होने का दावा सरकार क्यों कर रही है।

## छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री सहायता कोष में 56 करोड़ 4 लाख 38 हजार 815 रुपए जमा हुये

**अभी तक छत्तीसगढ़ में कोरोना से लड़ने के लिये 24 करोड़ 50 लाख की राशि जारी की गई**

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि देश की 90 प्रतिशत जनता कोरोना आपदा के चलते आर्थिक रूप से प्रभावित है मजदूर वर्ग गरीब और किसान छोटे और मध्यम व्यापारी शहरी मध्यमवर्ग और नौकरी पेशा लोग भी अपने आप को असहाय महसूस करने लगे हैं लेकिन मोदी सरकार की प्राथमिकता केवल चंद पूंजीपतियों को वित्तीय सहायता देने की है। छत्तीसगढ़ के भारतीय जनता पार्टी के नेता भी छत्तीसगढ़ की जनता की मदद करने के बजाय पीएम केयर फंड में पैसा डलवाने का काम कर रहे हैं। सवाल यह है कि कोराना लॉकडाउन और मोदी सरकार के कुप्रबंधन के परिणामस्वरूप आज संसाधन

विहीन हो चुकी जनता को मदद की जरूरत है या प्रधानमंत्री मोदी के चंद चहेते उद्योगपतियों को?

श्री त्रिवेदी ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार ने आपदा काल में वित्तीय समस्याओं से जूझ रहे प्रदेश के 19 लाख किसानों को 2100 रूपये प्रति क्विंटल और समर्थन मूल्य के अंतर की राशि 5 हजार 700 करोड़ राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से देने का फैसला लिया है। विगत 21 मई को इस योजना की प्रथम किस्त के रूप में 1500 करोड़ प्रदेश के 19 लाख किसानों के खाते में भेजा जा चुका है और बाकी की राशि भी आगामी समय 3 किस्तों में किसानों के खाते में जमा कराई जायेगी। 1500 करोड़ रू. की राशि से छत्तीसगढ़ के व्यापार व्यवसाय में फर्क दिखने लगा है।

श्री त्रिवेदी ने पूछा है कि मोदी सरकार के 20 लाख करोड़ के कोरोना पैकेज में से आम आदमी को, गरीब, मध्यम वर्ग, किसान मजदूर, निजी नौकरी करने वालों, ठेलेवालों, खोमचे वालों छोटे दुकानदारों को रोज कमाने खाने वालों कितना मिला भाजपा नेता यह बताएं ? गरीबों मध्यम वर्गो के लिये मोदी सरकार के पास कर्ज की घोषणाओं के अलावा कुछ और नहीं है। 20 लाख करोड़ में लुहार, सोनार, बढ़ई, ठेला रिक्शा चलाने वालों, निजी नौकरी करने वालों को, छोटे दुकानदारों को, सब्जी वालों, फूलवालों, छोटी-छोटी चाय दुकान नाश्ता ठेला-होटल चलाने वालों को अब तक कुछ नहीं मिला है। न इनको कुछ देने की भाजपा सरकार की नीयत है।

## राज्यपाल ने किया छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज की वेबसाइट का लोकार्पण

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने आज यहां राजभवन में छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के वेबसाइट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर समाज के प्रतिनिधिमण्डल ने राज्यपाल को समाज की पत्रिका 'छत्तीसगढ़ी संगठन युग' भेंट की। राज्यपाल ने पत्रिका का वार्षिक विशेषांक 'मंगल माधुरी' का विमोचन भी किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज अपनी दानशीलता के कारण जाना जाता रहा है। वे सदैव आगे आकर दीन दुखियों की सेवा करते हैं। छत्तीसगढ़ में चिकित्सालय, शिक्षण संस्थाओं के लिए समाज ने आगे बढ़कर दान दिया है, इन संस्थानों के माध्यम से कई लोगों की सेवा हो रही है। इस वेबसाइट का निर्माण सराहनीय कार्य है। इसके माध्यम से अधिक से अधिक लोग छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के कार्यों के बारे में जान सकेंगे। छत्तीसगढ़ी

अग्रवाल समाज रायपुर के अध्यक्ष अनुराग अग्रवाल ने बताया कि लॉकडाउन के दौरान समाज द्वारा 73 टन सब्जी और सुखा राशन, मास्क का वितरण किया गया। इसके साथ ही समाज मे विवाह में दहेज प्रथा पर प्रतिबंध भी लगाया गया है। समाज के द्वारा दान की गई भूमि पर दाउ कल्याण सिंह सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल, एम्स और तेलीबांधा तालाब जैसे संस्थाओं का निर्माण हुआ है।

## बीएड-एमएड प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ : 30 जून तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

**रायपुर।** बीएड और एमएड में प्रवेश के इच्छुक आवेदक 30 जून तक ऑनलाइन के माध्यम से अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। बीएड औरर एमएड के लिए प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग ई एवं स्कूल शिक्षा विभाग टी संवर्ग के जिला शिक्षा अधिकारी,पंचायत विकास विभाग,नगरीय नियोजन विभाग से प्राचार्य, व्याख्याता, प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक,शिक्षक, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला,सहायक शिक्षक एवं पंचायत विभाग के व्याख्याता पंचायत एवं शिक्षक पंचायत एवं सहायक शिक्षक पंचायत अपने आवेदन को यथास्थिति संबंधित महाविद्यालय में 10 जुलाई तक जमा करेंगे। इसके लिए तीनों विभाग के अभ्यर्थी एम.एड.,बी.एड. प्रशिक्षण हेतु एस.सी.ई.आर.टी. के वेबसाइट में निर्धारित प्रारूप में 30 जून तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। इस भरे हुए आवेदन का प्रिंट आऊट प्राप्त कर आवेदन को हार्डकॉपी में आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने प्राचार्य से अग्रेषित कराकर 10 जुलाई 2020 तक अपने संबंधित महाविद्यालय में जमा करेंगे।

## पं. नेहरू को राजीव भवन में श्रद्धांजलि अर्पित की गयी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय राजीव भवन रायपुर में आज 27 मई 2020 बुधवार को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर उनके जीवनी और देशहित में किये गये कार्यो का पुण्य स्मरण करते हुये श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व विधायक सत्यनारायण शर्मा, प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष गिरीश देवांगन, कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री संगठन चंद्रशेखर शुक्ला, वरिष्ठ

कांग्रेस नेता राजेन्द्र तिवारी, पूर्व विधायक रमेश वर्ल्यानी,प्रवक्ता सुरेन्द्र वर्मा, कांग्रेस संचार विभाग के अजय गंगवानी, मदन तालेड़ा, सुंदर लाल जोगी, रियाज अहमद उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ असंगठित कामगार कांग्रेस ने मुख्यमंत्री सहायता कोष में दिया 11 हजार रुपये का अंशदान

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से बुधवार को उनके निवास कार्यालय में टेडेसरा राजनांदगांव से आये छत्तीसगढ़ असंगठित कामगार कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात कर उन्हें मुख्यमंत्री सहायता कोष के लिए 11 हजार रुपए का चेक सौंपा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कोरोना महामारी की इस घड़ी में छत्तीसगढ़ असंगठित कामगार कांग्रेस के इस सहयोग की सराहना की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ असंगठित कामगार कांग्रेस की प्रदेश संयोजक श्रीमती संगीता गजभिये सहित नीतीश कश्यप और हेमन्त साहू उपस्थित थे।

**समीक्षा** सरगुजा संभाग के राजस्व अधिकारियों की बैठक वीडियों कॉन्फ्रेसिंग से ली

# सभी राजस्व प्रकरणों का ई-कोर्ट में हो पंजीयन : जयसिंह

*नव प्रदेश संवाददाता*

**रायपुर।** प्रदेश के राजस्व, आपदा प्रबंधन एवं वाणिज्यिक कर (पंजीयन) मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने सरगुजा सम्भाग के राजस्व अधिकारियों की बैठक वीडियों कॉन्फ्रेसिंग के जरिए ली। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को सभी राजस्व प्रकरणों का ई-कोर्ट में अनिवार्य रूप से पंजीयन करने के निर्देश दिए है। बैठक में राजस्व विभाग की सचिव सुश्री रीता शांडिल्य आयुक्त, भूअभिलेख, सरगुजा संभागायुक्त सहित सरगुजा, सूरजपुर, जशपुर, बलरामपुर और कोरिया जिले के कलेक्टर शामिल हुए।

राजस्व मंत्री ने अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों में मुआवजा, बटांकन, सीमांकन, भूअभिलेखों का अद्यतीकरण, ऑनलाईन पंजीयन, ई-कोर्ट के क्रियान्वयन, नगरीय क्षेत्रों मे भूमि बंटन, तहसील स्तर पर मार्डन रिकार्ड रूम, विवादित और अविवादित नामांतरण, बटवारा सहित अन्य

राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। श्री अग्रवाल ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत् दर्ज प्रकरणों को निर्धारित समय सीमा में कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। राजस्व मंत्री ने पिछले दिनों हुई ओलावृष्टि और बेमौसम बारीश से क्षति एवं प्रभावितों को सहायता के संबंध में की गई कार्यवाही की भी समीक्षा की। उन्होंने खरीफएवं रबी फसलों के गिरदावरी कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए है। भू-अभिलेखों में भू-स्वामियों के डिजिटल हस्ताक्षर से सत्यापित कराने के निर्देश दिए हैं, इसी तरह से पंजीयन कार्यालय से प्राप्त सूचना के आधार पर नामान्तरण पंजी में दर्ज कर नामान्तरण की कार्यवाही समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए है। अविवादित नामान्तरण प्रकरणों में पंजीयन कार्यालय से प्राप्त सूचना की तिथि से 45 दिवस के भीतर अभिलेख दुरुस्त अनिवार्य रूप से किया जाए, जिससे किसानों को रिकार्ड दुरूस्ती के लिए अनावश्यक रूप से भटकना न पड़े। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण करने में कोई समस्या आ रही है तो राजस्व सचिव के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशों के अनुसार शीघ्रता से निपटाए। राजस्व मंत्री ने बैठक में कहा कि नगरीय निकाय चुनाव, पंचायत चुनाव के बाद वैश्विक महामारी कोरोना के चलते राजस्व विभाग का अमला संक्रमण के फैलाव की रोकथाम नियंत्रण और बचाव कार्य में मुस्तैदी से सहयोग कर रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस महामारी से हम जल्द ही मुक्त होंगे, राजस्व मंत्री ने राजस्व अधिकारियों को संकट की इस घड़ी में और सक्रियता और सजगता से कार्य करने और आपदा प्रबंधन के कार्य को बेहतर से बेहतर करने के निर्देश दिए है।

## सुकमा जिले के कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने दी दो लाख की सहायता राशि

आज पं. जवावहर लाल नेहरू पुण्यतिथी के अवसर पर सुकमा जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की तरफसे दो लाख रू. की राशि प्रदेश कांग्रेस कमेटी में कोरोना पीड़ितों की मदद के लिये जमा की गयी। यह राशि प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष गिरीश देवांगन ने प्राप्त की और सूदूर सुकमा जिले के कांग्रेसजनों की इस मानवतापूर्ण कार्य के लिये सराहना की।

सुकमा जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश्वरी बघेल ने दो लाख रूपयें का नगद राशि का सदुपयोग अन्य राज्यों में फंसे छत्तीसगढ़ के प्रवासी श्रमिको को छत्तीसगढ़ लाने हेतु दिया है। यह नगद राशि सुकमा जिला कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता एवं विधायक कोंटा के सहयोग से प्रदान की गयी है। इसमें विधायक कवासी लखमा, सुकमा जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश लखमा, सुकमा जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश्वरी बघेल, सुकमा जिला पंचायत उपाध्यक्ष बोड्डु राजा, कोंटा जनपद पंचायत अध्यक्ष सुन्नम नागेश, कोंटा नगर पंचायत उपाध्यक्ष जाकिर हुसैन, सुकमा नगर पालिका अध्यक्ष राजू साहू, कोंटा जनपद पंचायत उपाध्यक्ष माडवी देवा, सुकमा नगर कांग्रेस अध्यक्ष शेख सज्जार, सुकमा ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष पोटला भोजइया, दोरनापाल ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिंह चौहान, कोंटा ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सुधीर पांडे, छिंदगढ़ ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष पदामी कोसा, तोंगपाल ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष किरपोस्टा सामुयल, जगरगुंडा ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भोला शंकर शुक्ला, वरिष्ठ कांग्रेसी भरत राम बघेल, छिंदगढ़ जनपद पंचायत उपाध्यक्ष नाजीम खान, दोनापाल नगर पंचायत अध्यक्ष मौसम जया, जनपद सदस्य गीता कवासी, जीरमपाल जनपद सदस्य विनोद पेद्दी, सुकमा जिला कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मण मंडावी, वरिष्ठ कांग्रेसी राजेश नारा, दोरनापाल नगर पंचायत उपाध्यक्ष युथपति यादव, सुकमा जिला आदिवासी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष वेको होंगा सहित सुकमा जिले के सभी पार्टी कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।

## संपादकीय

# चीन आखिर चाहता क्या है?

आज जब सारी दुनिया कोरोना वायरस के खिलाफ जंग लड़ रही है, ऐसी आपदा की घड़ी में पड़ौसी देश चीन भारत और चीन के बीच तनाव को बढ़ाकर युद्ध के हालात निर्मित कर रहा है समझ में नहीं आता कि चीन आखिर चाहता क्या है? लद्दाख में चीनी सैनिक लगातार आक्रामक तेवर दिखा रहे है और भारतीय सेना के जवानों से उलझ रहे है। पूर्व में चीन ने इसी तरह की हरकत दोकलाम में की थी जिसपर भारत ने कठोर रूख अख्तियार किया तो चीनी सेना को अपने तंबू उखाड़ कर वहां से दुम दबाकर भागना पड़ा था। अब वहीं काम चीनी सैनिक लद्दाख में कर रहे है और भारतीय सीमा क्षेत्र में सैकड़ो तंबू लगा चुके है। इस बीच चीनी राष्ट्रपति ने अपनी सेना को जंग के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया है। इस तरह का आदेश देकर चीनी राष्ट्रपति दोनों देशों के बीच तनाव को और बढ़ाने का काम कर रहे है। चीनी राष्ट्रपति के इस भड़आऊ बयान के बाद भारत भी जवाबी कार्यवाही के लिए तैयारी में लग गया है। भारत चीन के बीच बढते तनाव को लेकर रक्षा मंत्रालय में उच्च स्तरीय बैठक की गई है। आर्मी चीफ ने लद्दाख का दौरा भी किया है और इस बाबत प्रधानमंत्री को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। दरअसल कोरोना वायरस के जनक चीन को भारत से इसलिए भी खतरा महसूस हो रहा है कि आज भारत दुनिया में तेजी से एक ताकत बनकर उभर रहा है और चीन के खिलाफ अमेरिका सहित विश्व के अनेक देशों ने मोर्चा खोल दिया है। यही वजह है कि अपनी खीज मिटाने और दुनिया का ध्यान भटकाने के लिए चीन भारत के साथ जंग के हालात पैदा कर रहा है। चीन को यह नहीं भूलना चाहिए कि यह 1962 वाला भारत नहीं है, यदि चीन आज दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी सैन्य शक्ति बना हुआ है तो भारत भी दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सैन्य शक्ति बन चुका है। यदि दोनों देशों के बीच जंग होती है तो भारत भी चीन को मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षत है। सबसे बड़ी बात यह है कि दोनों देशों के बीच यदि युद्ध होता है तो अमेरिका और रूस सहित विश्व के तमाम देशों का समर्थन भारत को मिलेगा जबकि चीन का कोई भी समर्थन नहीं करेगा। बेहतर होगा की चीन भारत के खिलाफ अपनी विस्तारवादी निति का प्रयोग न करें अथ्यथा इस बार उसे भारत करारा सबक सिखा देगा।

## विचार-

# मुश्किलों का सफर

देश में लॉकडाउन की दुश्वारियों से जूझती आबादी को राहत देने के लिए काफी सोच-विचार के बाद स्पेशल ट्रेनें चलाने और घरेलू उड़ानें शुरू करने का फैसला किया गया। इससे जहां-तहां फंसे लोगों के चेहरों पर उम्मीद भरी मुस्कान आई थी। लेकिन अफसोस कि पहले दिन ही देश भर में करीब 630 उड़ानें रद्द कर दी गईं। केवल दिल्ली एयरपोर्ट पर 80 फ्लाइट्स कैंसल हुईं। मुंबई एयरपोर्ट पर 20 उड़ानें रद्द हुईं। बड़ी संख्या में लोगों को सपरिवार एयरपोर्ट पहुंच कर बैरंग वापस लौटना पड़ा। लॉकडाउन के चलते जब पब्लिक ट्रांसपोर्ट करीब-करीब बंद हैं तो एयरपोर्ट पहुंचने और फिर वापस लौटने में उन्हें कितनी परेशानियों का सामना करना पड़ा होगा, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

ट्रेनें भी कोई बेहतर उदाहरण नहीं साबित हो रहीं। सबसे बुरी गत श्रमिक स्पेशल ट्रेनों की है। न केवल उनकी दिशा और गंतव्य का कोई ठिकाना नहीं रह गया है बल्कि उनले लेट होते चले जाने की भी कोई सीमा नहीं रह गई है। ये घंटों में नहीं दिनों में लेट हो रही हैं। सूरत से सिवान के लिए चली ट्रेन न जाने कहां-कहां से भटकती हुई दो के बदले नौ दिन में अपने मुकाम तक पहुंची। खाना और पानी से वंचित यात्रियों का इतनी लंबी यात्रा के दौरान बीमार पड़ना स्वाभाविक है। कुछ मौतों की भी खबरें हैं। जले पर नमक छिड़कने जैसी बात यह कि ऐसी अव्यवस्था के दौरान भी मंत्रियों का ध्यान समस्या को हल करने से ज्यादा विरोधियों को नीचा दिखाने पर है। रेलमंत्री पीयूष गोयल ट्विटर पर यह साबित करने में लगे हैं कि वे तो मुंबई से 200 ट्रेनें रोज चला सकते हैं, लेकिन महाराष्ट्र सरकार का प्रशासन इतना निकम्मा है कि समय पर यात्रियों की सूची ही नहीं दे रहा।

बहरहाल, सारी कमियों को स्वीकार करते हुए भी इस हकीकत को दरकिनार नहीं किया जा सकता कि हम एक असाधारण स्थिति का सामना कर रहे हैं। दो महीने से ठप पड़ी रेलवे और हवाई सेवा को फिर से शुरू किया जाएगा तो वे अचानक अपनी पुरानी क्षमता से काम नहीं करने लग जाएंगी। इस पूरे तंत्र में किन-किन स्तरों पर किस-किस तरह की समस्याएं आ चुकी हैं इसका अहसास काम आगे बढ़ने के साथ ही हो पाएगा। और अभी तो इन्हें काम भी एक तिहाई स्टाफ के साथ ही करना पड़ रहा है। हम भूल नहीं सकते कि वायरस से हमारी लड़ाई अभी चल ही रही है, जिसमें हम अभी तक बीमारी का चढ़ान ही देख रहे हैं। यहां से यह कितना आगे जाएगी और कब अपनी चोटी पर पहुंचेगी, यह भी हमें पता नहीं है। ऐसे में सबके लिए अच्छा यही होगा कि हम न्यूनतम उम्मीदें लेकर अधिकतम सावधानी के साथ आगे बढ़ें। अपने संसाधनों की सीमाओं के साथ-साथ यह भी याद रखें कि हमारा सरकारी तंत्र अभी बहुत ज्यादा दबाव में है। दूसरी तरफ मंत्रियों और आला अफसरों को भी जनता में ज्यादा उम्मीद जगाने से बचना चाहिए और अर्थव्यवस्था खोलने के इस शुरुआती दौर में आपस की छींटाकशी से परहेज करना चाहिए।

## अभिव्यक्ति

# भारत के लिए पाकिस्तान से ज्यादा खतरनाक है चीन

अनिल जैन

> दरअसल, चीन ने जब तिब्बत पर कब्जा किया था, तब से ही वह भारत के लिए खतरा बना हुआ है। देश को सबसे पहले इस खतरे की चेतावनी डॉ. राममनोहर लोहिया ने दी थी। तिब्बत पर चीनी हमले को उन्होंने 'शिशु हत्या' करार देते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से कहा था कि वे तिब्बत पर चीनी कब्जे को मान्यता न दें, लेकिन नेहरू ने लोहिया की सलाह मानने के बजाय चीनी नेता चाऊ एन लाई से अपनी दोस्ती को तरजीह देते हुए तिब्बत को चीन का अविभाज्य अंग मानने में जरा भी देरी नहीं की। यह वह समय था जब भारत को आजाद हुए महज 11 वर्ष हुए थे और माओ की सरपरस्ती में चीन की लाल क्रांति भी नौ साल पुरानी ही थी। हमारे पहले प्रधानमंत्री नेहरू तब समाजवादी भारत का सपना देख रहे थे, जिसमें चीन से युद्ध की कोई जगह नहीं थी। उधर, माओ को पूरी दुनिया के सामने जाहिर करना था कि साम्यवादी कट्टरता के मामले में वे लेनिन और स्टालिन से भी आगे हैं। तिब्बत पर कब्जा उनके इसी मंसूबे का नतीजा था। इतना सब होने के बावजूद लगभग एक दशक तक भारत-चीन के बीच राजनयिक रिश्ते अच्छे रहे।

इन दिनों लद्दाख और सिक्किम से सटी भारत-चीन सीमा पर सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। इन इलाकों में चीन ने न सिर्फ अपने सैनिकों की संख्या बढा दी है, बल्कि उसकी वायु सेना के हेलीकॉप्टर भी लगातार आसमान में मंडरा रहे हैं। उधर नेपाल ने भी तिब्बत, चीन और नेपाल से सटी सीमा पर भारत के लिपुलेख, कालापानी और लिपियाधूरा इलाके को अपने नए राजनीतिक नक्शे में शामिल कर एक नए विवाद को जन्म दे दिया है। माना जा रहा है कि नेपाल ने भी यह दुस्साहस चीन की शह पर ही किया है।

नेपाल की यह कार्रवाई और चीनी सैनिकों की ओर से उकसाने वाली गतिविधियों में अचानक आई तेजी बता रही है कि चीनी नेतृत्व सीमा पर बेवजह तनाव पैदा कर भारत को बडी परेशानी में डालना चाह रहा है। उसे लग रहा है कि भारत इन दिनों कोरोना महामारी से निबटने में लगा है, इसलिए ऐसे में फिर से मोर्चा खोलकर उसे सीमाओं पर उलझाया जा सकता है और इसकी आड में अपने हितों के लिए दबाव बनाया जा सकता है। चीन का यह रवैया देश के रक्षा मंत्री रहे दिवंगत समाजवादी नेता जॉर्ज फर्नांडीस की उस चेतावनी की याद दिलाता है, जिसमें उन्होंने चीन को भारत का दुश्मन नंबर एक करार दिया था। बात करीब दो दशक पुरानी है। तब भी केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सरकार थी और अटल बिहारी वाजपेयी उसका नेतृत्व कर रहे थे।

मई 1998 में वाजपेयी सरकार ने पोखरण-2 परमाणु परीक्षण किया था, जिसकी वजह से अमेरिका ने भारत को काली सूची में डाल दिया था। उस विस्फोट के बाद ही एनडीए सरकार के रक्षा मंत्री जार्ज फर्नांडीस ने अपने एक चैंकाने वाले बयान में सामरिक दृष्टि से चीन को भारत का दुश्मन नंबर एक करार दिया था। जार्ज का यह बयान निश्चित ही किन्हीं ठोस सूचनाओं पर आधारित रहा होगा, जो रक्षा मंत्री होने के नाते उन्हें हासिल हुई होगी। लेकिन यह बयान कई लोगों को रास नहीं आया था। उनके ही कई साथी मंत्रियों ने उनके इस बयान पर नाक-भौं सिकोडी थीं। आज की तरह उस समय भी कांग्रेस विपक्ष में थी और उसे ही नहीं, बल्कि एनडीए की नेतृत्वकारी भारतीय जनता पार्टी और उसके पितृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को भी जार्ज का यह बयान नागवार गुजरा था। वामपंथी दलों को तो स्वाभाविक रूप से जार्ज की यह साफगोई नहीं ही सुहा सकती थी, सो नहीं सुहाई थी। यह दिलचस्प था कि संघ और वामपंथियों के रूप में दो परस्पर विरोधी विचारधारा वाली ताकतें इस मुद्दे पर एक सुर में बोल रही थीं, ठीक वैसे ही जैसे दोनों ने अलग-अलग कारणों से 1942 में श्भारत छोडो' आंदोलन का विरोध किया था। जार्ज के इस बयान के विरोध के पीछे भी दोनों की प्रेरणाएं अलग-अलग थीं। संघ परिवार जहां अपनी चिर-परिचित मुस्लिम विरोधी ग्रंथी के चलते पाकिस्तान के अलावा किसी और देश को भारत के लिए सबसे बडा खतरा नहीं मान सकता था, वहीं वामपंथी दल चीन के साथ अपने वैचारिक बिरादराना रिश्तों के चलते जार्ज के बयान को

खारिज कर रहे थे। कई तथाकथित रक्षा विशेषज्ञों और विश्लेषकों समेत मीडिया के एक बडे हिस्से ने भी इसके लिए जार्ज की काफी लानत-मलानत की थी।

जार्ज अब इस दुनिया में नहीं हैं लेकिन चीन को लेकर उनका आकलन समय की कसौटी पर बीते दो दशकों के दौरान कई बार सही साबित हुआ है। इस समय भी चीन का रवैया जॉर्ज के कहे की तसदीक कर रहा है। वैसे न तो चीनी खतरा भारत के लिए नया है और न ही उससे आगाह करने वाले जार्ज अकेले राजनेता रहे। 2017 में चीन की सेना जब डोकलाम में कई किलोमीटर अंदर तक घुस आई थी, तब संयुक्त मोर्चा सरकार में रक्षा मंत्री रहे मुलायम सिंह यादव ने भी अपने अनुभव के आधार पर चीनी खतरे के प्रति सरकार को आगाह किया था। इस मसले पर लोकसभा में बहस के दौरान मुलायम सिंह ने दो टुक कहा था कि भारत की सुरक्षा को सबसे बडा खतरा चीन से ही है और सरकार उसे हल्के में न लें।

हमारे पहले प्रधानमंत्री नेहरू तब समाजवादी भारत का सपना देख रहे थे, जिसमें चीन से युद्ध की कोई जगह नहीं थी। उधर, माओ को पूरी दुनिया के सामने जाहिर करना था कि साम्यवादी कट्टरता के मामले में वे लेनिन और स्टालिन से भी आगे हैं। तिब्बत पर कब्जा उनके इसी मंसूबे का नतीजा था। इतना सब होने के बावजूद लगभग एक दशक तक भारत-चीन के बीच राजनयिक रिश्ते अच्छे रहे। दोनों देशों के शीर्ष नेताओं ने एक-दूसरे के यहां की कई यात्राएं कीं। लेकिन 1960 का दशक शुरू होते-होते चीनी नेतृत्व के विस्तारवादी इरादों ने अंगडाई लेनी शुरू कर दी और भारत के साथ उसके रिश्ते शीतकाल में प्रवेश कर गए। तिब्बत जब तक आजाद देश था, तब तक चीन और भारत के बीच कोई सीमा विवाद नहीं था, क्योंकि तब भारतीय सीमाएं सिर्फ तिब्बत से मिलती थीं। लेकिन चीन द्वारा तिब्बत को हथिया लिए जाने के बाद वहां तैनात चीनी सेना भारतीय सीमा का अतिक्रमण करने लगी। उन्हीं दिनों चीन द्वारा जारी किए गए नक्शों से भारत को पहली बार झटका लगा। उन नक्शों में भारत के सीमावर्ती इलाकों के साथ ही भूटान के भी कुछ हिस्से को चीन का भू-भाग बताया गया था। चूंकि इसी दौरान भारत यात्रा पर आए तत्कालीन चीनी नेता चाऊ एन-लाई नई दिल्ली में पंडित नेहरू के साथ हिंदी-चीनी भाई-भाई का नारा लगाते हुए शांति के कबूतर उडा चुके थे, लिहाजा भावुक भारतीय नेतृत्व को भरोसा था कि सीमा विवाद बातचीत के जरिए निपट जाएगा। मगर, 1962 का अक्टूबर महीना भारतीय नेतृत्व के भावुक सपनों के ध्वस्त होने का रहा, जब चीन की सेना ने पूरी तैयारी के साथ भारत पर हमला बोल दिया। हमारी सेना के पास मौजूं सैन्य साजो-सामान का अभाव था, लिहाजा भारत को पराजय का कडवा घूंट पीना पडा और चीन ने अपने विस्तारवादी नापाक मंसूबों के तहत हमारी हजारों वर्ग मील जमीन हथिया ली। इस तरह तिब्बत पर चीनी कब्जे के वक्त लोहिया द्वारा जताई गई आशंका सही साबित हुई।

चीन से मिले इस गहरे जख्म के बाद दोनों देशों के रिश्तों में लगभग डेढ दशक तक बर्फ जमी रही, जो 1970 के दशक के उत्तरार्ध में केंद्र में पहली गैर कांग्रेसी सरकार बनने पर कुछ हद तक हटी। दोनों देशों के बीच एक बार फिर राजनयिक रिश्तों की बहाली हुई। तब से लेकर अब तक दोनों देशों के बीच राजनयिक रिश्ते भी बने हुए हैं और पिछले दो दशकों के दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार में भी 24 गुना इजाफा हो गया है। लेकिन इस सबके बावजूद चीन के विस्तारवादी इरादों में कोई तब्दीली नहीं आई है। कभी उसकी सेना हमारे यहां लद्दाख में घुस आती है, तो कभी सिक्किम में और कभी अरुणाचल में। अपने नक्शों में भी वह जब-तब इन इलाकों को अपना बता देता है। इस समय भी वह यही कर रहा है। **(संवाद)**

# नेपाल से तुरंत बातचीत शुरु करें

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

> प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली भी कौनसे पीछे रहनेवाले थे ? उन्होंने नेपाल में फैल रहे कोरोना के लिए भारत को जिम्मेदार ठहरा दिया, चीन को नहीं, क्योंकि भारत के सेना-प्रमुख एम.एम. नर्वणे ने एक संगोष्ठी में कह दिया था कि नेपाल किसी अन्य (चीन) के इशारे पर भारत से पंगे ले रहा है। नेपाल के रक्षा मंत्री ईश्वर पोखरेल ने नर्वणे की कड़ी आलोचना भी कर दी है। दूसरे शब्दों में 80 किमी की इस नई सड़क को लेकर एक बार दोनों पड़ौसी देश, जिन्हें मैं भातृराष्ट्र (भाईदेश) कहता हूं, फिर उसी कटुता के जाल में फंस जाएंगे, जो हमने 2015 की नेपाल की घेराबंदी के दौरान देखा था। यह विवाद उस 30-35 किमी जमीन का है, जो हमारी 80 किमी की सड़क का हिस्सा है। यह जमीन भारत, नेपाल और तिब्बत के त्रिकोण पर स्थित है।

भारत और नेपाल के बीच एक छोटी-सी सड़क को लेकर काफी कहा-सुनी चल पड़ी है। यह सड़क पिथौरागढ़ और नेपाल की सीमा पर है। यह लिपुलेख के कालापानी क्षेत्र से होती हुई सीधी कैलाश-मानसरोवर तक जाती है। इस कच्ची सड़क को पक्की बनाकर इसका उद्घाटन रक्षामंत्री राजनाथसिंह ने कुछ दिन पहले ज्यों ही किया, नेपाल में हड़कंप मच गया। नेपाल की सत्तारुढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के लोगों ने कई भारत-विरोधी प्रदर्शन कर दिए। नेपाली विदेश मंत्रालय ने भारतीय राजदूत को बुलाकर एक कूटनीतिक पत्र थमा दिया और पूछा कि इस नेपाली भूमि पर भारत ने सड़क कैसे बना ली ? सत्तारुढ़ पार्टी के सह अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल प्रचंड ने यह भी कह दिया कि भारत इन कूटनीतिक कोशिशों से रास्ते पर नहीं आएगा। नेपाल को आक्रामक कार्रवाई करनी होगी। इस कालापानी क्षेत्र को लेकर लंबे समय से भ्रांति बनी हुई है। इस क्षेत्र का इस्तेमाल सैकड़ों वर्षों से तीन देशों के लोग करते रहे हैं। लेकिन 1816 में भारत की ईस्ट इंडिया कंपनी और नेपाली सरकार के बीच सुगौली संधि हुई, जिसमें नेपाल-नरेश ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि काली नदी के पश्चिम के किसी हिस्से पर नेपाल का अधिकार नहीं है। इसी पश्चिम हिस्से में ही वह विवादास्पद सड़क है। नेपाल के हिस्से में कालीनदी का पूर्वी हिस्सा आता है। लेकिन नेपाल सरकार का अब कहना है कि सुगौली संधि में जिस काली नदी का उल्लेख है, उसमें उसका पश्चिमी हिस्सा भी शामिल है, जिस पर भारत ने अपना अधिकार जमा रखा है। हाल ही में नेपाल सरकार ने अपने हिस्से की जमीन पर सीमा-सुरक्षा चौकियां भी बना दी हैं।

यह मामला सन 2000 में भी उठा था। नेपाल के प्रधानमंत्री गिरिजाप्रसाद कोइराला ने भारत के प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी से निवेदन किया था कि इसे बातचीत के द्वारा सुलझा लिया जाए। दोनों देशों की सीमा निर्धारण के लिए 1981 में जो संयुक्त-दल बना था, उसने 98 प्रतिशत सीमा तय कर ली थी। सिर्फ कालापानी और सुस्ता के दो मामले रह गए थे। अब जब कैलाश-मानसरोवर सड़क का उदघाटन हुआ है तो नेपाल ने आनन-फानन नक्शे छाप दिए हैं

और उसमें पिथौरागढ़ के क्षेत्रों को अपनी सीमा में दिखा दिया है। जब सुगौली की संधि हुई थी तो नेपाल के पास नक्शा छापने की कोई व्यवस्था नहीं थी। ब्रिटिश सरकार ने जो नक्शे छापे, वे ही सर्वस्वीकार्य थे। उस समय काली नदी नाम की दो नदियों की बात भी नेपाल की ओर से कही जाती थी। ब्रिटिश नक्शों की मनमानी व्याख्याएं समय-समय पर चलती रहीं। 1962 में भारत-चीन युद्ध के बाद नेपाल ने इस सड़क पर अपना दावा ठोका था लेकिन वास्तविक रुप से इस क्षेत्र पर भारत का ही अधिकार रहा है। 2015 में जब भारत और चीन ने इस लिपुलेख क्षेत्र से व्यापार-मार्ग चलाने का समझौता किया था, तब भी नेपाल ने चाहे, नरम शब्दों में ही सही, उसका विरोध किया था। नेपाल ने यह प्रस्ताव भी पांच-छह साल पहले रखा था कि दोनों देशों के विदेश सचिव बैठकर इस मामले को हल करें। अभी भी नेपाली सरकार का आधिकारिक रुख यही है लेकिन नेपाल की आतंरिक राजनीति इस मामले को उलझाती चली जा रही है। नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी के सह-प्रधान प्रचंड ने प्रधानमंत्री के.पी. ओली को अपदस्थ करने का अभियान चला रखा है। पहले तो नेपाल की खराब आर्थिक स्थिति को बहाना बनाया जा रहा था, अब उन्हें यह नया हथियार हाथ लग गया है। पड़ौसी देशों में राष्ट्रवाद और देशभक्ति की भावना को भड़काना हो तो उनका सबसे सुगम हथियार है- भारत-विरोध ! भारतीय विदेश मंत्रालय ने साफ-साफ कहा है कि कोरोना-संकट का समय टलते ही इस सीमा-विवाद का हल वह बातचीत के द्वारा करना चाहता है लेकिन भारतीय सेनाध्यक्ष नर्वणे के बयान को जमकर उछाला जा रहा है। कहा जा रहा है कि भारतीय सेना में लगभग 60 हजार नेपाली गोरखा जवान हैं। उन पर नर्वणे के बयान का क्या असर होगा ? मेरी राय यह है कि नर्वणे वैसा बयान नहीं देते तो अच्छा होता। नेपाल की कई पार्टियों के नेताओं से फोन पर मेरी बात हुई। वे अपनी जनता के सामने जो चाहें, सो बोलें लेकिन सबकी राय यह है कि इस मामले को तूल नहीं दिया जाना चाहिए। मैं कहता हूं कि कोरोना के खत्म होने का इंतजार क्यों किया जाए ? दोनों देश तुरंत बात क्यों नहीं शुरु करें। नेपाल की पूर्व उप-प्रधानमंत्री सुजाता कोइराला ने एक काफी व्यावहारिक सुझाव दिया है। उन्होंने मुझे बताया कि नेपाल-बांग्लादेश सीमांत पर भारत का जो फुलबाड़ी क्षेत्र है (18 किमी), यदि भारत उसे नेपाल को लीज़ पर दे दे तो बंगाल की खाड़ी तक पहुंचने में जमीन से घिरे नेपाल को अत्यधिक सुविधा हो जाएगी और उस कालापानी क्षेत्र को भारत नेपाल से लीज पर ले ले तो सारा मामला हल हो जाएगा। मेरा तो कहना यह है कि नेपाल को यदि हम भाई-देश मानते हैं तो 35 किमी जमीन, जो अब तक हमारी ही है, हम अपने पास रखें और उसके बदले में किसी भी सीमांत पर उससे दुगुनी जमीन उसे भेंट कर दें। इसके अलावा भी कई व्यवहारिक हल हो सकते हैं लेकिन उन्हें जल्दी से जल्दी निकाला जाना चाहिए।

## पाठकों की बात

## पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

### ख्वाबों और ख्वाहिशों की

ख्वाबों और ख्वाहिशों की दुनिया से दूर इक बसेरा कर लिया हमने थामा जो तेरा हाथ, आसमाँ में मानो डेरा कर लिया.. निगाहों के रस्ते रूह में उतर गया खामोशी से नूरानी सा था जो,ऐसा ही इक अक्स वो तेरा कर लिया.. हसीं थी वो मुलाकातें और दर्द भरी थी जुदाई अपनी न कोई गिला, न शिकवा,कबूल हँसकर नसीब मैंने मेरा कर लिया। - **सीमा भाटिया**

### जब कोरोना के साथ

अब जब कोरोना के साथ ही जीना था तो दो महीने का लाकडाउन क्यों? देश के पढे लिखे और अनपढ, गरीब और अमीर लोगों को कोरोना के प्रति शिक्षित करने के लिए पन्द्रह दिन या फिर एक महीना काफी था। ये तो पहले ही सबको पता था कि ये महीने दो महीने का रोग नहीं... लम्बा खिंचेगा! - **अर्चना खण्डेलवाल**

### खास पाती | अनुभव हुआ जबसे खुद को

अनुभव हुआ जबसे खुद को संभाल लेता हूं, हसीनाएं गर प्यार जताएं जेब संभाल लेता हूं। इक वक्त था सांप की परछाई से डर जाता था, अब तो दो चार मैं आस्तीन में भी पाल लेता हूं। कहीं ये मुझे फांसने की साजिश तो नहीं कर रहे, मुस्कुराने से पहले उनका इरादा जान लेता हूं। बहुत जला चुका उंगलियां औरों के आग में यारों, अब कोई जिगरी यार भी बुलाए तो टाल लेता हूं। ऐसे तो न थे बचपन से अब क्यूं बदल गए हो, कैसे बताऊं बिन गलती भी सजा मान लेता हूं। सहेज रखा था दिल को जब तलक शीशे का था, पत्थर का हुआ है जब से मजे में उछाल लेता हूं।

**- संजय सिंह राजपूत**

### जितने पेज 3 हाई प्रोफाइल कथावाचक

जितने पेज 3 हाई प्रोफाइल कथावाचक है वो ज्वलंत सनातन धर्म कि समस्या पर प्रवचन या चर्चा क्यों नहीं देते है ?और अगर सिर्फ व्यास पीठ मे बैठकर प्रभु के कथा का रसपान करना है तो हमारे आसपास में ?से बहुत से योग्य ,निपुण और प्रतिभाशाली कथावाचक है! उनसे प्रभु कि सेवा लिजिए इससे अपने आसपास समृद्धि भी आएगी और सनातन का प्रचार भी होगा।

**- अंबर दानी**

### मतवारे से नैन दो, बिंदी बिहँसे

मतवारे से नैन दो, बिंदी बिहँसे भाल! मेंहदी चुगल कर गयी,साजन किये कमाल! कर में खनके कंगना, पायल मद में चूर! सिर पे चुनरी लाल रँग. पिया पुकारे हूर!! काजल बिंदी चूड़ियाँ, गोरी कर श्रृंगार ! झुमका झूले,नथ जड़ी,रसवंती सी नार!!

**- किरण मिश्रा**

### सिमटे हुए..ये आखर सवरते हुए

सिमटे हुए..ये आखर सवरते हुए.. ये शब्द क्यों होती बैरी कलम.. स्वछंद.. ये दुआएँ स्वतंत्र.. ये मन क्यों यादें करती बैचेन.. मौहब्बत.. ये प्यारी सी इश्क.. ये बावरा क्यों चाहत करती बेचैन झूमता.. ये आँगना दिल ये..मयूर सा क्यों साँसें बनती खामोश.. सुनहरे.. ये गाल रूप.. ये सलोना क्यों गुलाबी होती साँझ.. कंगना.. ये खनखे पायल.. ये झनके क्यों ख्वाब हुए निहाल.. सनम बिन ये खनक बावरी क्यों...? साखी मेरा नादान..! **- उमा मेहता त्रिवेदी**

### दूर सबेरे,पास अँधेरे तेरे भी

दूर सबेरे,पास अँधेरे तेरे भी और मेरे भी दिल में है गम और दर्द लबों पे तेरे भी और मेरे भी.. आसमां तेरी आहें जमीं तक कैसे जाएं जमीं जब-जब पुकारे आसमां सुन न पाए लौट सदाएं,वापस आएं तेरे भी और मेरे भी.. दिल में है गम और दर्द दिलों में तेरे भी और मेरे भी.....!! **- नीरू श्रीवास्तव**

### दुनिया में स्थायी किसके कब

दुनिया में स्थायी किसके कब, ठौर ठिकाने बनते हैं। जिनको दुनिया गाकर सुनती, चंद तराने बनते हैं हर ज़र्रे को पागल कर दें, सब में ऐसी बात कहाँ , सदियों में जाकर धरती पर, कुछ दीवाने बनते हैं । **- कवि अंकित विशेष**

### कभी किसी की प्रकृति में

कभी किसी की प्रकृति में,होता नहीं सुधार। नदी-नीर भी सिंधु का ,मिटा न पाता क्षार। कहा इश्क ने हुस्न को,टंच सौ टके माल। सुर्ख गुलाबी हो गए ,सुनकर गोरे गाल। ज्ञान शील गुण आचरण,सभी हुए बेकार। देहयष्टि, रँग - रूप से,सब करते मनुहार।

## QUIZ TIME

1) चोल शासकों द्वारा प्रसारित स्वर्ण मुद्राओं या सिक्कों का सामान्य नाम क्या था?

2) 'सिजिगी' का क्या आशय है?

3) 'शून्य काल' (12 बजे के बाद की संसदीय कार्यवाही) संसदीय प्रथा किस देश की देन है?

(क) भारत (ख) फ्रांस (ग) अमेरिका

4) भारत के आकस्मिक कोष से धन की निकासी किसकी अनुमति से की जाती है? (प्रधानमंत्री / राष्ट्रपति)

5) किस संस्था का लोगो है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) कलंजु या पोन (2) सूर्य और चन्द्रमा की समकालिक स्थिति (3) भारत (4) राष्ट्रपति (5) ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल, जर्मनी

## आज का इतिहास

**नई दिल्ली (वार्ता)।** 1414- खिज्र खां ने दिल्ली की गद्दी पर कब्जा कर सैयद वंश की नींव रखी। 1674- जर्मनी की संसद ने फ्रांस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। 1845- कनाडा के क्यूबेक में आग से 1500 मकान नष्ट हुए। 1883- स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर का जन्म। 1918- अजरबैजान स्वतंत्र हुआ और उसने स्वयं को लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किया। 1923 - प्रसिद्ध अभिनेता एवं तेलुगु देशम पार्टी के संस्थापक एन टी रामाराव का जन्म। 1940- द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान बेल्जियम ने जर्मनी से हार स्वीकार की। 1952- यूनान में महिलाओं को मताधिकार मिला। 1956- फ्रांस ने अपने सभी भारतीय उपनिवेशों को भारत को सौंपा। 1961- मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल की स्थापना।

न्यूज गैलरी

## चोरी के आरोप में निगरानी शुदा बदमाश गिरफ्तार

**कुम्हारी।** चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर कुम्हारी थाना प्रभारी आशीष यादव द्वारा पुलिस पेट्रोलिंग को संदेहियों, गुण्डों व निगरानीशुदा बदमाशों पर निगाह रखने के निर्देश दिए गए। इसी तारतम्य में विगत 15 मार्च को प्रार्थी सूरज साहू, निवासी साहू पारा, थाना बेमेतरा, हाल निवासी कैवल्यधाम स्कूल कुम्हारी के पास घर के अंदर से मोबाईल चुरा लिया था। मुखबिर की सूचना पर कुम्हारी पुलिस ने निगरानीशुदा बदमाश जितेश कुम्हारी को पकडकर पूछताछ की गई जिसमे उसने उक्त अपराध करना स्वीकारा, धारा 457, 380 के तहत न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

# बीएसआर अपोलो हॉस्पिटल की बकाया राशि कुर्की से होगी वसूली

नवप्रदेश संवाददाता

**भिलाई।** बीएसआर अपोलो हॉस्पिटल जूनवानी भिलाई के डॉ एमके खंडूजा पर बकाया राशि की वसूली की कार्यवाही कुर्की के माध्यम से किया जाएगा, इसके लिए भवन, भूमि के स्वामी से संपर्क कर राशि की वसूली हेतु 1 दिन पूर्व अवगत करा दिया जाएगा। यदि फिर भी राशि जमा नहीं की जाती है तो बकाया राशि की वसूली कुर्की के माध्यम से की जाएगी जिसके लिए 29 मई 2020 का दिन कुर्की के लिए नियत किया गया है। गौरतलब है कि डॉ. खंडूजा को वर्ष 2014.15 से 2018.2019 तक की बकाया राशि रुपये

5770252 के लिए 20 जून 2019 एवं 30 नवंबर 2019 को छग नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 173 एवं 174 के अंतर्गत समय सीमा में बकाया राशि जमा करने नोटिस दिया गया था।

नोटिस के अनुसार निगम 1956 की धारा 174 के अंतर्गत दिए गए नोटिस के अनुसार संपत्ति कर वर्ष 2014.15 से 2018.19 की राशि 4371119, शिक्षाकर वर्ष 2014.15 से 2018.19 की राशि 437112, समेकितकर वर्ष 2014.15 से 2018.19 की राशि 3000, अधिभार वर्ष 2014.15 से 2018.19 की राशि 866021, शास्ति अधिरोपित 3000 तथा ठोस अपशिष्ट उपयोगकर्ता शुल्क 90000 कुल योग 5770252 की राशि को जमा करने नोटिस दिया था। आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी द्वारा कुर्की दल में जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा जोन 1, सहायक अभियंता सुनील दुबे, पीसी सार्वा जनसंपर्क अधिकारी, अरविंद शर्मा उप अभियंता, विनोद चंद्राकर सहायक राजस्व अधिकारी, सुनील नेमाडे सर्वेयर, सत्यनारायण कौशिक राजस्व निरीक्षक, ईमान सिंह कन्नौजे, रामेश्वर चंद्राकर एवं संतोष जोशी को सम्मिलित किया गया है। गठित दल के अधिकारी 29 मई को जोन 1 के कार्यालय मे उपस्थित होकर कुर्की, वसूली की कार्यवाही के लिए निकलेंगे।

# हर चुनौतियों का सामना करने पहले से तैयार हूं : कलेक्टर भूरे

**अच्छा कार्य कर रहे आईएएस अंकित आनंद को 16 महीने के कार्यकाल के बाद जिले से रवाना किया।**

नवप्रदेश संवाददाता

**दुर्ग।** कोरोना के साथ डेंगू और पीलियां का दंश झेल रहे जिले का कमान अब एक प्रशिक्षित डॉक्टर के हाथों में होगा। राज्य शासन ने प्रशासन में कसावट के मद्देनजर आईएएस अफसरों का तबादला करते हुए डॉक्टरी छोड़कर आईएएस बने डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे को जिले का नया कलेक्टर बनाया है। प्रशासनिक लिहाज से अच्छा काम कर रहे आईएएस अंकित आनंद को 16 महीने के कार्यकाल के बाद जिले से रवाना कर दिया गया है। 2011 बैच के आईएएस डॉ. सर्वेश्वर भूरे इससे पहले मुंगेली में कलेक्टर थे। पुणे के बीजे मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के बाद उन्होंने प्रैक्टिस भी की है। वे कवर्धा में जिला पंचायत सीईओ भी रहे हैं और उन्हीं की निगरानी में भोरमदेव शक्कर कारखाना का निर्माण हुआ है। बताया जा रहा है कि उनके चिकित्सकीय अनुभव को ध्यान में रखते हुए कई साल से डेंगू और पीलिया का दंश झेल रहे जिले में उनकी पदस्थापना की गई है। इसके अलावा उनकी प्रदेश में पदस्थापना से लेकर अब तक निर्विवाद छवि को भी कारण

बताया जा रहा है। मौजूदा कलेक्टर आईएएस अंकित आनंद को नया रायपुर का सीईओ बनाया गया है। दुर्ग जिले के नए कलेक्टर डॉण् सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे के लिए कोरोना संकटकाल में कोरोना संक्रमण की रोकथाम एवं उसका प्रभावी नियंत्रण बड़ी चुनौती होगी। संभवतरू वे दो दिन बाद जिले में पद्भार संभालेंगे। श्री भूरे ने कहा है कि कोरोना संकट के तमाम विषयों पर वे पद्भार ग्रहण के बाद चर्चा करेंगेए लेकिन उन्होने यह भी कहा है कि वे हर चुनौती के लिए पहले से तैयार है। पूरी टीम के साथ पुराने कलेक्टर द्वारा किए गए कार्यो के अनुभवों के आधार पर वे आगे की रणनीति बनाएंगे।

# बीच बाजार ट्रासफार्मर बना खतरा

**दुर्घटना से हो चुकी है एक की मौत**

नवप्रदेश संवाददाता

**दुर्ग।** सदर बाजार जवाहर चौक में लगा ट्रासफार्मर एक बड़े खतरे का सबब बन गया है। इस ट्रासफार्मर को अन्यत्र स्थापित करने की मांग लंबे समय से की जा रही है और जनप्रतिनिधियों ने भी इसे हटाने की बात कही है। लेकिन इसे हटाने की पहल विभागीय स्तर पर नही की जा रही है। बुधवार की दोपहर ट्रासफार्मर में लगी आग से हालांकि कोई बड़ी दुर्घटना नही हुई लेकिन सुधार करने आए विद्युत मंडल के अधिकारियों को क्षेत्र के लोगों के आक्रोश का शिकार जरुर होना पड़ा।

जानकारी के अनुसार जवाहर चौक सदर बाजार स्थित ट्रासफार्मर के माध्यम से पूरे बाजार क्षेत्र में विद्युत की सप्लाई होती है। चूंकि यह व्यवसायिक व रिहायसी क्षेत्र दोनों है इसलिए प्रयुक्त होने वाले विद्युत उपकरणों से इस ट्रासफार्मर पर बिजली का लोड बना रहता है। गर्मी के समय लोड ज्यादा होने के कारण विस्फोट के साथ आग लगने की घटनाएं होती रहती है। बुधवार को दोपहर कमोबेश ऐसी ही स्थिति देखने को मिली और ट्रासफार्मर में आग लग गई। आसपास के लोगों ने किसी तरह आग बुझाई और विद्युत विभाग को सूचना दी। विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी जब ट्रासफार्मर को सुधारने पहुंचे तब वहां भारी संख्या में व्यापारी एकत्रित हो गए और ट्रासफार्मर को हटाने का लिखित आश्वासन मांगा। इस दौरान व्यापारियों की विद्युत विभाग के कर्मियो से बहस भी हुई। व्यापारी ट्रासफार्मर को हटाने को लेकर आक्रोशित थे। उनका कहना था कि ट्रासफार्मर को जवाहर चौक से हटाकर किसी दूसरी जगह में लगाना चाहिए। विवाद व आक्रोश के कारण विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को सुधार के बगैर बैरंग लौटना पड़ा।

क्षेत्र के रुई व्यवसायी इरफान चौहान ने बताया कि ट्रासफार्मर में विस्फोट के साथ लगी आग से एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है और भारत रुई भंडार ट्रासफार्मर की वजह से कई बार आगजनी का शिकार हुआ है। फलस्वरुप लगातार आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा।

इरफान ने बताया कि तत्कालीन महापौर सरोज पाण्डेय भी ट्रासफार्मर को हटाने की बता कह चुकी है। सीएसपी भोजराम पटेल भी ट्रासफार्मर को वहां से हटाने के पक्षधर थे। लेकिन इस विषय में कोई सार्थक पहल नही हो रही है और क्षेत्र के लोग खतरे के साए में जीवन यापन कर रहे है। व्यापारियों ने विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल से इस मामले में व्यक्तिगत रुचि लेकर पहल करने की मांग की।

# 10 वर्षो से गिर रहा है इंदिरा मार्केट कॉम्पलेक्स का छज्जा

**बड़े हादसे का अंदेशा, निगम ने अब तक किए कामचलाऊ कार्य**

नवप्रदेश संवाददाता

**दुर्ग।** इंदिरा मार्केट की दुकानों का छज्जा पिछले 10 साल से ज्यादा समय से गिर रहा है। दीवारों का प्लास्टर उखड़ रहा है। ठोस कार्य की दरकार होने के बावजूद यहां नगर निगम के अफसर कामचलाऊ काम कर रहे हैं। कई बार अलग.अलग दुकानों का मेंटेनेंस कराया गया। कुछ दिनों बाद फिर दुकानें जर्जर हो गई। आज भी इंदिरा मार्केट का छज्जा गिरने की घटना हुई। घटना का पता चलने पर विधायक अरूण वोरा ने

निगम अफसरों को कांप्लेक्स का पूर्ण रूप से मेंटेनेंस कराने के निर्देश दिए हैं।

शहर के हृदय स्थल पर स्थित इंदिरा मार्केट का निर्माण 40 साल पहले पूर्व मुख्यमंत्री मोतीलाल वोरा द्वारा स्वीकृत राशि से किया गया था। अब यहां की दुकानों की हालत जर्जर हो चुकी है। कई बार दीवार का प्लास्टर व छज्जा गिरने की घटनाएं हो चुकी है। भीड़भाड़ वाले इस क्षेत्र में कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। यहा शहर व आसपास के गांवो से हजारों लोग खरीदारी करने आते हैं। नगर निगम ने हर साल अरबों का बजट पास करने के बावजूद मार्केट का संधारण नहीं कराया।

व्यवसाइयों ने बताया कि इंदिरा मार्केट कॉम्पलेक्स के प्रथम तल में स्थित जगदीश टेलर्स की दुकान पर बड़ा छज्जा गिर गया। इंदिरा मार्केट व्यापारी संघ ने विधायक अरुण वोरा को घटना की जानकारी दी। वोरा ने स्थल निरीक्षण के बाद नगर निगम के कार्यपालन अभियंता मोहनपुरी गोस्वामी को बुलाकर इंदिरा मार्केट कांप्लेक्स के संधारण के लिए प्रस्ताव बनाकर जल्द कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। इंदिरा मार्केट के व्यापारियों ने साफसफाई नही करने से वातावरण प्रदूषित होने की जानकारी दी। यातायात व्यवस्था के लिए पार्किंग की मांग व इंदिरा मार्केट मुख्य मार्ग में स्थित शौचालय की बदतर हालत की शिकायत भी की। विधायक ने शौचालय का संधारण कार्य करने मौके पर ही 5 लाख रुपए स्वीकृत कर दिए। महापौर धीरज बाकलीवाल ने इंदिरा मार्केट के व्यवसायियों को आश्वस्त करते हुए कहा है कि निगम द्वारा संधारण कार्य शीध्र शुरू किया जाएगा। मार्केट क्षेत्र में महासफाई अभियान भी शुरू होगा। निरीक्षम के दौरान इंदिरा मार्केट में एमआईसी प्रभारी भोला महोबिया, दीपक साहू, राजेश शर्मा, दिलीप बाकलीवाल, दिलीप मारोटी, बहादुर अली थरानी, निगम अभियंता आरके पालिया उपस्थित थे।

## सार्वजनिक नल का दुरुपयोग, कार्यवाही

नवप्रदेश संवाददाता

**भिलाई।** नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत गौरवपथ रोड से नंदनी रोड जाने वाले रास्ते पर वाहन सर्विसिंग सेंटर के संचालक यशवंत साहू द्वारा सार्वजनिक नल पर एक तरफा कब्जा करते हुए स्वयं का मोटर लगाकर पेयजल के पानी से वाहन की धुलाई करते पाए जाने पर हैप्पी इंटरप्राइजेज के संचालक यशवंत पर निगम टीम ने कार्यवाही की। मोहल्ले वासियों की जागरूकता से हुई कार्यवाही। मोहल्ले वासियों ने इसकी शिकायत निगम के अधिकारियों से की जिस पर दुकान संचालक पर कार्यवाही की गई। आसपास के निवासी जब सार्वजनिक नल पर पानी भरने के लिए पहुंचे तब दुकान के संचालक ने यह कर उन्हें चलता कर दिया कि पहले वाहनों की धुलाई हो जाए उसके बाद पानी भरने का कार्य कर लेना।

# बसुला से जानलेवा हमला, गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

**दुर्ग।** पद्मनाभपुर पुलिस चौकी अंतर्गत बोरसी बस्ती में मंगलवार की शाम एक युवक जानलेवा हमले में घायल हो गया। उसे गंभीर चोंटे आने से रायपुर के मेकाहारा हॉस्पीटल में भर्ती करवाया गया है। घायल युवक राजू जोशी पिता राधेश्याम जोशी बोरसी बस्ती का निवासी है। वह मंगलवार की शाम 5 बजे शीतला तालाब बोरसी बस्ती की ओर घूमने गया था। तब आरोपी धर्मेन्द्र सतनामी ने उस पर बसला से सिर व गले में वार कर दिया था। हमले के पीछे रुपए.पैसे के लेन.देन के विवाद को कारण बताया गया है। पद्मनाभपुर पुलिस चौकी के प्रभारी वेणु देवांगन ने बताया कि आरोपी धर्मेन्द्र सतनामी को राजू जोशी से 3 सौ रुपए लेने थे। घटना के समय भी यही कारण विवाद की वजह बनी। राजू जोशी द्वारा पैसा देने से मना करने पर आरोपी धर्मेन्द्र सतनामी ने हमला कर दिया था। आरोपी धर्मेन्द्र मूलतरू ग्राम महका थाना उतई का निवासी है। हाल में वह बोरसी बस्ती में रह रहा था। घटना के बाद से फरार आरोपी धर्मेन्द्र सतनामी को पुलिस ने बुधवार को उसके महका ग्राम से गिरफ्तार किया।


### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
**उद्घोषणा**

ऑनलाईन पं. 202005100400122

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक -डॉ अम्बिका ठाकुर नागवंशी पति विनोद नागवंशी, निवासी उतई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम- उतई प.ह.न 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 205/11 रकबा 0.21 हें अर्थात 2220 वर्गफुट भूमि के आवासीय प्रयोजन हेतु डावर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21/05/2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
**उद्घोषणा**

ऑनलाईन पं. 202005100400123

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक विजय ठाकुर आ स्व मनहरण लाल ठाकुर ,निवासी उतई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम- उतई प.ह.न 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 205/10 रकबा 0.25 हें अर्थात 2700 वर्गफुट भूमि के आवासीय प्रयोजन हेतु डावर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59(2)के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21/05/2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
**उद्घोषणा**

ऑनलाईन पं. 202005100400124

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक डॉ विजय कुमार ठाकुर आ स्व मनहरण लाल ठाकुर निवासी -उतई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम- उतई प.ह.न 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 1062/9 रकबा 0.02 हें अर्थात 2003 वर्गफुट भूमि के आवासीय प्रयोजन हेतु डावर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21/05/2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./920/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद इदरीश पिता मोहम्मद हलीम निवासी ग्राम केलाबाड़ी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 495/11 रकबा 0.022 हें भूमि को विक्रेता मो.साबीर चौहान पिता हाजी मैनूददीन चौहान निवासी ग्राम पोलसाय पारा दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 04/05/2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 11/06/2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयवधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21-05-2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./912/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो. आशिक रजा पिता मो.नसीर गोरी निवासी ग्राम -कचहरी वार्ड दुर्ग तहसील दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 686/8 का टुकड़ा रकबा 0.012 हें भूमि को विक्रेता मो.कलीमुददीन पिता अब्दुल हलीम निवासी ग्राम केलाबाड़ी से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 20/05/2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 06/06/2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयवधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22-05-2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./911/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती अंजुम अख्तार पति तनवीर अहमद निवासी ग्राम आमापुरा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 686/8 का टुकड़ा रकबा 0.014हें भूमि को विक्रेता मो. कलीमोद्दीन पिता अब्दुल हलीम निवासी ग्राम केलाबाड़ी दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 20/05/2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 06/06/2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयवधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22-05-2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./909/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो.फराज आलम पिता खुर्शीद आलम निवासी ग्राम भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 687/632 रकबा 0.009 हें भूमि को विक्रेता आशीष अग्रवाल पिता लवकुंश अग्रवाल निवासी ग्राम कादम्बरी नगर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 06/05/2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 06/06/2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयवधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21-05-2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
**उद्घोषणा**

ऑन.पंजी. 202005100400315

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कविता मिश्रा पति श्री गोपाल मिश्रा निवासी -गणेश चौक मरोदा टैंक भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम- धनोरा प.ह.न 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 1054/7 रकबा 0.0300 हें 2905 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डावर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26/05/2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
**उद्घोषणा-पत्र**

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम पूनम राठौर | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202005100400172

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती पूनम राठौर जौ. रमेश कुमार राठौर निवासी म.न. 269 ए वार्ड 08 दल्लीराजहरा तहसील व जिला बालोद छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

**अनुसूची**

| ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है | खसरा नंबर | रकबा | प्रयोजन |
|---|---|---|---|
| ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग | 246/11 | 0.020 हें 2270 वर्गफीट | आवासीय |

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.)
**मामले की श्रेणी-राजस्व**

मा.क्रं. 202005101000018/471
विषयः अ-06 वर्ष 2019-20
कंचादुर प.ह.न. 00017(928/1(0.3050 हे.)
पक्षकारों का विवरण :
आवेदक पक्षकार- श्रीमती रुखमणी देवांगन
अनावेदक पक्षकार- शिवकुमार मौर्या अन्य 01

**ईश्तहार**

आवेदक रुखमणी देवांगन पति स्व. संतोष कुमार देवांगन निवासी शिवाजी नगर कोहका भिलाई द्वारा ग्राम कंचादुर प.ह.न. 17 रा.नि.मं. जामुल तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 928/1 कुल रकबा 0.352 हें में से रकबा 0.010 हे. 1102 वर्गफीट भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर विक्रेता शिव कुमार मौर्या पिता रामनारायण मौर्या एवं रामायण प्रसाद शर्मा पिता स्व. जी. शर्मा, शारदा कुमार साहू पिता गौदूलाल निवासी पुरानी बस्ती कोहका भिलाई से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बैनामा की छाया प्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 11.06.2020 तक स्वयं अथना अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20.05.2020 को जारी किया गया है।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर (छ.ग.)

### न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग अण्डा जिला दुर्ग (छ.ग.)
**मामले की श्रेणी- राजस्व**

मा.क्र. 202005101200034/394
विषयः-अ-6 सन् 2019-20
झोला प.ह.न. 00031(हें0) तिरगा प.ह.न. 00031(हें0)
पक्षकारों का वितरण -आवेदक पक्षकार - रामकिसुन
अनावेदक पक्षकार- तोरनलाल

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हकत्यागकर्ता रामकिसुन पिता स्व. केजूराम देशमुख निवासी ग्राम व पोस्ट तिरगा तह. व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम तिरगा प.ह.नं. 31 खसरा नं. 366 रकबा 007 हे. एवं ग्राम झोला प.ह.न. 31 स्थित भूमि खसरा नंबर 705, 1002 रकबा क्रमशः 0.11, 0.05 हे. कुल रकबा 0.16 हे. भूमि को रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र दिनांक 05.09.2019 के माध्यम से हकत्यागकर्ता तोरनलाल, उषा बाई, आशा बाई के द्वारा पंजीकृत हकत्याग किया गया है। उक्त भूमि को रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र के अनुसार अपने नाम को यथावत रखे जाने एवं हकत्यागकर्ताओं का नाम विलोपित किए जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 08.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22.05.2020 को जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
**उद्घोषणा-पत्र**

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम खिलेश्वरी साहू | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202005100400107

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती खिलेश्वरी साहू पति देवप्रसाद साहू निवासी बजरंग पारा सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

**अनुसूची**

| ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है | खसरा नंबर | रकबा | प्रयोजन |
|---|---|---|---|
| ग्राम कोहका प.ह.न. 19 तह.व जिला दुर्ग | 74/89 | 0.010 हें 1000 वर्गफीट | आवासीय |

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
**उद्घोषणा-पत्र**

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम गंगाराम देशमुख | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202005100400014

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक गंगाराम देशमुख आ. स्व. झाडूराम देशमुख निवासी कोहका भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

**अनुसूची**

| ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है | खसरा नंबर | रकबा | प्रयोजन |
|---|---|---|---|
| ग्राम कोहका प.ह.न. 19 तह.व जिला दुर्ग | 150 | 0.030 हें 2400 वर्गफीट | आवासीय |

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 18.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
**उद्घोषणा-पत्र**

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम गंगाराम देशमुख | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202005100400015

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक गंगाराम देशमुख आ. स्व. झाडूराम देशमुख निवासी कोहका भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

**अनुसूची**

| ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है | खसरा नंबर | रकबा | प्रयोजन |
|---|---|---|---|
| ग्राम कोहका प.ह.न. 19 तह.व जिला दुर्ग | 152 | 0.030 हें 2400 वर्गफीट | आवासीय |

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 18.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सुमित्रा देवी आ. श्यामनारायण यादव साकिन रिसाली द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 632/29 रकबा 0.010 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से संतू प्रसाद यादव आ. मुलू यादव से क्रय किया है की नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को तबादला नामा के आधार पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 14.06.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक नथुनी भगत आ. रामसेवक साकिन रुआबांधा द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 274/281 रकबा 0.010 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से श्रीमती अर्चना मौर ध.प. सुभाष मौर से क्रय किया है की नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को तबादला नामा के आधार पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 14.06.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

■ न्यूज गैलरी

## कोरोना लॉकडाउन में ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हो रही हैल्थ एंड वैलनेस सेंटर

**गंडई पंडरिया।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से गाँव मे स्थापित हैल्थ एन्ड वैलनेस सेंटर पर तैनात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा गाँव के लोगों को बुनियादी सेवाएं प्रदान की जा रही है। कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए लॉकडाउन में हैल्थ एन्ड वैलनेस सेंटर गाँव के लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है। उनके द्वारा ब्लड प्रेशर सुगर के जाँच के बाद उन्हें दवाइयां भी दी जा रही है। साथ ही साथ कोरोना वायरस से बचने के उपाए जैसे मास्क की उपयोगिता एवं हाथ धोने एवं सोशल डिस्टेंस के महत्व को गाँव के लोगों को समझाया जा रहा है। गर्भवती एवं नवजात शिशुओं को निःशुल्क टीकाकरण भी किया जा रहा है, बिना किसी छुट्टी के सीएचओ अपनी जान की परवाह किए बिना निरन्तर अपने कर्तव्य का पालन कर रहे हैं। हमारी टीम के पहुँचने पर ग्राम जगमड़वा के सीएचओ एकता जंघेल बाहर से आए प्रवासी मजदूरों के क्वारन्टीन सेंटर में पूर्ण सुरक्षा के साथ प्राथमिक उपचार की सेवाएं दे रही थी।

## वार्ड 01 में नाली निर्माण का किया भूमिपूजन

**गंडई पंडरिया।** कल 26 मई मंगलवार को वार्ड क्रमांक 01 संत कबीर वार्ड में वार्डवासियों के मांग को देखते हुए वार्ड के ऊर्जावान युवा पार्षद भिगेश यादव ने 14वे वित्त आयोग योजना से नाली निर्माण का कार्य जल्द प्रारम्भ किया जाएगा। इस नाली निर्माण की लागत 3लाख 23हजार की स्वीकृति प्राप्त हुई है।जिसका भूमिपूजन कल सम्पन्न हुए है। भूमिपूजन के कार्यक्रम में गंडई के पूर्व जमीदार एवम पूर्व मंडी अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो एल्डरमैन बालकदास डहरिया भिगेश यादव पूर्व पार्षद बालकिशन यादव पार्षद क्रांति ताम्रकार सूरज नामदेव दिलीप ओगरे मीडिया प्रभारी अमित टंडन के साथ वार्ड के लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## गंडई कांग्रेसियों ने झीरम श्रद्धांजलि दिवस मनाया

**गंडई पंडरिया।** गंडई ब्लॉक में गंडई कांग्रेसियों के द्वारा झीरम घाटी में शहीद हुए कांग्रेस नेताओं तथा वीर जवानों को गंडई राजमहल में विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। वर्ष 2013 के विधान सभा चुनाव के ठीक पहले कांग्रेस पार्टी के परिवर्तन यात्रा जोर सोर से चल रहा था। कांग्रेस के परिवर्तन यात्रा बस्तर संभाग से वापस आ रहा था। तभी परिवर्तन यात्रा के काफिले पर झीरम घाटी में 25 मई को नक्सलियों द्वारा ताबड़तोड़ हमला के साथ फायरिंग कर दिया। जिसमें तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नंदकुमार पटेल, विद्याचरण शुक्ल, बस्तर टाइगर महेंद्र कर्मा, उदय मुदलियार, दिनेश पटेल और कांग्रेस के नेताओं सहित सहित वीर जवानों की शहादत हुई थी। जिसके सम्मान में छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूरे प्रदेश भर में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा झीरम श्रद्धांजलि दिवस के रूप में मनाया गया। झीरम श्रद्धांजलि दिवस के अवसर पर गंडई जमीदार राजा लालटार्केश्वरशाह खुशरो, सतीश सिंघानिया, दिलीप ओगरे, चेतन देवांगन, भिग्नेश यादव, नारायण चतुर्वेदी,क्रांति ताम्रकार बालकिसन यादव, अमित टंडन और कमलेश धुर्वे उपस्थित रहें।

## कोरोनाटाईन सेंटर का निरीक्षण

**खरोरा।** विश्व में फैली कोरोना महामारी के कारण जीविकोपार्जन करने महाराष्ट्र ,उत्तर प्रदेश , मध्य प्रदेश ,उड़ीसा आदि स्थानों से आए प्रवासी मजदूरों को ग्राम पंचायत चिचोली , गौरखेड़ा , रायखेड़ा , सोनतरा ,खौना , में कोरोनाटाईन सेंटर में रखा गया है। जिनका स्वास्थ्य एवं उनके रहने की व्यवस्था का जायजा लेने भाजपा जिला रायपुर ग्रामीण अध्यक्ष गुलाब टिकरीहा ,कार्यकारिणी सदस्य डोगेंद्र नायक , भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र वर्मा , भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष दीपक तिवारी महामंत्री पुरेंद्र पाध्याय वार्लटीयर संयोजक खिलेश साहू संयोजक यशवंत कनोजे ,हेमंत वर्मा ,राकेश कनोजे , दिवाकर चंदेल ग्राम पंचायत के सरपंच एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# 15 दिन में रकम डबल का झांसा देकर ठगे 48 लाख, दो गिरफ्तार

**खरोरा।** फर्जी कम्पनी बना रकम 15 दिन मे दुगुना करने कि झांसा देकर ठगी करने वाले दो आरोपियों को खरोरा पुलिस को पकडने मे सफलता मिली वही इस धोखाधड़ी मे शामिल अन्य आरोपियों तक पहुचने पुलिस पहुचने मे लगी है ,पकडे गये दोनो आरोपीयो को जेल भेजा गया ।

खरोरा थाना प्रभारी रमेश मरकाम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 23मई को एस कुमार साहू ने पुलिस अधीक्षक रायपुर मे आवेदन दिया आवेदनव दस्तवेज को आधार मान खरोरा पुलिस ने जांच किया जहाँ पुलिस जांच दल को जांच के दौरान आरोपी कमलनारायण देवागंन व अन्य लोगो ने फर्जी द फ्यूचर कम्पनी के नाम देकर साफ्टवेयर तैयार कर रकम दुगुना करने का लालच देकर अलग अलग लोगों से 48लाख 5हजार980रूपय अलग अलग किश्तों मे नगदी व पेटीएम के माध्यम से ठगी गिरोह ने धोखाधडी कि जांच मे सभी आरोपियों के आरोप सही पाये जाने के चलतेइनके खिलाफ धारा 420,34भा.द.वि अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया पुलिस के उच्च अधिकारियों के दिशानिर्देश मे टीम बना आरोपीयो को पकडने जुठी पुलिस टीम को फर्जी कम्पनी के मुखिया कमलनारायण देवागंन पिता जागेश्वर देवागंन उम्र 36वर्ष ग्राम धिवरा व कमलनारायण के सहयोगी श्रवण साहू पिता विश्राम साहू 38वर्ष ग्राम धिवरा जो बिरगांव क्षेत्र मे फर्जी कम्पनी सम्हालता था को गिरफ्तार कर थाना लाया गया जहाँ आरोपी एक लाख नगदी सहित कंप्यूटर बरामद कमलनारायण ने बताया कि वह अपने साथीयों के साथ हो द फ्यूचर हेल्प कम्पनी के साफ्टवेयर बना कर आम लोगो से चैन बनाकर ईनाम का लालच देकर लोगो से प्रति पिन 1800व 300रूपय रजिस्ट्रेशन का लेकर स्वम रख लेता था ,आरोपियों ने अब तक रकम15दिन मे रकम दुगुना करने का झासां देकर 48लाख रुपय से ज्यादा का धोखाधड़ी कर चुका है आरोपी के इस कृत्य पर धारा 406भा.द.वि एवं ईनामी चीट और धन परिचालन स्कीम अधिनियम कि धारा 4,6एवं छत्तीसगढ़ निक्षेपको के हितो का संरक्षण अधिनियम 2005की धारा 10का पाये जाने से धारा आरोपियों पर जोडा गया ,पकडे गये दोनो आरोपियों से पुलिस ने लैपटॉप,डेस्कटॉप, नगदी रकम 1लाख,पाच हजार नौ सौ सत्तर रूपय सहित दस्तवेज बरामद कर दोनो आरोपी को जेल भेजा वही अन्य आरोपी कि धरपकड़ मे पुलिस जुठी है।

# अधिकारियों की उपस्थिति में 40 लाख की शराब का नष्टीकरण

नवप्रदेश संवाददाता

**खरोरा।** न्यायलीन आदेश के अनुसार समय समय पर थाने में जप्त किए गए से शराबो को नष्ट करने का प्रावधान होता है इसी प्रक्रिया के तहत् आरंग थाने में वर्ष 2011 से 2016 तक जब्त द्यलगभग 40 लाख के मदिरा का नष्क्रिरण किया गया। आरंग थाना प्रभारी लेखधर दिवान ने जानकारी देते हुए बताया कि न्यायालय के आदेशानुसार थाना में रखे उक्त मदिरा के नष्क्रिरण के लिए टीम बनाई गई । जिसके बाद रायपुर एस एस पी शेख के निर्देश पर सी एस पी माना एल सी मोहले,आबकारी उपनिरीक्षक उमेश अग्रवाल और आरंग थाना प्रभारी लेखधर दीवान की एक टीम बनाकर उनके समक्ष उक्त मदिरा को नगर के बाहर चिन्हित जगह पर जेसीबी से नष्ट करा कर गढ्ढे में डालकर पाट दिया गया। इस दौरान लगभग 4446 लीटर मदिरा नष्ट किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 40 लाख रुपए बताई जा रही है।

> न्यायलय के आदेश के अनुसार विभिन्न प्रकरणों से थाने में जप्त शराब को रायपुर एस एस पी शेख़ के निर्देश पर जे सी बी के माध्यम से नष्ट करवा कर उक्त शराब को उचित स्थान पर पाटा गया
>
> **लेखधर दीवान,** थाना प्रभारी आरंग

## श्रमिक महिलाओं के लिए सैनेटरी पैड उपलब्ध कराया क्षत्रिय समाज ने, कलेक्टर ने सराहा

**बिलासपुर।** लॉकडाउन के कारण सैनेटरी पैड की उपलब्धता में कमी को देखते हुए अखिल भारतीय क्षत्रिय महिला महासभा 'वीरांगना' की बिलासपुर इकाई ने दूसरे प्रदेशों से आ रही श्रमिक एवं गरीब महिलाओं को सैनेटरी पैड उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। 28 मई विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर आज कलेक्टर डॉ. संजय अलंग को उन्होंने पैड के बॉक्स महिलाओं को उपलब्ध कराने के लिए सौंपा। डॉ. अलंग ने उनकी इस पहल की सराहना की और इस योगदान को महत्वपूर्ण बताया। संगठन की जिला प्रभारी श्रीमती संध्या सिंह ने बताया कि वे गरीब एवं दूसरे प्रदेश से आ रही श्रमिक महिलाओं को संगठन द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाला सैनेटरी पैड बायोडिग्रेडेबल व स्वास्थ्य के लिए उत्तम होगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्रीमती सरिता सिंह, महासचिव श्रीमती स्वाति सिंह एवं अन्य महिलाएं उपस्थित थीं।

## नई दिल्ली-बिलासपुर स्पेशल गाड़ी 723 यात्रियों के साथ पहुंची बिलासपुर

**बिलासपुर** । रेलवे प्रशासन द्वारा 12 मई से 15 जोड़ी गाड़ियों का परिचालन नई दिल्ली से देश के विभिन्न क्षेत्रों में किया जा रहा है। इसी कडी में गाडी संख्या 02442/02441 नई दिल्ली-बिलासपुर-नई दिल्ली स्पेशल गाड़ी का परिचालन भी जारी है। यह गाड़ी नई दिल्ली से प्रत्येक मंगलवार व शनिवार तथा बिलासपुर से प्रत्येक सोमवार व गुरुवार को चलाई जा रही है। गाडी संख्या 02442 नई दिल्ली से दिनांक 26 मई को बिलासपुर के लिये दोपहर 16 बजे रवाना हुई तथा आज 12 बजे बिलासुपर स्टेशन पहुंची। बिलासपुर स्टेशन पर उतरने वाले यात्रियों को सुरक्षित सोशल डिस्टेन्सिंग के साथ उतारने और अन्य मार्गदर्शन हेतु रेलवे प्रशासन द्वारा तमाम व्यवस्थायें की गई थी। सभी यात्रियों को बेरिकेटिंग व बनाए गए मार्किंग के साथ सुरक्षित तरीके से सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन सुनिश्चित करते हुये उतारे गए तथा मेडीकल टीम द्वारा बनाये गये 06 स्वास्थ्य परीक्षण काउंटरों में सभी 723 यात्रियों का बारी-बारी से थर्मल स्क्रीनिंग व अन्य परीक्षण किया गया। तत्पश्चात सभी यात्रियों को उनके गंतव्य के लिये रवाना किया गया।

## आरक्षण व टिकटों को कैंसल कराने जुटी भीड़

**बिलासपुर** । रेलवे बोर्ड के दिशानिर्देशनुसार यात्रियों की सुविधा हेतु 22 मई 2020 से मंडल के बिलासपुर, रायगढ़, चाम्पा, कोरबा, शहडोल अनूपपुर, अम्बिकापुर, पेण्ड्रा रोड़, उमरिया, खरसिया, सक्ती, अकलतरा, नैला, ब्रजराजनगर, बेलपहाड़, उसलापुर, कोतमा, बाराद्वार, मनेन्द्रगढ़ सहित कुल 19 आरक्षण काउंटर खोले गए हैं। यात्रियों की बेहतर सुविधा हेतु आरक्षण काउंटर की संख्या योजनाबद्ध तरीके से बढ़ाई जा रही है। 26 मई से विश्रामपुर व बैकुंठपुर के आरक्षण काउंटर भी खोल दिये गए हैं। स्पेशल गाड़ियों के आरक्षण तथा रद्दीकरण दोनों कार्य किए जा रहे है। सभी काउंटरों में कोविड-19 के प्रोटोकाल के तहत मास्क पहनने व सामाजिक दूरी का पालन करते हुए कार्य संचालित किए जा रहे हैं। साथ ही सभी को आरोग्य सेतु app का प्रयोग करने की सलाह दी जा रही है।

## एआईवायएफ कोण्डागांव ने राष्ट्रपति को प्रेषित किया ज्ञापन, 7 सूत्रीय मांग संबंधी

**कोण्डागांव।** अखिल भारतीय नौजवान सभा के शिक्षा-स्वास्थ्य-रोजगार, हमारा मौलिक अधिकार नारे को लेकर अखिल भारतीय नौजवान सभा (एआईवायएफ) जिला ईकाई कोण्डागांव के जिला अध्यक्ष भीषम मरकाम, जिला सचिव जयप्रकाष नेताम, दिनेष मरकाम, नरेंद्र कुमार, राम कुमार नेताम, फुलसिंह आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने 26 मई को महामहिम राश्ट्रपति भारत षासन के नाम 7 सूत्रीय मांग संबंधी प्रेषित ज्ञापन को अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोण्डागांव कार्यालय में सौंपा। अखिल भारतीय नौजवान सभा द्वारा सात सूत्रीय मांगों को पूरी करने संबंधी सौंपे गए ज्ञापन के विषय में जानकारी देते हुए एआईवायएफ के पदाधिकारियों ने बताया कि अखिल भारतीय नौजवान सभा (ए.आई.वाय.एफ) द्वारा 23 मई 2020 को 7 सूत्रीय मांगों को लेकर राष्ट्र व्यापी प्रतिरोध दिवस मनाया गया था, उक्त क्रम को ही आगे बढ़ाते हुए अखिल भारतीय नौजवान सभा (ऑल इंडिया युथ फेडरेषन) जिला ईकाई कोण्डागांव द्वारा 26 मई को उक्त ज्ञापन सौंपा जाकर महामहिम राष्ट्रपति से 7 सूत्रीय मांगों को पूर्ण करने का आग्रह किया गया है। ए.आई.वाय.एफ द्वारा मेहनतकशों, आम जनता को घर पहुंचाने रेल-बस फ्री और पर्याप्त मात्रा में चलाने, भगत सिंह रोजगार गारंटी एक्ट (बनेगा) लागू करने, बेरोजगारों को रु.10 हजार मासिक रोजगार प्रतीक्षा भत्ता देने, 15 करोड़ गरीब परिवारों को तीन महीने तक रु.10 हजार कोरोना राहत राशि देने आदि की की मांग की गई है।

## जिले में फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले टिड्डी दल के प्रकोप से बचाव के लिए अलर्ट जारी

**बेमेतरा/साजा।** फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले टिड्डी दल (लोकस्ट स्वार्म) का प्रकोप राजस्थान होते हुए महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश राज्य तक पहुंच गया है। सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण यह हमारे राज्य और जिले में भी प्रवेश कर सकते है। केन्द्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केन्द्र के सहायक निर्देशक ने सीमावर्ती जिले के कृषि अधिकारीयों कर्मचारियों एवं किसानों को सचेत रहने कहा है। टिड्डी दल सायंकाल 6-9 बजे खेतों में झुड़ में रहते है, इनकी गति 80-150 किलोमीटर प्रतिदिन होती है। तदनुसार कृषकों, ग्रामीणों कृषि विस्तार अधिकारी के माध्यम से तत्काल जानकारी प्राप्त करके नियंत्रण हेतु कृषि विभाग द्वारा पूर्ण तैयारी कर ली गई है। इसके रोकथाम के लिए जिले के प्राइवेट डीलर्स के यहाँ प्रभावशील अनुसंशित दवाइयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। किसान डेजर्ट एरिया के लिए कीटनाषक मैलाथियोन, फेनवलरेट, क्विनालफोस तथा फसलों एवं अन्य वृक्षों के लिए क्लोरोपायरीफोस, डेल्टामेथ्रिन, डिफ्लूबेनजुरान, फिप्रोनिल, लेमडासाइहेलोथ्रिन कीटनाशक का प्रयोग कर सकते है।

**टिड्डियां क्या है:** कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार, टिड्डियों को उनके चमकीले पीले रंग और पिछले लंबे पैरो से उन्हे पहचाना जा सकता है। टिड्डी जब अकेली होती हैं तो उतनी खतरनाक नही होती लेकिन झुंड में रहने पर इनका रवैया बेहद आक्रमक हो जाता है। टिड्डी दल करोड़ो की संख्या में होती है और फसलों को एकतरफा सफाया कर देती है। आपको दुर से ऐसा लगेगा, मानो आपकी फसलों के ऊपर किसी ने एक बड़ी-सी चादर बिछा दी हो।

# आरोपियों ने पुलिस अधिकारी पर लगाया लेन-देन का आरोप

■ **कांग्रेसियों ने थाने पहुंच किया विरोध**

**कोण्डागांव।** तकरीबन चार माह पहले शहर के एक संभ्रांत परिवार कपिल चोपड़ा के घर पर उसके छोटे भाई प्रेमराज की पत्नी की तबियत खराब होने के बाद उसे जिला हास्पिटल मे भर्ती कराया गया था। और बेहतर इलाज के रेफर भी किया गया था। इसी बीच धमतरी में मृतिका की तबीयत ज्यादा खराब होने और उसकी मौत होने के बाद मृतिका के मायकेपक्ष के लोगों ने अपनी बेटी को पायजन देकर उसे मार डालने का आरोप लगाते हुए धमतरी थाने में मामला शून्य दर्ज कराया था। जिसकी विवेचना कोण्डागांव डीएसपी के द्वारा किया जा रहा था। इसी बीच जांच कार्यवाही के दौरान सह आरोपी बनाए गए कपिल चोपड़ा सहित परिवार के 5 अन्य सदस्यों को बुधवार की सुबह उनके घर से कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसकी सूचना जब कांग्रेसी नेताओं को लगी तो धीरे-धीरे कर थाने पहुंचने लगे और गिरफ्तारी का विरोध करते रहे। लेकिन कोतवाली पुलिस अपनी कार्यवाही में जुटी रही और सह आरोपी बनाए गए सभी को न्यायलय में पेश किया गया। जहॉ इन्हें पुलिस रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। हालांकि इस बीच कोर्ट के बाहर लोगों की भीड़ देर शाम तक जुटी रही। हलांकि पुलिस अपनी कार्यवाही में जुटी हुई है।

**मामला रफा-दफा करने रकम मांगने की पेशकश:** सह आरोपी बनाए गए कपिल चोपड़ा से जिले के एक बड़े पुलिस अधिकारी पर मामला रफा-दफा करने एक व्यक्ति के माध्यम से मैसेज भेजने का आरोप लगाते हुए कहा कि, पुलिस अधिकारी ने इस मामले को निपटने और मामले के खात्में के लिए 10 लॉख रूपए की पेशकश की थी। लेकिन पैसा नहीं देने के चलते उन पर यह कार्यवाही की गई है। वहीं कांग्रेस के प्रदेश सचिव मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि, पुलिस अधिकारी के द्वारा किया गया यह कोई पहला मामला नहीं है, जिसमें पैसे की मांग की गई हो। वही पीसीसी चीफ मोहन मरकाम ने कहा कि, मुझे इस संबंध में जानकारी नहीं है, यदि इस तरह से किसी अधिकारी के द्वारा पैसे की मांग की गई है तो इसकी जांच करवाई जाएंगी।

# पं. जवाहरलाल नेहरू के 56वीं पुण्यतिथि श्रद्धांजलि अर्पित की गई

**महासमुंद।** पं. जवाहरलाल नेहरू के 56वीं पुण्यतिथि पर नगर पालिका उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर एवं पार्षद निखिलकांत साहू ने मुख्य चौक स्थित नेहरू जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उपाध्यक्ष श्री चंद्राकर ने नेहरू जी द्वारा देश हित में किए गए उल्लेखनीय कार्यों को याद करते हुए कहा जवाहरलाल नेहरु भारत के पहले प्रधानमंत्री और स्वतंत्रता के पहले और बाद में भारतीय राजनीती के मुख्य केंद्र बिंदु थे। वे महात्मा गाँधी के सहायक के तौर पर भारतीय स्वतंत्रता अभियान के मुख्य नेता थे। जो अंत तक भारत को स्वतंत्र बनाने के लिए लड़ते रहे और स्वतंत्रता के बाद भी 1964 में अपनी मृत्यु तक देश की सेवा की है। उपाध्यक्ष श्री चंद्राकर ने कहा कि नेहरू जी को आधुनिक भारत का रचयिता माना जाता था। पंडित संप्रदाय से होने के कारण उन्हें पंडित नेहरु भी कहा जाता था। जबकि बच्चों से उनके लगाव एवं प्रेम के कारण बच्चे उन्हें ÷चाचा नेहरु÷ के नाम से जानते थे।

पालिका उपाध्यक्ष ने आगे कहा कि भारत के इतिहास में एक ऐसा दौर भी आया था, जब महात्मा गांधी को स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पद के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल और जवाहरलाल नेहरू में से किसी एक का चयन करना था। लौह पुरुष के सख्त और बागी तेवर के सामने नेहरू का विनम्र राष्ट्रीय दृष्टिकोण भारी पड़ा और वह न सिर्फ़ इस पद पर चुने गए, बल्कि उन्हें सबसे लंबे समय तक विश्व के सबसे विशाल लोकतंत्र की बागडोर संभालने का गौरव हासिल भी हुआ। उन्होंने बताया कि जवाहरलाल नेहरू के नागरिकता देश की सेवा में निहित है। संस्कृति मन और आत्मा का विस्तार है। असफलता तभी आती है जब हम अपने आदर्श, उद्देश्य, और सिद्धांत भूल जाते हैं। दुसरों के अनुभवों से लाभ उठाने वाला बुद्धिमान होता है। लोकतंत्र और समाजवाद लक्ष्य पाने के साधन है, स्वयम में लक्ष्य नहीं। लोगों की कला उनके दिमाग का सही दर्पण है। जैसे प्रासंगिक विचारों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर पार्षद अमन चंद्राकर, पूर्व पार्षद कपिल साहू, जय पवार, गौरव भारद्वाज उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना पर लगा कोरोना का ग्रहण, नहीं हो पा रहा गरीब बेटियों का पाणिग्रहण

**राज्य सरकार की ओर निहार रही बेटियां कब होंगे इनके हाथ पीले, दाऊ की ओर निहार रहे गरीब परिवार, नही हो पा रहा बेटियों के हाथ पीले**

नवप्रदेश संवाददाता

**कवर्धा।** वर्तमान समय में चौथा लॉकडाउन देश में चल रहा है। इसके साथ ही देश को फिर से गति देने नियमों का पालन करते हुए दुकानों के संचालन के लिए आदेशित किए गए हैं, तो इसके साथ ही लॉकडाउन में भी विवाह के लिए अनुमति दी जा रही है जिससे लोग सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए विवाह कार्यक्रम को संपन्न कर रहे हैं। लेकिन मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत कबीरधाम जिले के चारों ब्लाकों को मिलाकर लगभग महिला एंव बाल विकास में ढाई सौ से ज्यादा आवेदन जमा किए जा चुके हैं किंतु लॉकडाउन के चलते अब इन गरीब बेटियों के हाथ पीले नही हो पा रहे है। सीधे तौर पर कहा जाए तो इन बेटियों के हाथ पीले कोरोना ग्रहण के चलते नहीं हो पा रहा है और इस तरह ढाई सौ से ज्यादा गरीब परिवार की बेटियों की शादी को कोरोना का ग्रहण लगते नजर आ रहा है। दरअसल मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत कबीरधाम जिले में ढाई सौ विवाह संपन्न कराया जाना था इसके साथ ही विभाग में 300 से ज्यादा आवेदन आ चुके हैं। वही बहुत से परिवार के लोगों ने इस लॉकडाउन में भी जैसे तैसे कर

अपनी बेटियों के हाथ पीले कर चुके हैं, लेकिन अब कुछ ऐसे भी गरीब परिवार हैं जो राज्य सरकार की ओर निहार रहा है कि जैसे अन्य लोगों की शादी हो रही है उसी प्रकार मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत लॉकडाउन में बनाए गए नियमों का पालन करते हुए इन गरीब बेटियों की भी शादी कराई जा सकती है। फिलहाल अभी महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा विवाह को लेकर किसी प्रकार से कोई आयोजन की जानकारी नहीं मिल रही है। वही गरीब परिवार के लोग राज्य सरकार की ओर निहार रहे हैं कि उनकी बेटियों की हाथ भी जल्द से जल्द पीले हो सके।

पहले इस योजना के अंतर्गत गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए कुल 15,000 रूपये की वित्तीय सहायता दी जाती थी। लेकिन अब छतीसगढ़ के नयी सरकार ने अपना पहला बजट 2019-20 पेश किया। जिसमें मुख्यमंत्री श्री बघेल ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत मिलने वाली राषि 15 हजार से बढ़ा कर 25 हजार कर दी है। जिससे गरीब परिवार की बेटियों की शादी बिना किसी आर्थिक परेशानी से हो सके। लेकिन वर्तमान समय में लॉकडाउन के चलते राज्य सरकार की महत्वपूर्ण मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का लाभ गरीब परिवार को नही मिल पा रहा हैं।

### गरीब परिवारों की बढ़ रही चिंता

गरीबी के चलते हमारे देश में कई ऐसे परिवार हैं जिनकी बेटियों की शादी आर्थिक स्थिति अच्छी न होने के कारण कई मुश्किलों से होकर गुजरती है। गरीबी के कारण शादी जैसे बड़े कार्यो में होनी वाली परेशानियों को दूर करने के लिए सरकार ने कई कदम उठाये हैं। देश के कई राज्यों में बेटियों के विवाह के लिए कई योजनाओं को लागू किया गया है। ऐसा ही छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने गरीब परिवार की बेटियों की शादी कराने के लिए वित्तीय सहायता देने की योजना बनाई है। लेकिन अब इस योजना को भी मानो वर्तमान समय में कोरोना वायरस का ऐसा ग्रहण लगा है कि गरीब बेटियों के हाथ पीले नही हो पा रहे है।

## न्यूज गैलरी

### प्रवासी मजदूर रेवाराम की मृत्यु नहीं थे कोरोना के लक्षण

**राजनांदगांव।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. मिथलेश चौधरी ने सूचना दी है कि विकासखण्ड छुरिया के ग्राम गहिराभेड़ी में 25 मई 2020 को सायं 6.36 बजे रांची से पहुंचे प्रवासी मजदूर रेवाराम पिता स्व. रामसाय यादव को क्वारेंटाईन सेंटर प्राथमिक शाला गहिराभेड़ी में क्वारेन्टीन किया गया था। क्वारेंटाईन के दौरान संबंधित को कोरोना के कोई भी लक्षण सर्दी, खांसी, बुखार, सांस लेने में तकलीफ नहीं था। क्वारेंटाईन परिसर में गिरा पड़ा देख गांव की एक महिला द्वारा ग्राम पंचायत एवं स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य कार्यकर्ता को सूचना दी गई। ग्राम पंचायत गहिराभेड़ी के सरपंच द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार 25 मई 2020 को रात्रि 8.30 बजे घटना की सूचना प्राप्त होते ही तत्काल सरपंच ग्राम पंचायत गहिराभेड़ी, स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन एवं ग्रामीणजन घटना स्थल पहुंचे। जहां रेवाराम पिता स्व. रामसाय यादव मृत अवस्था में पाया गया। तत्पश्चात् मृतक रेवाराम को मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के मरचूरी में रखवाया गया चूंकि मृतक अन्य राज्य से आया था इस कारण आरटीपीसीआर सेंपल लेकर जांच के लिए भिजवाया जाएगा।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में ऋणी व गैर ऋणी किसान हो सकते है शामिल

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ मौसम वर्ष 2020-21 जिले में संचालित है। इसके तहत् खरीफ में मुख्य फसल धान सिंचित, धान असिंचित एवं अन्य फसल मक्का, सोयाबीन शामिल है। योजना के अंतर्गत ऋणी एवं गैर ऋणी किसान (भू-धारक एवं बटाईदार) शामिल हो सकते है। जिस ग्राम में अधिसूचित फसल निहित है वह किसान फसल बीमा करा सकते है। किसानों को फसल बीमा कराने के लिए जिले में फसलवार निर्धारित ऋणमान के आधार पर प्रति हेक्टेयर 2 प्रतिशत प्रीमियम दर से योजना में शामिल हो सकते है। बीमा इकाई में अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी ऋणी एवं गैर ऋणी किसान जो इस योजना में शामिल होने के इच्छुक हो वे बुआई पुष्टि प्रमाण पत्र क्षेत्रीय पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से सत्यापित कराकर तथा आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खसरा बी-1 एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज (बोनी प्रमाण पत्र) प्रस्तुत कर योजना में शामिल हो सकते है। शासन द्वारा योजना के तहत् फसल बीमा कराने की अंतिम में संशोधन करते हुए खरीफमौसम के लिये 15 जुलाई तथा रबी के लिये 15 दिसंबर निर्धारित की गई है। इस वर्ष से ऋणी कृषक फसल बीमा में स्वेच्छापूर्वक शामिल हो सकेंगे। योजना के प्रावधान के अनुसार फसल बीमा में शामिल नहीं होने वाले ऋणी कृषक फसल बीमा की अंतिम तिथि के 7 दिवस पूर्व अर्थात् खरीफके लिए 8 जुलाई एवं रबी के लिए 8 दिसंबर तक निर्धारित असहमति प्रपत्र में के.सी.सी. प्रदायकर्ता बैंक को लिखित सूचना देनी होगी अन्यथा पूर्व वर्षो की तरह स्वमेव ही फसल बीमा किया जाएगा।

### बागनदी एवं बेलगांव की मदिरा दुकानें संचालन की अनुमति

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जयप्रकाश मौर्य ने छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग के निर्देश एवं नियमानुसार देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान बागनदी एवं विदेशी मदिरा दुकान बेलगांव को सुचारू रूप से संचालन के लिए अनुमति प्रदान की है। कोरोना वायरस कोविड-19 की महामारी बढ़ते प्रकरण को देखते हुए जिले स्तर पर गतिविधियां संपादित करने के लिए कन्टेंटमेंट जोन एवं सर्वेलेंस की तैयारी के लिए पॉजिटिव केस के निवास से सभी दिशाओं में लगभग एक किलोमीटर की दूरी तक कन्टेंटमेंट जोन होगा। जिले की वृत्त घुमका क्षेत्र के देशी-विदेशी मदिरा दुकान सोमनी, सांकरा, वृत्त डोंगरगांव क्षेत्र की देशी-विदेशी मदिरा दुकान डोंगरगांव, वृत्त चिचोला क्षेत्र के देशी-विदेशी मदिरा दुकान बागनदी, वृत्त डोंगरगढ़ क्षेत्र के विदेशी मदिरा दुकान बेलगांव कन्टेंटमेंट जोन से 1 किलोमीटर की दूरी से अधिक होने से मदिरा दुकान को सुचारू रूप से संचालन किया जाना है।

### बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

**राजनांदगांव।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देश के परिपालन में संयुक्त जिला कार्यालय भवन के कक्ष क्रमांक 11 में जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना कर दी गई है। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। आगामी बरसात के मौसम में प्राकृतिक आपदा, बाढ़, अतिवृष्टि की स्थिति में बचाव एवं राहत व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए जिला स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। डिप्टी कलेक्टर एवं राहत शाखा की प्रभारी मती लता युगल उर्वशा (मोबाईल नंबर 99811-85311) को जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष का नोडल अधिकारी बनाया गया है। नियंत्रण कक्ष एक जून 2020 से 15 अक्टूबर 2020 तक 24 घंटे चालू रहेगा। यहां पर दूरभाष क्रमांक 07744-220557 लगा है।

### राजनांदगांव जिले में टिड्डी दल आने की संभावना

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने जिले में टिड्डी दल के प्रकोप से बचाव के लिए जिला स्तरीय दल का गठन किया है। जिले में लाखों की संख्या में टिड्डियों का समूह दो दिन बाद आने की संभावना व्यक्त की जा रही है। वर्तमान में अमरावती (महाराष्ट्र) व मंडला (मध्यप्रदेश) में टिड्डी दलों की आमद दर्ज हो गई है। उल्लेखनीय है कि टिड्डी दल के संभावित हमले को लेकर प्रशासन ने अलर्ट जारी कर दिया है। किसानों के फसलों को टिड्डी दल के हमले से बचाने का उपाय भी बताए जा रहे है। शाम को टिड्डी दल के हमले से बचाने के लिए कृषि वैज्ञानिक सलाह दे रहे है। टिड्डी दल के प्रकोप से बचाव के लिए जिला स्तरीय दल का गठन किया गया है।

# ज्ञान के मंदिर में क्या हुई अज्ञानता, क्या मजदूरों को पेपर में परोसा गया खाना

- सांसद से लेकर आम लोगो ने सोशल मीडिया में दी प्रतिक्रिया
- अब इस खबर को लेकर जांच के लिए उठ रहे सवाल

**कवर्धा।** जिले के सहसपुर लोहारा क्षेत्र के सरस्वती शिशु मंदिर क्वारेंटाइन सेंटर में मजदूरों को अखबार में चावल, दाल और सब्जी परोसे जाने की खबर दिन भर सोशल मीडिया में चलती रही। चावल और सब्जी तो अखबार में ठहर गई, लेकिन दाल पेपर पर नहीं रुक पाया और वह जमीन की तरफ बहने लगा। आखिरकार मजदूरों की भूख भी एक मजबूरी है और भूख में इंसान जैसा भी खाना मिले खाने के लिए मजबूर हो जाता है, अगर जिंदा रहना है तो भोजन करना भी जरूरी है। सोशल मीडिया में इस खबर के चलने के बाद जनसंपर्क कार्यालय कवर्धा के प्रभारी अधिकारी के द्वारा इसे फर्जी न्यूज करार दिया गया है। वही राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय इस विषय को लेकर फेसबुक में अपनी प्रतिक्रिया भी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज मानवता शर्मसार हो गई है। मजदूरों को पेपर में खाना दिया जा रहा है। आखिर इन मजदूरों को क्या भोजन भी ढंग से नहीं कराया जा सकता मजदूरों को इस तरह भोजन देना बहुत ही शर्म की बात है। अब इस विषय को लेकर कई तरह की शहर में चर्चाएं भी हो रही है। कोई कह रहा है कि यह तस्वीर कबीरधाम जिले की नहीं है, तो कोई कह रहा है यह तस्वीर कबीरधाम जिले की है। जहां इन मजदूरों की ऐसी दशा बन रही है। कुछ दिनों पहले राम.ष्ण पब्लिक स्कूल से भी कुछ इसी तरह का भोजन से जुड़ी समस्या निकल कर आई थी। वह मजदूरों को समय पर भोजन नसीब नहीं हो पा रहा था, तो इसके साथ ही पिपरिया में भी भोजन की गुणवत्ता को लेकर दो पक्षों में जमकर विवाद हुआ था और इस मामले को सुलझाने 112 रायपुर फोन किया गया रायपुर ने इस मामले को सुलझाने तत्काल ही इसकी जानकारी कवर्धा के पुलिस जवानो को दी। मौके पर 112 की टीम पहुंची और दोनों पक्षों को समझाया। उसके बाद लोग शांत हुए। कुछ दिनों पहले ही ग्राम पुटपुटा से 14 लोग भाग निकले थे जिसमें 11 लोगों को तो पकड़ा जा सका था, लेकिन तीन लोग को नहीं पकड़ा जा सका था आखिरकार पुलिस के जवानों ने उनके घर में जाकर हिदायत देकर आई कि अगर वे नहीं लौटे उन पर कार्रवाई की जाएगी। जिले में क्वारेंटाइन सेंटर अब भगवान भरोसे हैं और मजदूरों की मजबूरी है कि उन्हें कैसे भी कर के 14 दिन बिताने ही पड़ेंगे। फिलहाल अब यह मामला जांच का विषय बन गया है कि हकीकत में घटनाक्रम कहां का है और इसके साथ ही सोशल मीडिया पर ऐसी जानकारी चलती रही है। वही अब यह घटनाक्रम राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। फिलहाल क्वॉरेंटाइन सेंटर से आए दिन नए मामले सुनाई में आ रहा है।

## क्वारंटाईन सेंटरों में मजदूरों की बदहाल व्यवस्था से पंचायतों में नाराजगी : अभिषेक सिंह

**राजनांदगांव।** पूर्व सांसद अभिषेक सिंह राजनांदगांव विधानसभा के क्वारेंटाईन सेंटरों में रह रहे प्रवासी मजदूरों का हालचाल जानने एवं उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के द्वारा दिए जाने वाले सूखा राशन का वितरण करने पहुंचे। उन्होंने लिटिया, कुसुलदैहान एवं इंदामरा क्वारेंटाईन सेंटरों में रह रहे मजदूरों को सुखा राशन का वितरण किया। पंचायतों में क्वारेंटाईन किए गए प्रवासी मजदूरों की स्थिति और राज्य सरकार द्वारा उनके प्रति बेरूखी को देखकर अभिषेक सिंह ने कहा कि राज्य सरकार को इन प्रवासी मजदूरों की देखरेख में लगी पंचायतों को सहयोग देकर संवेदनशीलता का परिचय देना चाहिए, क्योंकि यह श्रमवीर मजदूर देश की ताकत है। आज इनके साथ राज्य सरकार इस तरह से रुखा व्यवहार कर रही है, जिसके कारण पंचायत प्रतिनिधियों में भी नाराजगी है। दौरे में उनके साथ प्रमुख रुप से जिला भाजपा अध्यक्ष मधुसूदन यादव, सावन वर्मा, सौरव कोठारी, रेखा मेश्राम, राधेश्याम गुप्ता, शिव वर्मा, अतुल रायजादा, तरूण लहरवानी, रोहित चंद्राकर, अशोक देवांगन, प्रतीक्षा भंडारी टोमिन लौत्रे, बलराम निर्मलकर, कोमल टंडन, गुलाब वर्मा, सूर्यकांत भंडारी, इंद्रजीत मानिकपुरी, रघुवीर वाधवा, त्रिगुण टांक, आकाश चोपड़ा, सुमित भाटिया, योगेश खत्री, विजय देवांगन, शरद सिन्हा, बंटी भाटिया, आशुतोष ठाकुर सहित ग्रामीण कार्यकर्ता साथ में थे।

## ग्रामीणों ने लगाया सेल्समेन पर मिट्टी तेल और शक्कर की कालाबजारी का आरोप

- मामले की जांचकर निशपक्ष कार्यवाही के लिए उठ रही मांग

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के ग्राम मंडलाटोला में शासन के योजना के अनुसार शासकीय उचित मूल्य के दुकान संचालित किया गया है वही संचालक कर्ता पर ग्रामीणो ने शक्कर और मिट्टी तेल को बेचने का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत तत्कालीन कलेक्टर से की थी। इस संबंध में ग्रामीणों ने सेल्समेन के खिलाफ कलेक्टर और खाद्य निरीक्षक एवं एसडीएम को भी ज्ञापन सौंपकर हटाने की मांग की है। बोडला ब्लॉक से करीब 4 किमी की दूरी पर स्थित ग्राम मंडलाटोला के ग्रामीण पंच जाहरी राम, पंच संपतिबाई, भागचंद धुर्वे, ज्ञान सिंह धुर्वे, कुमारी धुर्वे,सुरेश केशरी, नागेश्वरी धुर्वे, जानकी धुर्वे, दशरथ, छब्बीलाल, परमेश्वर गंधर्व ने बताया कि सेल्समेन के द्वारा तय मूल्य से अधिक राशि में शक्कर और मिट्टी तेल बेचने व मनमानी ढंग से दुकान संचालन करने का आरोप लगाया है। उन्होने बताया कि संचालक के द्वारा शक्कर का मूल्य 20 से 25 रूपये तथा मिट्टी तेल 30 से 35 रूपये के रेट में बेचा जा रहा है। वहीं संचालक ने ग्रामीणों को कहा कि शक्कर और मिट्टी तेल राशन कार्ड में दर्ज ही नहीं किया गया है। ऐसा कहकर कस्बो के ग्रामीणों को वहां से बिना मिट्टी तेल लिये भगा देते है ।

### मिट्टी तेल का कर रहे हेराफेरी

ग्राम मंडलाटोला के ग्रामवासियों ने संचालक के मनमानी को लेकर काफी परेशान हो गये है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मी के दिनों में बिजली गुल होने की शिकायत रहती है। इससे लोगों को अंधेरे में कीडे मकोडे की खतरा बना रहता है। इसके चलते मिट्टी तेल की काफी आवश्यकता पडती है। लेकिन सेल्समेन के द्वारा जब ग्रामीणों ने मिट्टी तेल के लिए मांग करते है तो उन्होंने ग्रामीणों को नहीं है ऐसा कहकर मना कर देते है और उन्होंने हितग्राहियों को अगले महीने आने के लिए कहा जाता है।

## एक तो कोरोना काल, दूसरा कही कबीरधाम पहुंचा टिड्डियो का दल, तो किसानों को झेलना पड़ सकता है नुकसान

**कवर्धा।** देश के कई राज्यों में टिड्डो ने अपना आंतक दिखा चुके है। टिड्डो का दल का अब जिले में भी आगमन होने के संभावना को देखते हुए अलर्ट भी जारी कर दिया गया हैं। जबकि इस बार किसानों को पहले ही कोरोना व बेमौसम बारिश के चलते दोहरी मार झेलनी पडी है। अब ऐसे मे अगर टिड्डियों के दल पहुंचता है तो किसानों की फसल को क्षति पहुंचेगा और किसानों को भारी नुकसान झेलना पड सकता है।

ज्ञात हो कि पाकिस्तान से चला टिड्डी का दल देश के राजस्थान, मध्यप्रदेश सहित महाराष्ट्र जैसे राज्यो मे टिड्डी दल द्वारा अब तक किसानों की फसल को बर्बाद किया जा चुका है। जबकि इनमें से दो प्रदेशों से सीमा लगने के चलते राजनांदगांव व कबीरधाम जिले मे भी इस दल के आने की संभावना जताई जा रही है।

कृशि विभाग व जिला प्रशासन ने टिड्डियों के दल से निपटने तैयारी शुरू कर दी है। लोहारा में डीजे भी बुक किया गया है। इसके साथ ही नगर पालिका कवर्धा व नगर पंचायत की फायर ब्रिगेड को पहले से अलर्ट रखा गया है। वहीं फसल के नुकसान होने पर किसानो को मुआवजा मिल सकता है। क्योंकि मध्यप्रदेश व महाराश्ट्र में नुकसान के बाद वहां के शासन ने राजस्व मुआवजा देने की घोशणा किया है। जिले में फसल का नुकसान होता है तो किसानो को राजस्व मुआवजा मिल सकता है।

## 112 ने परिवारिक विवाद को सुलझाया

**पांडातराई।** मंगलवार को दोपहर समय लगभग 01:15 बजे डायल 112 कमाण्ड सेंटर रायपुर में सूचना प्राप्त हुई कि जिला कबीरधाम थाना पांडातराई क्षेत्रांतर्गत ग्राम पांडातराई वार्ड नंबर 3 में पारिवारिक झगड़ा हो रहा है। सूचना पर डायल 112 पांडातराई पैंथर 1 को तत्काल घटना स्थल के लिए रवाना किया गया। डायल 112 टीम घटना स्थल पहुंचे जहाँ कालर रामचरण पात्रे पिता विश्वनाथ पात्रे उम्र 26 वर्ष जो अपने मां और बहन के साथ शराब पीकर मेरे बच्चे को लावारिस कहते हो कहकर झगड़ा कर रहे थे जिसे शांत कराने की कोशिश किये जो नहीं माने व रिपोर्ट करना चाहता हूँ बोले जिसे अग्रिम कार्यवाही हेतु थाना के सुपुर्द किये। इस कार्यवाही में ईआरव्ही आरक्षक 480 मनोज पोर्ते, 774 दिलीप साहू एवं चालक मुकेश निर्मलकर का सराहनीय योगदान रहा।

## कर्मचारियों के वार्षिक वेतन वृद्धि पर रोक लगाए जाने से कर्मचारी नाराज

**कवर्धा।** छग सरकार ने शासकीय कर्मचारियों के वार्षिक वेतन वृद्धि, स्थानांतरण, एरियर्स राशि भुगतान आदि पर रोक लगा दी है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन के वित्त विभाग ने आदेश भी जारी कर दिया है। सरकार के इस निर्णय को शालेय शिक्षाकर्मी संघ ने अनुचित बताते हुए विरोध किया है। शालेय शिक्षाकर्मी संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र चंद्रवंशी ने बताया कि कर्मचारियों को वर्ष में एक बार जुलाई माह में एक वेतन वृद्धि प्रदान किया जाता है। अब इस पर भी रोक लगा दी गई। एक तरफ सरकार द्वारा वैश्विक महामारी कोरोना संकट के इस दौर में आर्थिक पैकेज सहित अन्य माध्यमों से लोगों को राहत पहुंचाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर कर्मचारियों के वेतन वृद्धि, स्थानांतरण आदि पर रोक लगाया जा रहा है। यह कर्मचारियों के साथ अन्याय है। शीघ्र ही इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र दुबे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा मुख्यमंत्री व उच्चाधिकारियों से मुलाकात कर उक्त आदेश को निरस्त करने की मांग की जाएगी।

## कोरोना संकट में बच्चों को ऑनलाइन शिक्षा देने बनाई योजना

**बोड़ला।** शासन की महत्वाकांक्षी योजना पढ़ई तुंहर दुआर के सफल क्रियान्वयन हेतु बीईओ आफिस बोड़ला में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बच्चों को ऑनलाइन शिक्षा प्रदान करने हेतु योजना बनाने व समस्याओं के निराकरण के संबंध में चर्चा की गई।

बोड़ला के सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी व नोडल अधिकारी हरि.ष्ण नायक ने ऑनलाइन पढ़ाई कराए जाने के संबंध में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि 28 मई से प्रतिदिन कक्षा पहली से बारहवीं तक कक्षाओं के आनलाइन क्लास आयोजित होगा। सीजी स्कूल डॉट इन पोर्टल में पंजी.त होकर विद्यार्थी इन कक्षाओं का लाभ ले सकते हैं। ब्लाक के अनुभवी, एक्सपर्ट विषय शिक्षकों द्वारा कक्षा लिया जाएगा। आने वाले समय में प्रत्येक शाला से शिक्षकों को ऑनलाइन कक्षा आयोजित करने प्रशिक्षित किया जाएगा। संकुल के ये शिक्षक अपने-अपने संकुल के शिक्षकों को भी ऑनलाइन कक्षा लेने प्रशिक्षित करेंगे।

**व्यवस्था** | **लोगों को यहां थाली में परोसा जा रहा भोजन**

# बिरनपुर क्वारेंटाईन सेंटर में पर्याप्त इंतजाम

**राजनांदगांव।** सोशल मीडिया में बिरनपुर के क्वारेंटाईन सेंटर को लेकर प्रचारित की जा रही पूरी तरह असत्य है। राजनांदगांव जिले में बिरनपुर नाम का कोई स्थान नहीं है, जबकि कबीरधाम जिले के लोहारा विकासखण्ड में बिरनपुर गांव है। यहां शासकीय स्कूल में बनाए गए क्वारेंटाईन सेंटर में लोगों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन द्वारा भोजन, नास्ता, शौचालय और चिकित्सकीय परीक्षण के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं।

कबीरधाम जिले के लोहारा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी केशव वर्मा ने बताया कि ग्राम बिरनपुर को कन्टेंमेंट जोन घोषित किया गया है। बिरनपुर में

क्वारेंटाईन में रखे गए सभी व्यक्तियों को भोजन थाली में ही परोसा जा रहा है। इस सेंटर में कोविड-19 के संक्रमण के बचाव के उपायों के तहत सभी प्रवासी श्रमिकों को अलग-अलग स्टील की थाली और ग्लास दिए गए है जिसमें श्रमिकों को दाल-चावल और सब्जी परोसा जाता है। उन्होंने बताया कि बिरनपुर क्वारेन्टीन में 75 श्रमिकों को रखा गया था। इस केंद्र में 75 वर्ष की बुजुर्ग महिला कोरोना पाजेटिव मिलने के बाद बिरनपुर और तालपुर को कन्टेन्टमेंट जोन घोषित किया गया था। अन्य श्रमिकों की सोमवार को निगेटिव रिपोर्ट आने के बाद आज जिन श्रमिकों ने 14 दिन पूरा कर लिए थे, उन्हें घर जाने की अनुमति दी गई है। वर्तमान में इस क्वारेन्टीन सेंटर में 11 श्रमिक रूके हुए है। इसके अलावा भोजन के समय भी फिजिकल डिस्टेंसिंग और साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। यहां किसी भी व्यक्ति को अखबार में खाना नहीं परोसा गया है। प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ सामाजिक संस्थाओं और पंचायत पदाधिकारियों के माध्यम से यहां की व्यवस्था का संचालन किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि सोशल मीडिया में पेज 11 न्यूज के हवाले से राजनांदगांव जिले के बिरनपुर क्वारेंटाईन सेंटर की खबर प्रचारित की गई है, जिसमें क्वारेंटाईन सेंटर में अव्यवस्था का उल्लेख किया गया है। जबकि राजनांदगांव जिले में बिरनपुर नाम से कोई गांव ही नहीं है।

## जिले के ग्राम तरपोंगी एवं बासीन के चौहद्दी कन्टेनमेंट जोन घोषित

**बेमेतरा/साजा(** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिव अनंत तायल ने आदेश जारी कर बेमेतरा जिला अंतर्गत नवागढ़ तहसील के ग्राम तरपोंगी तथा साजा तहसील के ग्राम बासीन में आज मंगलवार 26 मई को कोरोना पॉजिटिव के एक-एक केस पाए जाने के कारण कोरोना वायरस के संक्रमण के फैलाव को दृष्टिगत रखते हुए उक्त दोनो गांवों के चैहद्दी को कन्टेनमेंट जोन घोषित किया है। ग्राम तरपोंगी के प्रभारी अधिकारी तहसीलदार नवागढ़ कुमारी रेणुका रात्रे एवं पर्यवेक्षण अधिकारी एसडीएम नवागढ़ डीआर डाहिरे होंगे। ग्राम बासीन के प्रभारी अधिकारी नायब तहसीलदार चंद्रशेखर चंद्राकर एवं पर्यवेक्षण अधिकारी एसडीएम साजा आशुतोष चतुर्वेदी को बनाय गया है। जारी आदेश अनुसार कन्टेनमेंट जोन में निम्नानुसार कार्यवाही की जावेगी - उक्त चिन्हांकित क्षेत्रों अंतर्गत सभी दुकानें एवं अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। प्रभारी अधिकारी द्वारा कन्टेनमेंट जोन में घर पहुँच सेवा के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति की जाएगी। कन्टेनमेंट जोन अंतर्गत सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध रहेगा। मेडिकल इमरजेंसी को छोड़कर अन्य किसी भी कारण से घर से बाहर निकलना प्रतिबंधित होगा। कन्टेनमेंट जोन की निगरानी हेतु लगातार पुलिस पेट्रोलिंग की जावेगी। जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा संबंधित क्षेत्र में स्वास्थ्य की निगरानी एवं निर्देशानुसार सेम्पल इत्यादि जॉच हेतु लिया जाना सुनिश्चित किया जावेगा।

## जिला पंचायत सीईओ द्वारा मनरेगा कार्यों एवं गौठानों का निरीक्षण

**बेमेतरा/साजा।** जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव द्वारा जिले में चल रहे महात्मा गांधी नरेगा कार्यों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज बुधवार को सुबह जनपद पंचायत साजा अंतर्गत ग्राम पंचायत बीजा एवं तेंदुवा नवापारा में डबरी निर्माण, महुआ में टार नाली एवं बरगा में तालाब निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीईओ द्वारा मनरेगा श्रमिकों से बातचीत की गई तथा उन्हे कोरोना संक्रमण के प्रति जागरूक करते हुए सामाजिक दूरी का पालन करने, मास्क, सेनेटाइजर एवं गमछा, रूमाल, साबुन का उपयोग करने को कहा गया एवं मनरेगा मजदूरी 190 रू. प्रति दिवस मजदूरी भुगतान के संबंध में अवगत कराया गया। इस दौरान उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को मजदुरों के लिए कार्यस्थल पर आवष्यक सुविधायें छाया, पानी, साबुन, ओआरएस, मरहमपट्टी सेनेटाईजर, मास्क तथा साफ-सफाई की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया। गोदी निर्माण में तकनीकी पहलुओं का विशेष ध्यान रखते हुए मेट/तकनीकी सहायक के निर्देशों का पालन करने हेतु श्रमिकों को निर्देशित किया गया। कार्यस्थल पर माप पंजी, निरीक्षण पंजी, आदेश फाईल सहित मस्टरोल रखनें एवं मजदुरों के कार्य पूर्ण होने पर तत्काल हाजिरी दर्ज कर क्रमवार सामाजिक दूरी का पालन करते हुए मजदूरों को कार्यस्थल छोड़ने हेतु नियम पालन करने निर्देश दिये।

# पूर्वी हवाओं के सहारे अमरावती पहुंचा टिड्डी दल

- मुनगा, बबूल, अमलतास और शिरीष के पेड़ों पर हमला
- कान्हा किसली के रास्ते छत्तीसगढ़ प्रवेश की आशंका

**भाटापारा।** राजस्थान में तबाही फैलाने के बाद लो कास्ट स्वार्म प्रजाति के टिड्डी दल ने महाराष्ट्र में दस्तक दे दी है। पूर्वी हवाओं की मदद से यह कई दल में बंट कर इस समय अमरावती के पास मोरश्री तालुका में विचरण कर रहा है। रबी फसलों की कटाई होने के बाद खाली मैदान बन चुके खेतों से हटकर यह टिड्डी दल हरे भरे पेड़ों पर हमला बोल चुका है। निशाने पर मुनगा, बबूल, अमलतास और शिरीष के पेड़ हैं जिनमें नई पत्तियां फैलने लगी है। कई झुंड में विभक्त होकर बढ़ता यह दल तेजी से कान्हा किसली के रास्ते कबीरधाम का रास्ता पकड़ चुका है।

पाकिस्तान से चला खतरनाक टिड्डी दल महाराष्ट्र के अमरावती जिले में पहुंच चुका है। पूर्वी हवाओं के चलने से फसलों को चट करने वाला यह टिड्डी दल पूरी तरह हवा के बहाव का रास्ता अपनाता हुआ आगे बढ़ रहा है। इस समय छत्तीसगढ़ में पूर्वी हवाएं चल रही है और महाराष्ट्र के अमरावती से छत्तीसगढ़ के कबीरधाम की दूरी महज 300 किलोमीटर है। ऐसे में कई दल में फैल चुके इस टिड्डी दल की पहुंच कबीरधाम में कभी भी होने की आशंका है। इस जिले में खतरनाक स्थिति से बचाव के लिए जरूरी सारे जतन किए जा चुके हैं। कोशिश इस बात की है कि जवाबी हमला इतना मजबूत हो कि इसका फैलाव छत्तीसगढ़ में और न बढ सके।

### कान्हा किसली के रास्ते छत्तीसगढ़

पूरी तरह हवा की गति को अपना रास्ता बनाने वाला कई दलों में विभक्त यह टिड्डी दल इस समय पूर्वी हवाओं के सहारे आगे बढ़ रहा है। अमरावती प्रवेश के बाद मध्यप्रदेश के कान्हा किसली के रास्ते छत्तीसगढ़ प्रवेश कर सकता है। जहां यह कबीरधाम पहुंचेगा। रास्ते का आकलन कर रहे इस जिले के अधिकारियों ने इस टिड्डी दल का सामना करने की पूरी तैयारी कर ली है। प्रयास इस बात के हैं कि यह और आगे ना फैले इसलिए इनका पूरी तरह खात्मा करने की तैयारी हो चुकी है।

### हवा की दिशा और छत्तीसगढ़

कृषि विभाग के अलर्ट को देखा जाए तो पूर्वी हवा होने पर यह टिड्डी दल कबीरधाम के रास्ते छत्तीसगढ़ प्रवेश कर सकता है। पश्चिमी हवा चली तो प्रवेश बेमेतरा दुर्ग और रायपुर जिला के रास्ते से हो सकता है। उत्तरी हवाएं चली तो यह दल मुंगेली और बिलासपुर से पूरे प्रदेश में फैल सकता है। दक्षिणी हवाएं चलने पर यह टिड्डी दल राजनांदगांव से छत्तीसगढ़ में फैल सकता है। इस समय प्रदेश में पूर्वी हवाएं चल रही है इसलिए संभावित प्रवेश के लिए कबीरधाम जिला सबसे संवेदनशील माना जा रहा है।

### निशाने पर मुनगा बबूल और अमलतास

देश में रबी फसलों का सीजन खत्म हो चुका है। मूलतः हरियाली से अपना आहार ग्रहण करने वाला यह टिड्डी दल खेतों की जगह अब हरे भरे पेड़ों को निशाना बना रहा है। इसमें मुनगा, बबूल अमलतास और शिरीष के पेड़ मुख्य हैं जिन की पत्तियों का स्वाद इन टिड्डी दल को बेहद प्रिय है। अमरावती में इस दल ने जो तबाही मचाई है इसके बाद इन चारों प्रजातियों के पेड़ों में पत्तियों की जगह अब केवल ठुंठ ही नजर आने लगी है।

# पहले ज़ोन तय करने का हक मांग रहे थे, अब दे दिया तो तय तक नहीं कर पा रहे : शिवरतन

- शर्मा का कटाक्ष : झूठी वावाही बटोरने और रोज तुगलकी बयान जारी करने से कोरोना पर काबू नहीं पाया जा सकता

**भाटापारा।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश प्रवक्ता व विधायक शिवरतन शर्मा ने प्रदेश में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों पर अपनी गहरी चिंता जताते हुए कहा है कि प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली और कोरोना संक्रमण की रोकथाम में उसकी इच्छाशक्ति पर अब सवाल उठने लगे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि कुछ दिनों पहले केंद्र सरकार को कोसते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल यह कहते फिर रहे थे कि केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ के ज़ोन कैसे तय कर सकती है? अब जबकि केंद्र ने प्रदेश सरकार को ज़ोन तय करने का अधिकार दे दिया है तो प्रदेश सरकार अब तक ज़ोन तय नहीं कर पाई है!

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व विधायक श्री शर्मा ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में जब कोरोना संक्रमण की दर में गिरावट आ रही है, तब छत्तीसगढ़ में एकाएक बढ़ रहा जो चिंता की बात है । मुख्यमंत्री बघेल को नसीहत देते हुए श्री शर्मा ने कहा कि झूठी वाहवाही बटोरने और रोज तुगलकी बयान जारी करने से कोरोना पर काबू नहीं पाया जा सकता बल्कि उसके लिए रोडमैप बनाकर उस पर ईमानदारी से काम करने की जरूरत होती है। श्री शर्मा ने प्रदेश के क्वारेंटाइन सेंटर्स की अव्यवस्थाओं की चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार और स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने इन सेंटर्स की निगरानी बढ़ाने की बात कहकर भाजपा की इस मसले पर अब तक कही गई बातों को स्वीकार किया है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व विधायक श्री शर्मा ने कहा कि लॉकडाउन के दौर में विभिन्न राज्यों में फँसे प्रवासी मजदूरों का अपने गृह प्रदेशों को लौटना तो तय था। दीगर राज्य सरकारों ने इसका अनुमान लगाकर अपने प्रदेशों में पहले से ही पर्याप्त व्यवस्थाएँ कर ली थीं, लेकिन सियासी जुमलों और लफ्फाजियों में मशगूल छत्तीसगढ़ सरकार ने न तो क्वारेंटाइन सेंटर्स की व्यवस्था पर ध्यान दिया, न लौटकर आने वाले प्रवासी श्रमिकों के परीक्षण व उपचार की कारगर व्यवस्था की और न ही क्वारेंटाइन सेंटर्स में रहने, खाने-पीने के साथ ही दीगर जरूरी इंतजाम किए। श्री शर्मा ने कहा कि केवल शराब की कोचियागिरी करने को आतुर प्रदेश सरकार कोरोना संक्रमण की भयावहता को नजरंदाज करके लॉकडाउन और सोशल डिस्टेंसिंग का मखौल उड़ाती नजर आ रही है।

# जिला प्रभारी मंत्री से मिलकर सुशिल ने सौंपा मांग पत्र

**भाठापारा।** प्रदेश कांग्रेस सचिव सुशील शर्मा ने पंचायत एवं स्वास्थ्य मंत्री टी एस बाबा से मुलाकात कर भाठापारा विधानसभा क्षेत्र के सिमगा और भाठापारा ब्लॉक के सरपंचो द्वारा विभिन्न विकास कार्यो की स्वीकृति का मांग पत्र सौपा,इस दौरान मंत्री ने लाक डाउन पश्चात आवश्यक कार्यवाही का भरोसा दिया।

कोरोनो वायरस के चलते हुये लॉक डाउन में गांव गांव में चल रहे मनरेगा कार्यो का निरीक्षण करने के पश्चात और प्रवासी मजदूरो से मिल कर सुशील शर्मा ने अपने रायपुर प्रवास के दौरान जिले के प्रभारी मंत्री और स्वास्थ मंत्री टी एस सिंहदेव से मुलाकत की और क्षेत्र के सरपंचो के द्वारा दिए गए मांग पत्र को उन्हें सौपा। इस पर मंत्री ने आवश्यक कार्यवाही का भरोसा जताया।अपने रायपुर प्रवास के दौरान सुशिल शर्मा ने प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष गिरीश देवांगन,प्रभारी महामंत्री संगठन चंद्रशेखर शुक्ला, सेवादल अध्यक्ष अरुण ताम्रकर,प्रदेश अध्यक्ष इंटुक आलोक पांडेय से भी राजीव भवन में मुलाकात कर राजनीतिक गतिविधियों की चर्चा की।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**नई खरीदी, नई भर्ती...**

केन्द्रीय योजनाओं में राशि बजट के माध्यम से प्राप्त होती है। ऐसी योजनाओं में बजट में प्रावधानित राशि के विरूद्ध 31 मार्च 2020 तक अग्रिम आहरित कर बैंक खाते में जमा राशि में से कमिटेड एक्सपेंडिचर, जो तत्काल किया जाना संभावित हो, का भुगतान कर शेष समस्त राशि अर्जित ब्याज सहित मुख्य शीर्ष 8443-के-डिपाजिट में 15 जून 2020 तक अनिवार्य रूप से जमा करने को कहा गया है। विभागों द्वारा भविष्य में आवश्यकतानुसार वित्त विभाग की अनुमति से के-डिपाजिट में जमा राशि विमुक्त कराई जा सकेगी।

**रेड जोन और कंटनमेंट एरिया...**

अनुमति देने की प्रक्रिया को सरल और आसान बनाया जा रहा है। रेड जोन और कंटेंनमेंट एरिया में कोई छूट नहीं मिलेगी। भारत सरकार द्वारा जारी गाईड लाईन के अनुसार माल, सिनेमा घर, राजनैतिक सभाएं, सामाजिक कार्यक्रमों पर प्रतिबंध पूर्व की तरह ही जारी रहेगा। बैठक में दुकानों को अब सप्ताह में छह दिन खोलने का निर्णय लिया गया। सभी दुकानों और बाजारों में शारीरिक दूरी की बंदिशें पूर्व की तरह लागू रहेंगी। सप्ताह में छह दिन दुकान खुलने से वहां एक साथ होने वाली भीड़ से राहत मिलेगी। व्यवसायिक-व्यापारिक गतिविधियां शुरू होने से रोजगार के साथ अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। बैठक में ज्यादा से ज्यादा उद्योगों को भी शुरू करने के उपायों पर विचार किया गया। लॉक-डाउन के बाद प्रदेश के 1371 कारखानों में दोबारा काम शुरू हो गए हैं। इन कारखानों में एक लाख तीन हजार श्रमिक काम पर लौट चुके हैं।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में अब तक दो लाख 12 हजार प्रवासी श्रमिकों को वापस लाया गया है। अब तक 53 श्रमिक स्पेशल ट्रेन आ चुकी हैं और 68 प्रस्तावित हैं। जिला कलेक्टरों को राज्य आपदा निधि से 18 करोड़ 20 लाख रूपए और मुसीबत में फंसे मजदूरों की सहायता के लिए करीब चार करोड़ रूपए राज्य शासन द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं। विभिन्न राज्यों में रह रहे प्रवासी श्रमिकों के बैंक खातों में 66 लाख 73 हजार रूपए का भुगतान भी किया गया है। स्वास्थ्य विभाग को भी राज्य आपदा निधि से 75 करोड़ रूपए दिए गए हैं।

**टीवी, रेडियो, गेम्स...**

और मनरेगा जॉब-कार्ड बनवाए जाएं। कुशल और अर्धकुशल श्रमिकों की सूची तैयार कर स्थानीय उद्योगों को उपलब्ध कराया जाए। इससे उद्योगों को जरूरत का मानव संसाधन मिलने के साथ ही श्रमिकों को नियमित रोजगार मिलेगा।

**दबाव की कोशिश में...**

अपनी भद्द पिटवा रहा है। डोकलाम के बाद अब लद्दाख में भी कुछ ऐसा ही होता दिख रहा है।

हमें रिश्तों को प्रगाढ़ करना है

भारत में चीन के राजदूत सन विडोंग ने कन्फेडरेशन ऑफ यंग लीडर्स मीट को संबोधित करते हुए भारत और चीन के रिश्तों को प्रगाढ़ करने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा, 'हमें कभी भी अपने मतभेदों को अपने रिश्तों पर हावी नहीं होने देना चाहिए। हमें इन मतभेदों का समाधान बातचीत के जरिए करना चाहिए।' विडोंग ने आगे कहा, 'चीन और भारत कोविड-19 के खिलाफ साझी लड़ाई लड़ रहे हैं और हम पर अपने रिश्तों को और प्रगाढ़ करने की जिम्मेदारी है।'

**एक्शन में पीएम मोदी...**

में हुई बैठक के बाद एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''ऑस्ट्रेलिया से हांगकांग तक, ताइवान से साउथ चाइनी सी तक और भारत से अमेरिका तक लड़ाकू चीन हर कीमत पर अपना प्रभुत्व जमाना चाहता है।'' पीएम मोदी की रणनीतिक बैठक में मौजूद तीन चेहरे तीन साल में दूसरी बार इस परिस्थिति का सामना कर रहे हैं। नेशनल सिक्यॉरिटी अडवाइजर अजीत डोभाल, चीफ ऑफडिफेंस स्टाफजनरल विपिन रावत और विदेश मंत्री एस जयशंकर। इसी टीम ने 2017 में डोकलाम में भारत की प्रतिक्रिया की रूपरेखा तैयार की थी। 73 दिनों तक भारत चीन के सामने डटा रहा और फिर यह टकराव शांतिपूर्ण तरीके से खत्म हुआ। तब जनरल विपिन रावत सेना प्रमुख थे और जयशंकर भारत के विदेश सचिव।

**मुफ्त, कम खर्च में...**

उन्हें उपचार के अधिकार तय करने के लिए अनपेक्षित अधिकार दिए हैं। याचिकाकर्ता ने जोर देकर कहा कि यह गंभीर चिंता का विषय है, क्योंकि काफी भारतीयों के पास कोई बीमा कवर नहीं है।

**कोरोना 2021 तक...**

का कोरोना पर क्या असर होगा, प्रोफेसर झा ने कहा कि इससे सिर्फ इस वायरस के फैलाव की रफ्तार को धीमा किया जा सकता है। लॉकडाउन इसका फैलाव रोकने और इससे लड़ने की क्षमता बढ़ाने का वक्त देता है। वायरस को रोकना है तो इससे संक्रमित होने वाले को लोगों से अलग करना होगा और यह टेस्टिंग से ही संभव है। लॉकडाउन से अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर बहुत बड़ी चोट पहुंचाती है इसलिए इस समय का इस्तेमाल क्षमता बढ़ाने के लिए नहीं किया गया तो काफी नुकसान होना तय है।

**खूब तप रहा नवताप...**

और शहर बिकानेर, गंगानगर और पिलानी रहे। दो शहर उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के थे। यूपी के बांदा और हरियाणा के हिसार में भी तापमान 48 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अन्य सबसे गर्म शहरों की बात करें तो दिल्ली में 47.6 डिग्री सेल्सियस, बिकानेर में 47.4 डिग्री सेल्सियस, गंगानगर में 47 डिग्री सेल्सियस, झांसी में 47 डिग्री सेल्सियस, पिलानी में 46.9 डिग्री सेल्सियस, नागपुर सोनेगांव में 46.8 डिग्री सेल्सियस और महाराष्ट्र के अकोला में 46.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

**जो छात्र जिस जिले में हैं...**

बाकी रह गई थी जिसे देखते हुए बोर्ड ने दोबारा परीक्षा कराने का निर्णय लिया लेकिन लॉकडाउन के कारण कई छात्र फिर से अपने परीक्षा केंद्रों में आकर परीक्षा देने की स्थिति में नहीं है क्योंकि वे कहीं फंसे पड़े हैं या अपने घर चले गए हैं। इसलिए बोर्ड ने यह फैसला किया है कि जो छात्र इस समय जिस जिले में हैं वे वहीं परीक्षा केंद्र पर अपने परीक्षा दे सकते हैं।

छात्रों को करना होगा ये काम :

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि परीक्षा देने वाले छात्र 15 जून तक अपने जिले में परीक्षा केंद्रों को यह सूचित कर दें कि वे वहीं अपनी परीक्षा देना चाहते हैं ताकि उनके लिए वहां परीक्षा देने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि कोरोना काल में इन छात्रों ने अपने धैर्य और संयम का परिचय दिया है और सरकार ने उनकी हर समस्या को सुलझाने के लिए कदम उठाया है। इसलिए बोर्ड ने भी छात्रों की परीक्षा केंद्र पर जाकर परीक्षा देने की समस्या को भी सुलझाया है।


**न्यायालय नजूल अधिकारी कबीरधाम (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 63 अ/6, वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका राधिका दुबे पति जय कुमार दुबे कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्र.-15 ए भूखण्ड क्र.-158/5 क्षेत्रफल-32.33 वर्गमीटर भूखण्ड नजूल अभिलेख में धारक चंद्रकिरण पिता गंगा प्रसाद तिवारी साकिन कवर्धा के नाम पर दर्ज है। आवेदिका के द्वारा प्रश्नाधीन भूखण्ड को धारक से पंजीकृत बयनामा दिनांक 24.02.2020 क्रय किए जाने के फलस्वरूप उक्त भूखण्ड को अपने नाम नामांतरण आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 19/06/2020 को नियत की गई है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति एवं संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा पेश करना है तो स्वयं या वैद्य अभिकर्ता के माध्यम से नियत तिथि के पूर्व कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दाव/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/5/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 20/5/2020
पेशी दिनांक 19/6/2020

सील

नजूल जांच अधिकारी
कबीरधाम

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर**

ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

**ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना**

नामांतरण प्र.क्र. 440 दिनांक 27.5.20
वार्ड का नाम वार्ड- पं. दीनदयाल उपाध्याय-69

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-69 स्थित भूमि 69/1176 जो कि निगम अभिलेख में श्री रा.नं. रूद्रजवार s/o स्व. रामभाऊ नत्थोबाजी रूद्रजवार के नाम से दर्ज है जिसको श्री अविनाश आर रूद्रजवार s/o स्व. रा.न. रूद्रजवार ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग**
**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी**
**दन्तेवाड़ा वनमण्डल, दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

कार्या.-दू (07856), 252228, फैक्स- (07856) 252439 Email-dfodnt!rediffmail.com, dfo-danewada.cg@gov.in

**// निविदा स्थगित करने की सूचना //**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, वनमण्डल दन्तेवाड़ा के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2020-21 में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत निर्माण/ वानिकी कार्य में उपयोग होने वाले सामग्री जैसे- सीमेंट, छड़, गिट्टी, रेत, फ्लाई एस ब्रिक्स (ईट), लाल ईट, सीमेंट ईट, बाईडिंग तार, तार खीला, पेन्ट, डिस्टेम्पर, चूना, गेरू, खुदाई कार्य हेतु जे.सी.बी. किराए पर, जुताई कार्य हेतु ट्रेक्टर किराए पर, ग्रीन नेट, आदि सामग्री की क्रय हेतु निर्माताओं तथा अधिकृत विक्रेताओं से दर निर्धारित हेतु प्रथम निविदा दिनांक 27/05/2020, द्वितीय निविदा दिनांक 30/05/2020 एवं तृतीय निविदा दिनांक 04/06/2020 को मुहर बंद निविदा आमंत्रित की गई थी।

उक्त निविदा को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है। आगामी निविदा तिथि निर्धारित कर पुनः अवगत कराया जायेगा।

(संदीप बलगा)
(भा.व.से.)
वनमण्डलाधिकारी
दन्तेवाड़ा वनमण्डल, दन्तेवाड़ा

जी-81056/5

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता (परियोजना संभाग**
**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड महासमुन्द**

(छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की एक उत्तरवर्ती कंपनी) (छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)

क्र. का.यं./परि./सामा./निविदा/121 महासमुन्द, दिनांक 15.5.2020

**निविदा आमंत्रण सूचना**

कार्यपालन अभियंता (परियोजना) संभाग छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड, महासमुन्द में उपयोगी (Utility vehicle) टाटा-407 (3.4 Ton) अथवा समतुल्य पिकअप वाहन, नवीन अथवा 2 वर्ष पुराना न हो, एक वर्ष की अवधि हेतु कम्पनी द्वारा निर्धारित दरों पर किराए पर लगाया जाना है।

| क्र. | निविदा क्रमांक | संभाग का नाम | अनुमानित निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | का.यं./परि./सामा./निविदा/121 महासमुन्द, दिनांक 15.05.2020 | कार्यपालन अभियंता (परियोजना) संभाग महासमुन्द | 455000.00 |

- प्रत्येक निविदा पत्र का मूल्य रु. 200.00+ 12% GST जो दिनांक 04.06.2020 शाम 05.00 बजे तक विक्रय किया जावेगा।
- निविदा दिनांक 06.06.2020 को दोपहर 3.00 बजे तक जमा किया जा सकता है।
- दिनांक 06.06.2020 को शाम 3.30 बजे निविदा खोला जावेगा।
- निविदा खोलने का दिनांक व समय आवश्यकता अनुसार EITC के Wed site के माध्यम से बढ़ाया जा सकता है।
- विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समयावधि/ दिवस पर इस कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता (परियोजना) संभाग
छ.ग.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि., महासमुन्द

**RAIPUR SMART CITY LIMITED**

CIN-U74999CT2016SGC007534
chhatrapati Shivajee Mahraj outdoor stadium, Near Vivekanand Sarovar, Raipur (C.G) 492001
PHONE NO-0771-4055574-FAX 0771-4055576 Website: smartcityraipur.cgstate.gov.in

क्रमांक : 264/स्मार्ट सिटी/20 रायपुर, दिनांक 26/05/2020

**निविदा आमंत्रण सूचना**

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के द्वारा 03 E-Vechicle किराए में प्राप्त कर संचालन करने हेतु पंजीकृत संस्थानों/फर्मों से कार्य हेतु मुहरबंद निविदाएं फार्म "B" के माध्यम से दिनांक 26/05/2020 को संध्या 5.30 बजे से दिनांक 12/06/2020 तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त सभी निविदाएं दिनांक 15/06/2020 प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | कार्य का नाम | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र | समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड कार्यालय हेतु 03 E-Vechicle किराए में लिए जाने बाबत् । | 50,000/- | 750/- | 03 वर्ष |

नियम एवं शर्तें :-

1. निविदा प्रपत्र निविदाकार द्वारा दिनांक 10/06/2020 तक स्मार्ट सिटी लिमिटेड कार्यालय से ली जा सकती है।
2. दर सभी टैक्स सम्मिलित कर के होंगी।
3. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएंगी।
4. निविदा प्रपत्र सभी दस्तावेज जमा करने के उपरांत जारी किया जावेगा।
5. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार प्रबंध संचालक, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड का होगा।
6. निविदा के संबंध में किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने के स्थिति में सक्षम अधिकारी (प्रबंध संचालक, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड) का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
7. अंतिम तिथि तक किसी भी प्रकार की संशोधन की जानकारी नगर निगम, रायपुर के वेबसाईट पर चस्पा की जायेगी।

उप-प्रबंधक (इलेक्ट्रिकल)
रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड
रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**-:: निविदा आमंत्रण सूचना ::-**

क्रमांक 18/लो.क.वि./न.पा.नि./जोन क्र. 02/2020 रायपुर, दिनांक 27/05/2020

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा निम्न प्रस्तावित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति में कम/अधिक प्रतिशत दर एस.ओ.आर. में लिफाफा अ में सीलबंद निविदाएं तथा लिफाफा ब में एफ.डी.आर. आमंत्रित की जाती है। इस हेतु कोरा निविदा प्रपत्र On Line निर्धारित राशि के DD (15.06.2020) के साथ प्रस्तुत करना होगा। निविदा प्रपत्र तथा समस्त दस्तावेज DD/FDR फोटो कापी सहित मूल प्रति, शपथपत्र के साथ निविदा प्रपत्र भरकर दिनांक 18.06.2020 को संध्या 5.00 बजे तक पंजीकृत डाक से जोन क्रमांक-02 में जमा किया जाएगा। प्राप्त समस्त निविदाएं 19.06.2020 को संध्या 12.00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। निर्धारित अवधि में यदि किसी दिन अवकाश होता है तो उल्लेखित कार्यवाही अगले कार्य दिवस पर संपन्न की जावेगी।

कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | आगणित राशि | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी | एस.ओ.आर. | समयावधि | निविदा प्रपत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड अंतर्गत इंद्रावती कालोनी एवं अहिल्या बाई होल्कर चौक के पास पेविंग (पेवर ब्लाक) कार्य। | 996000=00 | 7500=00 | 750=00 | ''डी'' श्रेणी व एवं उससे ऊपर | लो.नि.वि. भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015 | 02 माह | अ |
| 2 | महात्मा गांधी वार्ड अंतर्गत लोधीपारा स्थित यादव समाज भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य | 500000=00 | 5000=00 | 750=00 | ''डी'' श्रेणी व एवं उससे ऊपर | लो.नि.वि. भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015 | 03 माह | अ |
| 3 | महात्मा गांधी वार्ड अंतर्गत दुर्गा नगर में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य | 300000=00 | 3000=00 | 750=00 | ''डी'' श्रेणी व एवं उससे ऊपर | लो.नि.वि. भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015 | 02 माह | अ |

1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। प्रत्येक कार्य के लिए पृथक-पृथक अमानती राशि एफ.डी.आर. के रूप में स्वीकार की जाएगी।
2. सक्षम बैंक सालवेंसी, पंजीयन कापी, आईटीआर क्लीयरेंस प्रमाण पत्र, पेन कार्ड, जीएसटी की फोटो कापी आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
3. 100 रुपए के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र नोटरी द्वारा सत्यापन सहित प्रस्तुत करना होगा।
4. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार नगर निगम रायपुर के पास सुरक्षित है।
5. निविदा प्रपत्र हेतु सक्षम श्रेणी में लो.नि.वि. छ.ग. शासन से पंजीकृत ठेकेदार ही आवेदन कर सकेंगे।
6. निविदा संबंधी अन्य शर्तें एवं जानकारियां कार्यालय अवधि/ दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
7. डाटा सेंटर में अपलोड करने हेतु।
8. जोन क्रं. 02 की समस्त निविदाएं स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही जोन क्र. 02 कार्यालय में ही कार्यालयीन अवधि में स्वीकार की जाएगी।
9. मैन्युल निविदा हेतु निविदा फार्म वेबसाइट http://nagarnigamraipur.nic.in से डाउनलोड किया जाकर निर्धारित प्रपत्र शुल्क राशि (15.06.2020) डी.डी. के माध्यम से जमा किया जावे। जो कि जोन आयुक्त, जोन क्र. 02 के नाम से देय होगा।

पेयजल, सड़कबत्ती, सफाई समस्या निराकरण संपर्क निदान-1100

जोन आयुक्त
जोन क्र. 02
नगर पालिक निगम, रायपुर


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

# विद्या बनीं निर्माता

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड में अपने संजीदा अभिनय के लिये मशहूर विद्या बालन अब निर्माता बन गयी है। विद्या ने नटखट नाम की शॉर्ट फ़िल्म प्रोड्यूस की है, जिसका फ़र्स्ट लुक उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर किया। विद्या फ़िल्म में लीड रोल भी निभा रही हैं। विद्या ने पोस्टर के साथ लिखा है, एक कहानी सुनोगे। बतौर निर्माता और एक्टर मेरी पहली फ़िल्म का फ़र्स्ट लुक। नटखट को विद्या बालन के साथ रॉनी स्क्रूवाला ने प्रोड्यूस किया है। फ़िल्म में विद्या सुरेखा नाम की मां का किरदार निभा रही हैं। फ़िल्म का निर्देशन शान व्यास का है। विद्या ने कहा ,÷इस फ़िल्म को बनाने की वजह यह है, क्योंकि यह वक़्त की ज़रूरत है। यह बच्चों के शुरुआती सालों में लैंगिक समानता की अहमियत के बारे में बात करती है। ताकि उन्हें ऐसे विचारों से बचाया जा सके, जो समाज में अंदर तक बैठे हुए हैं और जहां हानिकारक पुरुषत्व को सेलिब्रेट किया जाता है।

# सलमान की एनिमेटेड 'दबंग' होगी रिलीज

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान की सुपरहिट फिल्म दबंग एनिमेटड सीरीज में रिलीज होगी। सलमान के चाहने वालों के लिए खुशखबरी है। उनकी सुपरडुपर हिट फिल्म 'दबंग' एक नए अंदाज में आ रही है। दबंग जल्द एनिमेटेड सीरीज में आने जा रही है। इसके दो सीजन होंगे। पहले सीजन में 52 एपिसोड होंगे। प्रत्येक एपिसोड आधे घंटे का होगा। निर्माता इसे रिलीज करने लिए विभिन्न ओटीटी मंचों से बातचीत कर रहे हैं। फिल्म निर्माता अरबाज खान ने कहा कि 'दबंग' की सबसे अच्छी बात यह है कि वह पूरे परिवार का मनोरंजन करती है और इस सीरिज को आगे बढ़ाने का सबसे सही तरीका एनिमेशन ही था। अरबाज ने कहा ,÷इस माध्यम से आपको कहानी बयां करने में रचनात्मक स्वतंत्रता मिलती है और हम लंबी कहानियों की बजाय छोटी-छोटी कहानी पर ध्यान केन्द्रित कर सकते हैं।

# सोनू ने मजदूरों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया

मुंबई, 27 मई (वार्ता) बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद ने प्रवासी मजदूरों की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। सोनू सूद अपनी टीम की मदद से प्रवासी मजदूरों को उनके घर पहुंचने में सहायता कर रहे हैं। वह सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क करने वालों को बकायदा रिप्लाई कर रहे हैं। अब उन्होंने ट्विटर पर हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। जिसकी मदद से मजदूर उनसे कॉन्टैक्ट कर पाएंगे।

सोनू सूद ने ट्विटर पर लिखा, ÷नमस्कार! मैं आपका दोस्त सोनू सूद बोल रहा हूं। मेरे प्यारे श्रमिक भाइयों और बहनों। अगर आप मुंबई में हैं और अपने घर जाना चाहते हैं तो कृपया इस नंबर पर कॉल करें -18001213711 या अपना और पता वॉट्सएप करें। नंबर है- 9321472118। साथ ही यह भी बताएं कि आप कितने लोग हैं और अभी कहां पर हैं और आपको कहां जाना है। मैं और मेरी टीम जो भी मदद कर पाएंगे हम जरूर करेंगे। हमारी टीम जल्द ही आपसे संपर्क करेगी।÷ इस पोस्ट को शेयर करते हुए सोनू सूद ने लिखा, चलो घर छोड़ आऊं। सोनू सूद ने हाल ही में कहा था,÷ यह मेरा कर्तव्य है कि मैं प्रवासी मजदूरों की मदद करूं, जो हमारे देश के दिल की धड़कन हैं। हम देख रहे हैं कि कैसे मजदूर अपने परिवार और बच्चों को लेकर पैदल ही घर के लिए निकल रहे हैं। हम एसी में बैठकर सिर्फ ट्वीट नहीं कर सकते। हमें उनकी मदद करनी होगी। मैं सुबह से लेकर शाम तक इनकी मदद के लिए काम कर रहा हूं। मुझे उनकी मदद करके जो संतुष्टि मिलती है उसे मैं शब्दों से बयां नहीं कर सकता।



**बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद इन दिनों जिस तरह से प्रवासी श्रमिकों की मदद के लिए आए है उससे वो देशवासियों के चहेते बन गए हैं. सोनू सूद को इस नेक काम के लिए सोशल मीडिया पर खूब तारीफें मिल रही हैं. इस दौरान सोनू सूद सोशल मीडिया पर लगातार एक्टिव है और पल पल के अप्डेट्स फैंस के साथ शेयर कर रहे हैं. इसके साथ ही वो फैंस के साथ भी जुड़े हुए और उनके संपर्क में हैं। सोशल मीडिया पर कई लोग अपने भाइयों से मिलने को बेताब हैं और ऐसे में सोनू ने हर भाई को भाई से मिलाने की तैयारी की है. सोनू ने ट्वीट के जवाब में लिखा है कि वह वादा करते हैं कि जल्द ही फंसे हुए प्रवासी मजदूर अपने परिवारों से मिलेंगे।**

# अजय ने सोनू सूद की तारीफ की

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन ने श्रमिकों की सहायता करने के लिये सोनू सूद की तारीफ की है कोरोना वायरस महामारी संकट इस समय में सोनू सूद प्रवासी श्रमिकों के मसीहा के तौर पर उभरकर सामने आए हैं। सोनू सूद लगातार प्रवासी श्रमिकों को उनके घर भेजने का काम कर रहे हैं।सोशल मीडिया पर उनकी जमकर तारीफभी हो रही है। सोनू सूद को लेकर अजय देवगन ने ट्वीट किया है और उनके इस काम की तारीफ की है।अजय देवगन ने सोनू सूद के काम की तारीफकरते हुए ट्वीट किया, आप प्रवासी श्रमिकों को सुरक्षित उनके घर वापस भेजने जैसा संवेदनशाली काम कर रहे हो, वह काबिलेतारीफ है। ईश्वर आपको खूब ताकत बख्शे।

अजय देवगन के इस ट्वीट पर सोनू सूद ने रिप्लाई करते हुए लिखा, फ्शुक्रिया भाई. आप लोगों के शब्दों से मुझे और ताकत मिलेगी और मुझे दूसरे लोगों को उनके परिजनों तक पहुंचाने के लिए उत्साह मिलेगा. ढेर सारा प्यार।



# भारत के खिलाफ गुलाबी गेंद से खेलने को इच्छुक हैं स्टार्क



**मेलबोर्न (वार्ता)।** आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने मंगलवार को कहा कि वह भारत के खिलाफ होने वाले अगली सीरीज में गुलाबी गेंद से टेस्ट खेलने के इच्छुक हैं।

वर्ष 2018-19 के अपने आखिरी ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर जब भारत ने ऑस्ट्रेलिया में अपनी पहली श्रृंखला जीत हासिल की थी उस वक्त कप्तान विराट कोहली ने दिन रात टेस्ट मैच खेलने के प्रस्ताव को गुलाबी गेंदों से खेलने की अनुभवहीनता के कारण ठुकरा दिया था। भारत ने हालांकि, उसके बाद अपना पहला गुलाबी गेंदों से टेस्ट मैच बंगलादेश के खिलाफ ईडन गार्डन में पिछले साल खेला था। इस मैच को कराने में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरभ गांगुली की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी और उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज का एक टेस्ट गुलाबी गेंद के साथ रोशनी के तहत खेले जाने की घोषणा की थी। गांगुली ने फ़रवरी में कहा था, ÷हमने ऑस्ट्रेलिया में एक दिन-रात्रि टेस्ट खेलने का फैसला किया है और इसकी औपचारिक घोषणा जल्द होगी।

भारत चार टेस्ट मैचों के लिए साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करने वाला है। फ़िलहाल मैचों की तारीखें स्पष्ट नहीं की हैं लेकिन स्टार्क के अनुसार दोनों टीमों के बीच रोशनी में मैच खेला जाना एक महान विचार होगा। बाएं हाथ के गेंदबाज ने कहा, ÷मुझे उम्मीद है कि भारत के खिलाफगुलाबी गेंद से खेलना क्रिकेट के लिहाज से शानदार होगा। उन्होंने कहा, ÷प्रशंसक इसे पसंद करेंगे। यह प्रतिस्पर्धा को एक नए स्टार पर ले जाएगा। भारत ने घरेलू मैदानों पर गुलाबी गेंद से टेस्ट मैच खेला है, इसलिए वे इससे पूरी तरह से अंजान नहीं हैं। हमारा गुलाबी गेंदों से घरेलू मैदान पर खेलने का रिकार्ड काफ़ी अच्छा रहा है। ऑस्ट्रेलिया ने गुलाबी गेंदों से खेले गए सभी सातों दिन-रात्रि टेस्ट मैच जीते हैं और स्टार्क का इन मैचों में रिकार्ड अच्छा रहा है।

# पाकिस्तानी हॉकी समुदाय ने दी बलबीर सीनियर को श्रद्धांजलि

**कराची (वार्ता)।** पाकिस्तानी हॉकी समुदाय ने तीन बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भारत के बलबीर सिंह सीनियर को बहुत विनम्र व्यक्ति और खेल का एक महान राजदूत बताते हुए भावनात्मक श्रद्धांजलि दी है।

बलबीर का लंबी बीमारी के बाद सोमवार सुबह मोहाली में एक निजी अस्पताल में निधन हो गया था। वह 96 वर्ष के थे। उनका कल शाम अंतिम संस्कार कर दिया गया था। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान समीउल्लाह ने कहा, ÷बलबीर सीनियर के खेल में अद्भुत लचीलापन और गति थी। उनका गेंद पर कमाल का नियंत्रण था। उनकी तेजी देखना सुखद था। पाकिस्तान हॉकी महासंघ के महासचिव आसिफ बाजवा ने कहा, ÷उन्हें कभी खेलते नहीं देखा, लेकिन हमने अपने सीनियर्स से उनके बारे में काफ़ी सुना है। उससे यह स्पष्ट है कि वह आला दर्जे के स्ट्राइकर थे।

पाकिस्तान हॉकी टीम के दिग्गज खिलाड़ी इस्लाहुद्दीन सिद्दीकी ने उनसे 70 और 80 के दशक में कई अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों में बलबीर से हुई मुलाकात को याद किया। उन्होंने कहा, ÷बलबीर सिंह सीनियर बहुत विनम्र स्वभाव के व्यक्ति थे और उनकी खेल की समझ जबरदस्त थी।

# अतिरिक्त डीआरएस देने से दोनों टीमों को फायदा होगा: कुंबले

**नई दिल्ली (वार्ता)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की तकनीकी समिति के अध्यक्ष अनिल कुंबले ने कोरोने के बाद क्रिकेट शुरू होने पर यह अतिरिक्त डीआरएस रेफ़रल देने से दोनों ही टीमों को फ़ायदा होगा। पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले के नेतृत्व वाली तकनीकी समिति ने सिफ़ारिश की थी कि हर फॉर्मेट में प्रति पारी अतिरिक्त डीआरएस रेफ़रल देने में अम्पायरों के बढ़ते पूल को टेक्नोलॉजी की मदद मिलेगी। कुंबले ने कहा था, हम एक अभूतपूर्व समय से गुजर रहे हैं और समिति की सिफ़ारिशें अंतरिम आधार पर की गयी हैं ताकि क्रिकेट को सुरक्षित आधार पर शुरू किया जा सके और सभी की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हमारे खेल के मूल्यों को भी बरकरार रखा जा सके। कुंबले ने स्टार स्पोर्टस के क्रिकेट कनेक्टेड में कहा, ÷हमने टेस्ट मैचों में आगे स्थानीय अम्पायरों को रखने की सिफ़ारिश की थी इसलिए हमने महसूस किया कि टेस्ट मैच में अम्पायरिंग स्तर पर संभावित अनुभवहीनता हो सकती है।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया एडिलेड में खेलेंगे दिन-रात्रि टेस्ट

**मेलबोर्न (वार्ता)।** भारत इस साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया के दौरे में दिन-रात्रि टेस्ट एडिलेड ओवल मैदान पर खेल सकता है जबकि पहला टेस्ट ब्रिस्बेन के गाबा मैदान पर खेला जा सकता है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया 2020-21 सत्र के लिए अपना अस्थायी कार्यक्रम इस सप्ताह के अंत तक घोषित कर सकता है लेकिन स्थलों का आवंटन कोरोना वायरस के कारण अनिश्चितता की स्थिति पर निर्भर करेगा। यह माना जा रहा है कि भारत ऑस्ट्रेलिया की जमीन पर गुलाबी गेंद से अपना पहला डे-नाईट टेस्ट एडिलेड मैदान पर खेल सकता है। भारत ने अपना पहला डे-नाईट टेस्ट पिछले साल कोलकाता के ईडन गार्डन में बंगलादेश के खिलाफ खेला था और जीता था। चार टेस्टों की सीरीज का पहला टेस्ट ब्रिस्बेन में हो सकता है जहां मेजबान टीम 1988 के बाद हारी नहीं है।

## खाकी वर्दी में देश की सेवा कर रही हैं फुटबॉलर इंदुमति

**चेन्नई (वार्ता)।** भारत की राष्ट्रीय महिला फुटबॉल टीम की सीनियर मिडफील्डर इंदुमति कथिरेसन कोरोना वायरस 'कोविड-19' महामारी के दौरान तमिलनाडु पुलिस की पारंपरिक खाकी वर्दी पहने चेन्नई के अन्ना नगर की सड़कों पर 'देश के लिये खेलते' नजर आ रही हैं। इंदुमति ने कहा, यह पूरे देश के लिए एक कठिन समय है। लेकिन आवश्यक सावधानी बरतना और सभी की सुरक्षा का ध्यान में रखना सबसे अहम है।

# भारत से छिन सकती है टी-20 विश्वकप 2021 की मेजबानी

**नई दिल्ली (वार्ता)।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) में टैक्स को लेकर चल रहे टकराव के कारण भारत को टी20 विश्वकप 2021 की मेजबानी से हाथ धोना पड़ सकता है।

आईसीसी ने बीसीसीआई से विश्वकप के लिए भारत सरकार से टैक्स में छूट लेने को कहा था, लेकिन बोर्ड के इसमें नाकाम रहने के बाद आईसीसी ने भारत से विश्वकप की मेजबानी छीनने की धमकी दी है। क्रिकइंफो के अनुसार पिछले दो महीने में आईसीसी और बीसीसीआई के बीच ई-मेल के जरिये हुई बातचीत में आईसीसी ने बीसीसीआई से 18 मई 2020 तक 'बिना किसी शर्त' पुष्टि देने को कहा था जबकि बीसीसीआई ने कोरोना वायरस कोविड-19 से आ रही दिक्कतों का हवाला देते हुए समय सीमा को 30 जून तक बढ़ाने की मांग की थी। बीसीसीआई की इस मांग को आईसीसी ने ठुकरा दिया।

आईसीसी के वकील जोनाथन हॉल ने 29 अप्रैल को बीसीसीआई को लिखे पत्र में कहा, ÷अगर बीसीसीआई शर्त को पूरा नहीं करता तो आईबीसी (आईसीसी बिजनेस कॉरपोरेशन) 18 मई 2020 से किसी भी समय समझौते को तत्काल प्रभाव से समाप्त करने का हकदार है। उन्होंने लिखा, ÷बीसीसीआई के पास कर समाधान करने के लिए कई वर्ष थे और इसी कारण उसे समझौते को पूरा करने के लिये कहा गया था। बीसीसीआई को इसे 31 दिसंबर 2019 तक पूरा करना था। ऐसी परिस्थितियों में आईबीसी 30 जून, 2020 या लॉकडाउन हटने के 30 दिनों बाद तक और मोहलत देने के लिये तैयार नहीं है।

आईसीसी और बीसीसीआई के बीच कर छूट का यह विवाद भारत में वर्ष 2016 में आयोजित हुए टी-20 विश्व कप के दौरान हुआ था। इस विश्वकप के दौरान आईसीसी को टैक्स छूट नहीं मिली थी और दो से तीन करोड़ अमेरिकी डॉलर की कम कमाई हुई था। आईसीसी ने इस राशि को उसके केंद्रीय राजस्व में बीसीसीआई की हिस्सेदारी में से रोक लिया था। बीसीसीआई इस मामले को आईसीसी की विवाद समाधान कमेटी में ले गयी थी और तबसे इसके हल का इंतजार है। इसी कारण से आईसीसी इस दफ़ा बीसीसीआई को लगातार पत्र लिख रहा है। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी मनु साहनी ने जनवरी के अंत में बीसीसीआई के अध्यक्ष सौरभ गांगुली को पत्र लिखा था। उससे पहले हॉल ने अप्रैल में बोर्ड सचिव जय शाह को एक ईमेल भेजा था। हॉल ने शाह को लिखा था कि मेजबान होने के नाते बीसीसीआई को 'कर समाधान' देना उसका एक 'दायित्व' था। जहां आईसीसी के पक्ष में कर को कम किया जाएगा या पूरी तरह से माफकर दिया जाएगा।

हॉल ने बीसीसीआई को फ़रवरी 2018 की बैठक की याद दिलाई जिसमें आईबीसी बोर्ड ने कहा था कि बीसीसीआई 31 दिसंबर 2019 तक इसका कोई न कोई समाधान निकालेगा। लेकिन बीसीसीआई समय सीमा के भीतर समाधान निकालने में विफल रहा।

## इंग्लैंड में महिला फुटबॉल सुपर लीग तत्काल प्रभाव से समाप्त

**लंदन (वार्ता)।** इंग्लैंड में महिला सुपर लीग और महिला चैम्पियनशिप को तत्काल प्रभाव से समाप्त करने की घोषणा कर दी गयी है। एफ़ए ने यह घोषणा करते हुए बताया कि अभी खिताब विजेता, प्रमोशन और रेलीगेशन पर निर्णय लिया जाना बाकी है। एफ़ए ने बताया कि विभिन्न सिफ़ारिशों पर चर्चा की गयी है जिन्हें एफ़ए बोर्ड को भेजा जाएगा जो इसे 2019-20 सत्र के परिणाम पर फैसला करेगा। एफ़ए ने सोमवार को एक बयान में कहा, ÷क्लबों से मिल रहे फीडबैक के तहत 2019-20 सत्र को समाप्त करने का निर्णय महिलाओं के खेल के हित में किया गया है। यह क्लबों, एफ़ए महिला सुपर लीग और महिला चैंपियनशिप बोर्ड और एफ़ए को अगले सत्र के लिये योजना बनाने, तैयारी करने और उस पर ध्यान केंद्रित करने के लिये मदद करेगा। प्रीमियर लीग क्लबों को पिछले मंगलवार से छोटे-समूहों में गैर-संपर्क प्रशिक्षण शुरू करने की अनुमति दी गई है और इंग्लैंड में पुरुषों की शीर्ष फुटबॉल लीग के जून में फिर से शुरू होने की संभावना है।

## न्यूज गैलरी

### पुरानी रंजिश पर जानलेवा हमला

**महासमुंद।** पुरानी रंजिश के चलते युवक ने अपने छोटे दादा पर लोहे के रॉड से हमला कर घायल कर दिया। बसना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार ग्राम मोहका निवासी प्यारेलाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके बड़े भाई का पोता आदर्श मिश्रा अपने माता पिता के साथ करीब 4-5 साल से ग्राम मोहका स्थित पैतृक जमीन, मकान को बेचकर सरायपाली में रहता था। करीब चार-पांच माह से वह अपनी मां के साथ ग्राम मोहका के सोसायटी गोदाम में निवास कर रहा है। 25 मई को करीब 05.30 बजे आदर्श गली तरफ से आया और पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करते अपने पास रखे लोहे के रॉड से सिर में वार कर दिया और वहां से भाग गया। घटना में प्रार्थी को चोटें आई है।

### रात में दुकान खोलकर बेच रहा था सामान, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** तेंदूकोना थाना क्षेत्र के ग्राम सराईपाली में पुलिस ने किराना व्यवसायी के खिलाफ शासन के आदेश का अवहेलना व समय के बाद दुकान खोलने पर धारा 188, 269, 270 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम सराईपाली में मुरली ध्रुवंशी रात में दुकान खोलकर ग्राहकों को सामान बिक्री कर रहा है, जबकि सुबह 9 से शाम 4 बजे तक खुलने का आदेश है। सूचना पर टीम गांव पहुंची, जहां देखा कि रात में भी संचालक दुकान का संचालन कर रहा था। दुकानदार ने संक्रमण बीमारी से बचाव के लिए न तो सैनिटाइजर की व्यवस्था की थी और न ही साबून से हाथ धोने के लिए। पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया।

### सड़क दुर्घटना में किशोर की मौत

**महासमुंद।** एकता चौक के पास सड़क हादसे में नाबालिग की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक डिस्कवर क्रमांक सीजी 06 पी 0483 के चालक ने तेज रफ्तार वाहन चलाते हुए कौंदकेरा निवासी दिवांशु पिता द्वारका चन्द्राकर (16) को चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### युवक से शराब बरामद

**महासमुंद।** भंवरपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम हेडसपाली में पुलिस ने एक युवक के कब्जे से 9 लीटर महुआ शराब जब्त की। जानकारी के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने लखेसिंह पिता रामचरण प्रेमी को शराब बेचते पकड़ा। जिस पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### दो लोगों से शराब जब्त

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने लिमऊगुड़ा में एक युवक के कब्जे से अंग्रेजी शराब बरामद किया। मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस को गांव के अरूण मरकाम शराब बेचते मिला। जिसके कब्जे से 9 लीटर महुआ शराब जब्त की। इसी तरह दर्राभांठा में गुलाब बारिक पिता नरोत्तम के कब्जेसे 3.240 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की। जिस पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### प्रवासी मजदूरों को बांटे पुलाव

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के युवाओं ने घोड़ारी में स्टाल लगाकर प्रवासी मजदूरों के लिए भोजन की व्यवस्था की है। बस, ट्रक और अन्य साधनों से इस मार्ग से गुजरे वाले मजदूरों को पुलाव का पैकेट और पानी वितरित की गई। इस दौरान देवदत्त, संदीप, पंकज, हेमू, हेमंत गोलू, दुर्गेश, भास्कर, धनंजय, संदीप, पंकज, राजू, अमर, लोकेश, ओमप्रकाश, देवेश, सत्तू, मुकेश, रामप्रसाद आदि का सहयोग रहा।

### झीरम घाटी के शहीदों को कांग्रेस की श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पटेवा-झलप-सिरपुर द्वारा झीरम घाटी में शहीद हुए कांग्रेसी नेता एवं सुरक्षा बल के जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर जिले के प्रभारी कन्हैया अग्रवाल, विधायक विनोद चंद्राकर, रश्मि चंद्राकर जिलाध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष भागीरथी चंद्राकर, पूर्व जिला अध्यक्ष मोहित ध्रुव, प्रभारी महामंत्री हरदेव, जिला अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस राजेंद्र दीवान, ममता चंद्राकर, अतुल गुप्ता, सेक्टर प्रभारी रोशन पटेल, प्रभारी महामंत्री कमलेश चंद्राकर, किशन कोसरिया सरपंच झलप, मयाराम टण्डन सरपंच नरतोरा, मुन्ना साहू, गजेंद्र, समीर खान, सागर सलूजा, मनोज गोयल, शाहजन पाशा, लक्ष्मण पटेल, राजेंद्र जैन, राजेश केडिया, पंकज हरपाल आदि उपस्थित थे।

### ट्रैक्टर पलटने से चालक घायल

**महासमुंद।** ग्राम झगरेनडीह में सांकरा से लोहे की छड़ भरकर ग्राम आरंगी वापस जा रहे ट्रैक्टर का सामने का चक्का निकल गया जिससे खेत में जा पलटा। ट्रैक्टर के पलटने से ड्राइवर के सिर में चोट आई है। उन्हें उपचार के लिए सेवा भवन अस्पताल जगदीशपुर में भर्ती कराया गया है। साथ में बैठे एक बच्चे को साधारण खरोंच आई है। यह ट्रैक्टर ग्राम आरंगी निवासी वृषभ भोई की बताई जा रही है। सांकरा थाना प्रभारी स्वराज त्रिपाठी ने बताया कि झगरेनडीह के ट्रैक्टर दुर्घटना की सूचना अभी तक थाने को नहीं मिली है।

### जिला अस्पताल में सेंट्रल आक्सीजन सिस्टम के लिए प्रस्ताव तैयार कराया

**महासमुंद।** विभिन्न सुविधाओं से लैस जिला अस्पताल में लंबे समय से सेंट्रल आक्सीजन सिस्टम का अभाव है। यही कारण है कि आक्सीजन से संबंधित मरीजों के भर्ती होने पर उनके लिए आक्सीजन वार्ड में पहुंचाया जाता है। अस्पताल प्रबंधन ने सेंट्रल आक्सीजन सिस्टम लगाने के लिए प्रस्ताव तैयार कर लिया है। जिसे शासन को भेजा जाएगा अनुमति मिलने पर कार्य प्रारंभ होगा। अस्पताल प्रबंधन द्वारा जो सेंट्रल आक्सीजन सिस्टम का प्रस्ताव तैयार किया गया है वह करीब 19 लाख रूपए का है।

# गंदगी से अटे पड़े तालाबों का नहीं लिया जा रहा सुध, बीमारियों को दे रहा न्यौता

नवप्रदेश संवाददाता

**डौंडी।** नगरवासियों के निस्तारी हेतु वर्षो से अपनी पहचान बनाए हुए तालाबो की स्तिथि इन दिनों जिम्मेदारों की सुध नही लिए जाने से अब अधिकांश तालाब गंदगी व निस्तारीविहीन होने के चलते अपना अस्तित्व धीरे-धीरे खोता जा रहा है। इस ओर नगर पंचायत द्वारा सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखने रूपरेखा तैयार तो की जा रही है, परंतु तालाबों का निरीक्षण नहीं हो रहा। जिससे अधिकांश तालाब गंदगी से अटे पड़े है। यदि बरसात पूर्व इन तालाबो की सफाई व गहरीकरण कार्य नही किया जाता है तो आगामी बरसात का जमा पानी और पहले की गंदगी का मिश्रण लोगों को निस्तारी वक्त अन्य बीमारियों को न्यौता दे सकता है।

गौरतलब है कि नगर के नामचीन तालाब बदतर हालत में होता जा रहा है। कुछ तालाबों की स्थिति तो यह है कि इसमें गंदगी की वजह से निस्तारी नहीं की जा सकती। लेकिन निस्तारी का कोई और कोई साधन नहीं होने की वजह से लोग मजबूरी में तालाबो के गंदे पानी से निस्तारी करते आ रहे हैं ,यह निस्तारी कही लोगो को बीमार ना कर दे। नपा के रिकार्ड अनुसार शहर में 06 तालाब हैं इसमें दो को छोड़कर बाकी तालाब गंदगी से अटे पड़े हैं। डौंडी के लोहागढ़ तालाब, धोबी नाला तालाब ,चौबे तालाब गंदगी से अटा पड़ा है। मोहल्लेवासी अब इसमें निस्तारी भी नहीं कर पाते। कभी इन तालाबो में सिक्का भी गुम हो जाये तो वह स्वच्छ जल के कारण आसानी से दिख जाता था यही तालाब नगर की पहचान रहे हैं। परन्तु अब यही तालाब अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे तथा उपेक्षा की भेंट चढ़ रहा है।मोहल्लेवासियों ने बताया कि उन्होंने कई बार तालाबो को दुरूस्त करने नपा से गुहार लगाई लेकिन जिम्मेदार लोगों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं देने से तालाबो की स्थिति बहुत अधिक खराब हो चुकी है ।अगर समय रहते इस पर ध्यान नही दिया तो भविष्य में इन तालाबो से कई भयंकर बीमारी बढ़ने का भी अंदेशा बना रहेगा।

> तालाबो की सफाई व्यवस्था के लिए फंड दिए जाने की मांग करेंगे, इसके लिए प्रस्ताव पारित किया जा रहा है। नगर की कोई भी जनकल्याणकारी कार्य योजनाओं को अमल में लाकर निराकरण किया जाएगा।
>
> **सोमेश सोरी,** अध्यक्ष नगरपंचायत डौंडी

#### नही हुई सफाई

नगर के तालाब का सौंदर्यीकरण तो दूर इसके रखरखाव के बारे में सोचने की जिम्मेदारी पंचायत सहित किसी को फुर्सत नहीं है। । तालाब के किनारे में कचरा डाला जा रहा है। सूखते तालाबों को भरने कोई योजना नहीं बना पाए है। तालाब की साफसफाई पर भी कोई ध्यान नहीं देने से गंदगी में पानी दूषित होकर बदबू दे रहा है। वहीं जलीय जीवों का जीवन संकट में आ गया है। वार्डवासियों का कहना है कि तालाबो का दुरुस्थ व्यवस्था के लिए कई बार नपं. को गुहार लगा चुके पर उन्हें आश्वासन ही मिलता आया है। वार्डवासियों ने बरसात पूर्व तालाबों की समुचित सफाई और गहरीकरण की मांग किया है।

### प्रवासी मजूदरों की सेवा में जुटीं जनपद सदस्य और उनकी टीम

**महासमुंद।** महासमुंद जनपद पंचायत क्षेत्र 14 की सदस्य निधि लोकेश चंद्राकर और उनकी युवा टीम इन दिनों प्रवासी मजदूरों की सेवा में जुटी है। कुर्मी युवा जागृति संघ एवं पुलिस विभाग ने भी लोकेश चंद्राकर और टीम के प्रति इस सेवा कार्य की सराहना की है। ज्ञातव्य है कि पिछले पखवाड़े ही निधि लोकेश चंद्राकर ने महासमुंद नयापारा के वार्ड 8 में शिव मंदिर के पास वार्डवासियों की पेयजल समस्या के दृष्टिगत स्वयं के व्यय पर बोर चालू करवाया है, जिसकी वार्डवासी प्रशंसा कर रहे हैं। निधि लोकेश चंद्राकर ने लॉकडाउन की अवधि में शहरी वार्ड 8 (नयापारा) सहित जनपद क्षेत्र के ग्राम गौरखेड़ा, उमरदा, मुड़मार, पतेरापाली, कोसरंगी, झालखम्हरिया, बोरियाझर, लभराखुर्द और सिरगिड़ी ग्राम में भी जरूरतमंदों को आलू-प्याज, दाल, तेल, लौकी, बैगन, टमाटर आदि का वितरण घर पहुंचकर किया जाता रहा है।

## जिले में पान दुकान, सैलून व ब्यूटी पार्लर को आवश्यक शर्तों के साथ खोलने की अनुमति

- सोमवार से शुक्रवार सवेरे सात बजे से सायं पांच बजे तक खुलेंगे

**गरियाबंद।** कलेक्टर श्याम धावड़े ने जिला अन्तर्गत पान दुकान, सैलून व ब्यूटी पार्लर को आवश्यक शर्ता के साथ खुलने की अनुमति दे दी है। राजिम विधायक अमितेष शुक्ल तथा नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फुमेमन की पहल के बाद यह संभव हो सका। सोशल व फिजीकल डिस्टेंसिंग तथा कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव हेतु शासन द्वारा जारी निर्देशो का पालन करते हुए इन दुकानो को सोमवार से शुक्रवार को सवेरे सात बजे से सायं पांच बजे तक संचालन की अनुमति दी गई है। कलेक्टर ने बताया कि कंटेटमेंन जोन में ये दुकाने नही खुलेगी। इन दुकानो में संचालको को दुकान में अनिवार्य रूप से सेनिटाइजर या हाथ धोने के लिए साबुन व पानी की व्यवस्था करनी होगी। ग्राहको के लिए मास्क लगाकर आना अनिवार्य होगा। वही कोरोना वायरस कोविड-19 से बचाव व सुझाव हेतु आवश्यक सूचना, जानकारी संबंधी पोस्टर, पाम्पलेट, फ्लैक्स का दुकान में सार्वजनिक प्रदर्शन करना होगा। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना के दुकान संचालक जिम्मेदार होंगे।

#### पान दुकान व सेलुन दुकान संचालको ने जताया विधायक व नपा अध्यक्ष का आभार

इधर पान दुकान व सेलुन दुकान खुलने की अनुमति मिलने के बाद दुकान संचालको ने राजिम विधायक अमितेष शुक्ल तथा नपा अध्यक्ष गफ्फुमेमन का आभार जताया है। गत दिनो विधायक शुक्ल के गरियाबंद प्रवास के दौरान इन दुकान संचालको ने विधायक से दुकान खुलवाने की मांग की थी। वही दूसरी ओर नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फुमेमन भी लगातार शासन प्रशासन स्तर पर इन दुकान संचालको की मांग को लेकर प्रयासरत थे। विधायक व नपा अध्यक्ष के प्रयास से आखिरकार जिला प्रशासन ने इन दुकानो को खुलने की अनुमति प्रदान कर दी। अनुमति मिलने के बाद जिला सेलून संघ के ब्लाक अध्यक्ष गरियाबंद अशोक सेन, मैनपुर लोकेश सेन, देवभोग तुना सेन, उरमाल तरुण सेन, छुरा भवानीशंकर सेन, पोंड विजय श्रीवास, पांडुका कुलेस्वर सेन व नगर के पुष्पेंद्र सेन, वीरेंद्र सेन, चमन सेन, मनहरन सेन, पुखराज सेन, अजय सेन, बाजी सेन, बीरेन्द्र सेन, राज सेन सहित अन्य पदाधिकारियों और इस व्यवसाय से जुड़े सभी दुकानदारों ने खुशी जाहिर करते हुए विधायक अमितेष शुक्ल व नपा अध्यक्ष गफ्फु मेमन को धन्यवाद ज्ञापित किया है। वही पान दुकान संचालक रामेश्वर पटेल, महेश साहू, नूतन देवांगन, संतराम विश्वकर्मा, हुमेश्वर देवांगन, जीवन साहू, नटवर सिन्हा, राकेश सोनी, लेखराम साहू, मनोज देवांगन, अजय सिन्हा, शुभम साहू, धमेन्द्र ने आभार जताया है।

## कलेक्टर ने दो पालियों में ली समय-सीमा की बैठक

- कोविड-19 की समीक्षा में क्वारेंटाइन सेंटर की नियमित निगरानी करने के निर्देश

**गरियाबंद।** लॉकडाउन के दौरान लंबे समय के बाद मंलगवार को जिला प्रशासन के समय सीमा की बैठक आयोजित हुई। सोशल डिस्टेंसिंग के नियम के मद्देनजर यह बैठक दो पालियों में संपन्न हुई। बैठक में जिले में कोरोना वायरस के संक्रमण और बचाव की तैयारी समीक्षा की गई। कलेक्टर धावड़े ने कहा कि प्रवासी मजदूरों के जिले में आने का सिलसिला प्रारंभ हो चुका है। ऐसी परिस्थिति में आम नागरिकों सहित अधिकारियों को भी ऐतिहात बरतना होगा। उन्होंने कहा कि मजदूरों को अनिवार्य रूप से क्वारेंटाइन सेंटर में रखा जाए तथा लक्षण नहीं दिखाई देने पर ही उन्हें होम क्वारेंटाइन के लिए भेजा जाए। संक्रमण फैलने की संभावना को देखते हुए अतः अलग-अलग प्रदेश और महानगरों से आने वाले लोगों को अलग-अलग कमरों में क्वारेंटाइन किया जाए। क्वारेंटाइन सेंटर से कोई भी व्यक्ति बाहर न निकले और न ही बाहर से किसी व्यक्ति को आने दिया जाए। उनके खान-पान के लिए स्थानीय व्यवस्था अनुसार या तो सूखा राशन दे अथवा उन्हें बनाकर खाना दिया जाए।

कलेक्टर ने कहा कि अभी तक नोडल अधिकारियों, राजस्व, पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग ने बेहतर कार्य किया है। अधिकारी क्वारेंटाइन सेंटर में सहयोग हेतु स्थानीय स्तर पर नवयुवक मंडल, नेहरू युवा केन्द्र और गांव के मुखिया से चर्चा करें। प्रत्येक विकासखण्ड में कोविड-19 हेतु जगह चिन्हित किया जाए, जिसे आवश्यकता पड़ेन पर उपयोग किया जा सके। कलेक्टर ने बताया कि जिला मुख्यालय में 50 बिस्तरीय कोविड हॉस्पीटल विकसित किया जा रहा है। उन्होंने आम नागरिकों एवं क्वारेंटाइन सेंटर क्षेत्रों में लोगों से अनिवार्य रूप से मास्क पहनने अपील किया है। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को क्वारेंटाइन में रह रहे लोंगों के खान-पान के लिए भी मदद देने का आग्रह किया। कलेक्टर के निर्देश पर विभिन्न विभागों द्वारा चावल और दाल प्रदाय किया गया। साथ ही उन्होंने विभागीय अधिकारियों को अपने विभागीय कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिये है। उन्होंने जल संसाधन, नेशनल हाईवे, उद्यान, वन विभाग तथा क्रियान्वयन एजेंसियों को स्वीकृत कार्य प्रारंभ करने कहा। वन विभाग को वनों की अवैध कटाई पर कड़ी कार्यवाही करने और वनों की संरक्षण के लिए उपाय करने के निर्देश दिये हैं। बैठक में जिला पंचायत सीईओ विनय लंगेह ने कहा कि क्वारेंटाइन सेंटर में खाना और अन्य वस्तुओं के उपयोग के पश्चात बचे अवशेष को गड्ढा खोदकर डिस्पोज करे।

## मुंबई से आया युवक निकला कोरोना पॉजिजटिव

**डौंडी।** डौंडीलोहारा ब्लाक के ग्राम चिकली का मुंबई से आया युवक जो डोंडी के कोरेनताईं सेंटर में था वो पॉजिटिव आया । उक्त युवक को 108 एम्बुलेंस से लगभग 8:30 बजे एम्स भेजा गया। पाजेटिव केस की जानकारी मिलते ही तहसीलदार प्रतिमा ठाकुर विकास खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र ठाकुर ,ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर ईश्वर चंद भारती , सुपरवाइजर कन्हैया लाल , ,नायब तहसीलदार नितिन ठाकुर, नगर पंचायत सीएमओ कन्हैयालाल निर्मलकर एवं अस्पताल के स्टाफ व नगर पंचायत स्टाफ उपस्थित हुए। 108 एंबुलेंस आने के पहले नगर पंचायत के सफाई कर्मियों ने पूरी जगह को सेनेटाइज किया। उप स्वास्थ्य केंद्र घोटिया की 108 लगभग 8:15 पर पहुंची 8:30 बजे मरीज को भेजा गया ।

बालोद जिला में आज 6 नए कोरोना संक्रमित मरीज मिले। बालोद जिला में एक्टिव मरीजो की संख्या पहले 16 थी अब यह संख्या 22 तक पहुँच गई है। जानकारी के अनुसार बालोद जिले में आज जो 6 कोरोना संक्रमित मिले है। उन स्थानों में गुंडरदेही 2 , गुरुर ब्लाक के रमतरा गाँव से 1 , लोहरा ब्लाक से 3 कोरोना संक्रमित मिले है। सूत्रों के अनुसार लोहरा ब्लाक के युवक को डौंडी जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सल्हाइटोला कवारेंटाइन सेंटर में रखा गया है। जिसका कोरोना जांच रिपोर्ट आज पॉजिटिव पाया गया है । लोहरा ब्लाक के युवक को डौंडी ब्लाक के कवारेंटाइन सेंटर में रखे जाने का कारण वहां जगह अभाव को बताया जा रहा है। लोहरा ब्लाक के और भी प्रवासियों को डौंडी ब्लाक के सल्हाइटोला में रखा गया है।

## डोटोपार में पेयजल की समस्या, तपती धूप में पानी लाने को मजबूर ग्रामीण

**लवन।** जल ही जीवन है जीना है तो जल की व्यवस्था करना ही होगा इसके लिए चाहे जो भी मशक्कत करना पड़े सब मंजूर है। नौतपा की तपती धूप और लू के थपेड़ों को झेलते हुए कई किलोमीटर पैदल भी चलना पड़े तो कोई परवाह नहीं। यह समस्या किसी एक दिन कि नहीं है बल्कि हर दिन का बनी हुई है इसी तरह की जहोजहद आज भी विकासखंड के एक सतनामी बाहुल्य गांव के लोगों को करना पड़ रहा है। यहां पानी के लिए लंबी तय सफर करने के कारण महिलाओ के बजाय पुरुषों के द्वारा ही साइकिल से पानी ढोते हैंद्य बुधवार को भी इस प्रतिनिधि ने ऐसा ही नजारा देखा जहा हैंडपंप के पास पुरुषों की कतार लगा हुआ था जो डिब्बों मे पारी पारी से पानी भर रहा था।

जिला मुख्यालय से महज 10 किलोमीटर दूर मेन रोड पर स्थित अनुसूचित जाति बाहुल्य गांव ग्राम पंचायत डोटोपार मे कुल 12 वार्ड एवं 1280 मतदाता निवासरत है। सतनामी बाहुल्य गांव में अनुसूचित जाति ग्रामीणों के अलावा 12 घर के यादव दो घर के पटेल एवं चार घर के विश्वकर्मा परिवार रहते हैं। यहां कुल 6 हैंडपंप है जिसमें से पूर्व माध्यमिक शाला भवन और डोटो पुलिया चौगड्डा के पास के हैंडपंप ही चालू है बाकी चार हैंडपंप गर्मी तो गर्मी बरसात में भी अपना जवाब दे देते हैं। इसमें गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर डोटो पुलिया चौगड्डा चौक के पास की हैंडपंप से ही पूरे गांव निर्भर रहते हैं। एक ही हैंडपंप से निर्भर होने के कारण पानी के लिए लोगों को लाइन में घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

#### क्या कहते है सहायक अभियंता

इस संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रभारी सहायक अभियंता आरके ध्रुव ने बताया कि मांग पूर्ण वहां होता है जहां गांव में पर्याप्त जल आवक क्षमता वाले स्रोत( नलकूप) की उपलब्धता हो उसी के अनुसार योजना बनाई जाती है।

**आरोप** पूछा-किसानों को उनके हक से क्यों वंचित होना पड़ा

## 81 हजार किसान फसल बीमा के लाभ से वंचित : सांसद

**महासमुंद।** संसदीय क्षेत्र के महासमुंद और गरियाबंद में 81 हजार 218 किसानों को खरीफ सीजन 2019-20 में हुए फसल नुकसान का बीमा नहीं मिला है। सांसद ने इस पर नाराजगी जताते हुए राज्य शासन से जवाब मांगा है। सांसद ने राज्य सरकार से पूछा कि आखिर पात्रता के बावजूद 1086 गांव के किसानों को प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ क्यों नहीं मिला। साल 2019-20 के खरीफ सीजन में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत प्रदेश भर के किसानों की तरह महासमुंद और गरियाबंद जिले के किसानों ने भी बीमा की प्रीमियम राशि राष्ट्रीयकृत और जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के माध्यम से जमा कराई थी। पानी की कमी और उसकी अधिकता के साथ ही कीट प्रकोप के चलते धान और दूसरे खरीफ की फसलों को काफी नुकसान हुआ। किसानों को उनकी लागत के मुताबिक उत्पादन का लाभ नहीं मिला। राज्य सरकार ने फसल नुकसान का मौका मुआयना करवाया। पटवारी, तहसीलदार और ग्राम प्रमुखों की मौजूदगी में फसल का पंचनामा तैयार हुआ।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की राज्य सरकार द्वारा जानबूझ कर केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री फसल बीमा के लाभ से महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के किसानों को वंचित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने गरियाबंद और महासमुंद जिला प्रशासन के माध्यम से राज्य सरकार से पूछा है कि आखिर व्यापक नुकसानी के बाद भी किसानों को उनके हक से क्यों वंचित होना पड़ा है? फसल उत्पादन का सही आकलन हुआ है तो बीमाधन नहीं मिलने की स्थिति में भी राज्य सरकार ने चुप्पी क्यों साध ली? उन्होंने आशंका जताई है कि स्थानीय प्रशासन ने राज्य सरकार के इशारे पर केंद्र को गलत जानकारी दी है, जिससे वे यह साबित कर सकें कि राज्य में खरीफ फसल का बेहतर उत्पादन हुआ है।

### लूटपाट के फरार दो अन्य आरोपी गिरफ्तार

**लवन।** लवन पुलिस चौकी क्षेत्र अन्तर्गत धाराशिव के नोहर भारद्वाज के साथ 23 मई की रात्रि 10 बजे कुम्हारी मे साहू कारपेंटर के घर पास तीन अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा उनके गले में धारदार हथियार अड़ाकर उसके पास रखे 3100 रूपये नगदी, एक मोबाईल, मोटर सायकल को लूटकर फरार हो गए थे। लूटपाट के शिकार नोहर भारद्वाज की रिपोर्ट पर लवन चौकी में अज्ञात तीनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 394 भादवि का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के महज 8 घण्टे बाद ही आरोपी नीलकमल कुर्रे बरदा निवासी को न्यायिक अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया। कड़ाई से पुछताछ करने पर अरोपी द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार किया गया था जिसे 24 मई को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है वही लूटपाट में शामिल दो अन्य आरोपी गजेन्द्र कुर्रे बरदा एवं चरण निषाद लवन लूट की वारदात के पश्चात फरार हो गया था। जिसके पश्चात फरार दो आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए टीम तैयार कर आरोपियों के रिश्तेदारों के घरों में दबिश देकर पतासाजी किया।

# कौंहाकुडा में पकड़ाया अवैध सागौन चिरान

**पिथौरा।** समीपस्थ ग्राम कौंहाकुडा में छपेमारी व तलाशी मेंअवैध वनोपज सागौन चिरान जप्ती की कार्यवाई पिथौरा वनविभाग की टीम द्वारा की गई।

वनविभाग पिथौरा द्वारा बताये अनुसार मुखबिर की सूचना के बाद वन विभाग की टीम ग्राम कौंहाकुडा में ग्राम निवासी सेतराम पटेल पिता मुकूतराम पटेल और त्रिभुवन पटेल पिता सेतराम पटेल के यहाँ घर पर छापा मारा व तलाशी ली गई जहाँ से वनोपज सागौन चिरान 47 नग 0.236 घनमीटर जिसकी किमत 27,108.00 रुपये और वनोपज 35 किलो बकली सागौन किमत 350 रुपये बरामद कर जप्त किया गया। उपरोक्त अपराधियों के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 छ.ग. संरक्षित वन नियम 2960 छ.ग. चिरान (विनिमय) अधिनियम 1984 तथा लोक संपत्ति की हानि के अंतर्गत कार्यवाही कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया इस कार्यवाही में वनविभाग के वनपाल बहादुर सिंह वर्मा, वनरक्षक सीताराम ध्रुव, वनरक्षक विरेन्द्र बंजारे,वनरक्षक गुरुचरण मिश्रा, दीपिका रात्रे व अन्य ने कार्यवाही की।

## 8 जुआरियों से 18 सौ रू जप्त

**बेमेतरा/साजा।** प्रतिदिन समस्त थाना/चौकी प्रभारियों के द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत दिनांक 25 मई को थाना नांदघाट पुलिस को मुखबीर के जरिये सुचना मिली कि ग्राम तेन्दुआ में कुछ लोग आम जगह पर रूपया-पैसो का हार-जीत का दाव लगाकर तास पत्ती से जुआ खेल रहे है की सूचना पर थाना नांदघाट पुलिस द्वारा गवाहों के साथ मौके पर पहुचकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया। जहां कुछ जुआडियों पुलिस को आते देखकर भाग निकले मौके पर 2 प्रकरण में 8 जुआडियानो रघुराज वर्मा उम्र 30 साल साकिन तेन्दुआ, तुकेन्द्र चंद शेखर उम्र 45 साल साकिन मुडपार, विष्णु वर्मा उम्र 19 साल साकिन तेन्दुआ, दुखिराम साहू उम्र 45 साल साकिन तेन्दुआ, रामजीवन बंजारे उम्र 64 साल साकिन चाका पेन्ड्रा, हीरालाल राजपूत उम्र 32 साल, चंद्रपाल राजपूत उम्र 23 साल, इंद्रकुमार लोधी उम्र 45 साल साकिनान तेन्दुआ थाना नांदघाट जिला बेमेतरा के पास एवं फण्ड से नगदी रकम 1800/- रूपये व 52 पत्ती तास को 13 जुआ एक्ट के तहत जप्त कर कार्यवाही किया गया।

## उभरती चुनौती टिड्डी दलों का आक्रमण

**बेमेतरा/साजा।** बेमौसम बारिश व ओला वृष्टि से पहले ही किसान भाईयों की फसल चैपट हो चुकी है। अभी तक वे नुसकसान से ऊबर नहीं पाये हैं, अब एक नया खतरा टिड्डी दलों के रूप में सामने आ रहा है। राजस्थान, गुजरात और मध्यप्रदेश में टिड्डी दलों ने काफी नुकसान पहुँचाया है। अतः कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख जी.पी. आयम तथा डॉ. एकता ताम्रकार कीट वैज्ञानिक के द्वारा मामले की गंभीरता को समझते हुए अलर्ट जारी किया गया है कि टिड्डी दलों के आक्रमण से सजग रहें। अपने खेत की सत्त निगरानी करें। यह देखा गया है कि टिड्डियॉ रात्रि के समय झुण्ड में विचरण करती है तथा फसलों को नुकसान पहुँचाती है। एक दल में इसकी संख्या लाखो में होती है। अतः किसान भाई रात्रि के समय एक बर्तन में पानी, मिट्टी तेल डालकर रखें और सुबह देखें अगर उसमें टिड्डियॉ दिखाई दे रही है तो सुरक्षा हेतु उपाय अपनाने आवश्यक है।

टिड्डी दल के प्रकोप होने पर निम्नानुसार उपाय करें-किसान भाई समूह में परंपरागत उपाय जैसे ढोल, नगाड़े, टिपा, थाली आदि बनाकर शोर मचायें, आवाज सुनकर टिड्डे भाग जाते हैं। शाम के समय क्लोरपायरिफॉस 20 ई.सी. 200 मिली. या लेम्डासाईहेलोथ्रिन 5 ई.सी. 400 मिली. या डाइफ्लूबेन्जूसन 25 डब्ल्यू पी. 240 ग्राम प्रति हेक्टे. 500 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें।

# लोकेश बिश्नोई ने अपर मंडल रेल प्रबंधक का पदभार ग्रहण किया

**भाटापारा।** लोकेश विश्नोई ने मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय रायपुर में अपर मंडल रेल प्रबंधक (ओपी) का पदभार ग्रहण किया। श्री लोकेश विश्नोई आईआरएसएसई (IRSSE) 1992 बैच के अधिकारी हैं। श्री लोकेश विश्नोई इससे पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी एवं मुख्य महाप्रबंधक (कारपोरेट समन्वय) छत्तीसगढ़ रेल कारपोरेशन लिमिटेड रायपुर में पदस्थ थे। मुख्य महाप्रबंधक सिग्नल एवं टेलीकॉम आरवीएनएल रायपुर में भी रह चुके हैं । श्री विश्नोई मध्य प्रदेश स्टेट के पीईटी 1988 स्टेट टॉपर है। इन्होंने एनआईटी रायपुर से 1992 में बी. ई. इलेक्ट्रॉनिक एवं इग्नू से पीजीडीएफएम की योग्यता प्राप्त की है।

दक्षिण पूर्व रेलवे एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में सीनियर ईडीपीएम एवं डिप्टी सीएमआईटी पदों पर रहते हुए मैनुअल ऑफिस वर्किंग को इलेक्ट्रॉनिक ऑफिस वर्किंग में परिवर्तित करवाया है, जैसे पे रोल एंड इंडिपेंडेंट माड्यूल्स (प्राइम-क्राढ्रस्ध) एडवांसड़ फाइनेंसियल एंड रेलवे एक्सपेंडिचर मैनेजमेंट सिस्टम (एएफआरईइस- ,स्त्रक्ष्स), मैटेरियल मैनेजमेंट इनफार्मेशन सिस्टम (एमएमआईएस-स्त्धस) ई-ऑफिस सेक्रोड पर कार्य किया हैं। तथा रेलवे में उस समय के आधुनिकतम ब्लेड -सरवर भी लगवाए थे।

इन्हें महाप्रबंधक पुरस्कार, आईटी फील्ड में 02 बार 2017 एवं 2018 में सीआईओ-100 अवार्ड, इंजीनियरिंग ऑफ द ईयर छत्तीसगढ़ 2012 भी रह चुके हैं। श्री विश्नोई जी कि के लेख आईआरएसटीई तकनीकी पत्रिका,आईईटीई प्रोफेसनल जर्नल एवं राजभाषा पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं । ये इंडियन रेलवे इंस्टीट्यूट आफ सिगनल इंजीनियरिंग एंड टेलीकम्युनिकेशन सिकंदराबाद नेशनल एकेडमी ऑफइंडियन रेलवे वडोदरा में गेस्ट लेक्चर भी दे चुके हैं। स्टेट फुटबॉल, डिविजनल वॉलीबॉल खेल चुके हैं । विश्नोई जी स्कूल समय में राज्यस्तर पर फुटबाल, डिविजनल स्तर पर वालीबॉल, कॉलेज में विश्वविद्यालय स्तर पर फुटबॉल एवं वॉलीबॉल खेल चुके हैं और रेलवे स्पोर्ट्स ऑफिसर चक्रधरपुर और संबलपुर मंडल में रहे हैं। ये रेलवे टेरिटोरियल आर्मी में भी पदस्थ रहे हैं।

## नवनियुक्त प्राचार्य बीएल कुर्रे ने पदभार ग्रहण किया

**भाटापारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अर्जुनी में नवनियुक्त प्राचार्य बीएल कुर्रे ने अपना पदभार ग्रहण किया द्य प्रभारी प्राचार्य खूबचंद सरसीहा ने नए प्राचार्य का बुके देकर स्वागत किया । नवनियुक्त प्राचार्य बीएल कुर्रे मनोहर दास वैष्णव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदा बाजार से स्थानांतरित होकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अर्जुनी आए हैं। कोरोना वायरस संक्रमण मे लॉक डाउन का पालन करते हुए सोशल डिस्टेंसिंग को ध्यान में रखते हुए नियुक्त प्राचार्य का स्वागत किया गया। प्राचार्य बीएल कुर्रे ने सभी के सहयोग से शैक्षणिक गतिविधियों में तेजी लाने छात्राओं की 75 फ़ीसदी उपस्थिति सुनिश्चित करने की बात कही। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य खूबचंद सरसीहा मोपर के प्रभारी प्राचार्य अरुण अग्रवाल अर्जुन लाल कश्यप मल्दी हाई स्कूल के प्राचार्य जेआर ध्रुव समन्वयक गोपाल वर्मा पूर्व माध्यमिक शाला रवान के प्रधान पाठक अवध राम वर्मा व्याख्याता राकेश वर्मा, अरुणा ध्रुव सहायक ग्रेड 3 प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# कोरोना के 4 मरीज हुये डिस्चार्ज

### कुल 19 में से बच गए अब 15 मरीज़



**लवन।** भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ( एम्स) रायपुर ने इलाज़ के बाद ठीक होने पर जिले के 4 मरीजों को छुट्टी दे दी है। अब बचे हुए जिले के 15 मरीज़ों का इलाज जारी है। गौरतलब है कि जिले में अब तक कोरोना के कुल 19 प्रकरण दर्ज हुए हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ खेमराज सोनवानी ने बताया कि डिस्चार्ज हुये मरीज़ों में जिले के बिलाईगढ़ विकासखण्ड के 2 तथा बलौदाबाजार और सिमगा विकासखण्ड के 1-1 मरीज़ शामिल हैं। बिलाईगढ़ के 2 में से एक पवनी और एक मरीज़ दुरूग गांव का है। तथा बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम धाराशिव और सिमगा के ग्राम दरचुरा से एक-एक मरीज़ हैं। ये सभी मरीज़ प्रवासी श्रमिक हैं, जो कि पिछले 12 से 14 मई के बीच हैदराबाद, महाराष्ट्र और कोरबा से वापस आये थे। ये सभी अपने गांव के स्कूल भवन में क्वारंटाइन का पीरियड काट रहे थे। इसी दौरान सैंपल लेकर जांच कराए जाने पर पॉजिटिव केस मिला था। इन सभी को एम्स रायपुर में भर्ती कराकर इलाज़ किया गया। नौ-दस दिन के सघन इलाज में सब ठीक हो गए। इनमें से धाराशिव वाले मरीज़ को जिला मुख्यालय स्थित कस्तूरबा स्कूल में क्वारंटाइन पर और बाकी तीनों मरीज़ों कोअपने घर मे होम क्वारंटाइन पर रखकर निगरानी की जा रही है।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202005100400217

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती मीना डोंगरे पति श्री चन्द्रकुमार डोंगरे अन्य 01 निवासी विजय नगर बैंक कालोनी दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 246/61 रकबा 0.027 हें/ 2925 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202005100400305

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती देवकी वर्मा पति महेश वर्मा निवासी न्यू आदर्श नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम पोटियाकला प.ह.न. 23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 125/5 रकबा 0.009 हें/ 1000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202005100400369

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री मनीष कुमार साहू आ. स्व. श्री शिवचरण साहू निवासी संतराबाड़ी दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 600/27 रकबा 0.019 हें/ 2100 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202005100400209

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री ए.एस. कार्तिक आ. श्री ए सम्मैया एवं अन्य 01 निवासी सेक्टर 01 भिलाई नगर द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 246/77 रकबा 0.025 हें/ 2730 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202005100400213

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती निर्मला साहू पति श्री नेमलाल साहू निवासी बजरंग पारा कोहका द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 246/57 रकबा 0.036 हें/ 3900 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202005100400356

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती ज्योति गुप्ता आ. श्री ओमप्रकाश गुप्ता निवासी बनियापारा दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम पोटियाकला प.ह.न. 23 अ तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 89/258 रकबा 0.013 हें/ 1440 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202005100400349

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री राजकुमार साहू आ. स्व. श्री जेठूराम साहू अन्य 01 निवासी न्यू शांति नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 233/29, 233/30, 233/31 रकबा 0.098 हें/ 10545 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202005100400350

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री राजकुमार साहू आ. स्व. श्री जेठूराम साहू अन्य 01 निवासी न्यू शांति नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 233/33, 233/32 रकबा 0.050 हें/ 5380 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202005100400300

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक राजेश्वर कुमार यादव पिता दिलीप यादव निवासी पचरीपारा दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम चंदखुरी प.ह.न. 29 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 632/33 रकबा 0.020 हें/ 2250 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202005100400358

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका गीताजंली आ. श्री ओमप्रकाश गुप्ता निवासी बनियापारा दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम पोटियाकला प.ह.न. 23 अ तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 89/244 रकबा 0.013 हें/ 1410 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202005100400357

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका पुष्पाजंलि आ. श्री ओमप्रकाश गुप्ता निवासी बनियापारा दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम पोटियाकला प.ह.न. 23 अ तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 89/245 रकबा 0.013 हें/ 1440 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202005100400355

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती आरती गुप्ता आ. श्री ओमप्रकाश गुप्ता निवासी बनियापारा दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम पोटियाकला प.ह.न. 23 अ तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 89/243 रकबा 0.013 हें/ 1410 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202005100400354

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती शुभांजली गुप्ता आ. श्री ओमप्रकाश गुप्ता निवासी बनियापारा दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम पोटियाकला प.ह.न. 23 अ तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 89/242 रकबा 0.013 हें/ 1410 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202005100400214

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती सोनम पति श्री सुरेन्द्र कुमार निवासी बोरीगारका पोस्ट पाउवारा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 246/65 रकबा 0.022 हें/ 2385 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202005100400215

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री भूपेन्द्र कुमार साहू आ. स्व. श्री घनाराम साहू निवासी सुभाष नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 246/80 रकबा 0.009 हें/ 1018 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202005100400210

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री सनत कुमार देशमुख आ. श्री मनोहर लाल देशमुख अन्य 01 निवासी भेड़सर द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 246/55 रकबा 0.029 हें/ 3150 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला जांजगीर- चांपा छ.ग.**

**प्रेस विज्ञप्ति**

मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ का पत्र क्र./एनएचएम/एच.आर./2020/ 1596/3439 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 31.01.2020 तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा छ.ग. के विज्ञापन पत्र क्रमांक/ एनएचएम/ संविदा नियुक्ति/ 2020/ 2007 जांजगीर-चांपा दिनांक 24.02.2020 की स्वीकृति के आधार पर जांजगीर-चांपा जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत निम्नांकित 12 पदों 1. MO-Ayush (RBSK), 2- Block Manger (Account), 3- Accountant (NUHM), 4- Counsellor (NHM), 5-Secreterial Assistant (NHM, DPMU), 6- Dental Assistant, 7-Secreterial Assisant (NVBDCP, FLA), 8-STS (RNTCP), 9- STLS (RNTCP), 10-Lab Technician (NUHM), 11- Audiologist (NPPCD), 12-Tech Assitant Audiometric (NPPCD), की संविदा नियुक्ति हेतु दिनांक 13.03.2020 सायं 05.00 बजे तक इच्छुक पात्र उम्मीदवारों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा छ.ग. के नाम से रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से आमंत्रित किया गया था जिसके तारतम्य में दिनांक 26.05.2020 को पात्र/अपात्र किए गए आवेदनों की सूची जारी किया गया जिसे जिले के वेबसाईट **www.janjgir-champa.gov.in** में देखा जा सकता है तथा दावा आपत्ति हेतु निर्धारित प्रपत्र डाउनलोड किया जा सकता है तथा सूची कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा छ.ग. के नोटिस बोर्ड में भी चस्पा कर दिया गया है उक्त जारी पात्र/अपात्र सूची में किसी भी अभ्यर्थी को दावा-आपत्ति करना हो तो निर्धारित प्रपत्र में तैयार कर दिनांक 10.06.2020 को सायं 05.00 बजे तक कार्यालय के ई मेल पता nhmbhartijanjgir@gmail.com में अपना दावा-आपत्ति भेज सकते हैं प्रस्तुत दावा आपत्ति में केवल त्रुटि सुधार की कार्यवाही की जाएगी जारी विज्ञापन में अंकित प्रस्तुत आवेदन के अंतिम तिथि के बाद जारी दस्तावेज मान्य नहीं किया जायेगा।

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा छ.ग.**

**संवाद-25482/1**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भवन/सड़क) उत्तर बस्तर संभाग क्रमांक 1 जगदलपुर**

**अल्प निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक/2093/02/वलेलि/2020-21 जगदलपुर, दिनांक 21.05.2020

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

| एन.आई.टी. क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 2 T0004 | उपसंभाग क्रमांक 1 जगदलपुर के उपखण्ड क्रमांक 2 के आवासीय भवनों का रंगाई पोताई का कार्य (जोनल निविदा) प्रथम आमंत्रण | 20.00 |
| 2 T0005 | उपसंभाग क्रमांक 2 जगदलपुर के धरमपुरा सेक्शन अंतर्गत आवासीय भवनों में रंगाई पोताई का कार्य (जोनल निविदा) प्रथम आमंत्रण | 20.00 |
| 2 T0006 | उपसंभाग क्रमांक 1 जगदलपुर के उपखण्ड क्रमांक 2 के अंतर्गत सड़कों के संधारण के लिए (गिट्टी) सप्लाई कार्य (जोनल निविदा) प्रथम आमंत्रण | 5.00 |
| 2 T0007 | उपसंभाग क्रमांक 2 जगदलपुर के धरमपुरा अंतर्गत सड़कों के संधारण के लिए (गिट्टी) सप्लाई कार्य (जोनल निविदा) प्रथम आमंत्रण | 5.00 |
| 2 T0008 | उपसंभाग क्रमांक 3 जगदलपुर के तोकापाल उपखण्ड में आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई पोताई कार्य (जोनल निविदा) प्रथम आमंत्रण | 15.00 |
| 2 T0009 | उपसंभाग क्रमांक 3 जगदलपुर के तोकापाल उपखण्ड अंतर्गत विभिन्न सड़कों में मरम्मत कार्य हेतु सड़क सामग्री का आपूर्ति प्रथम आमंत्रण | 5.00 |
| 2 T0010 | उपसंभाग क्रमांक 3 जगदलपुर के अंतर्गत गीदम नाका से सरगीपाल मार्ग में डब्ल्यू. बी. एम. मरम्मत कार्य (जोनल निविदा) प्रथम आमंत्रण | 5.00 |

**नोट :-**

1 निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 04.06.2020

2 उपरोक्त निविदा की जानकारी विभागीय वेब पोर्टल www.cg.nic.in/pwdraipur में भी अवलोकन किया जा सकता है।

3 ऑनलाईन से डाउनलोड किया गया निविदा फार्म को प्रेषित करने पर मान्य नहीं किया जावेगा, इस कार्यालय में उपस्थित होकर निविदा फार्म हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर ही निविदा फार्म प्रदाय किया जावेगा।

4. अन्य विवरण एवं शर्तें कार्यालयीन दिवस में लोक निर्माण उत्तर बस्तर संभाग क्र. 1 जगदलपुर के कार्यालय में देखी जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता लो.नि.वि. (भ/स) उ.ब. संभाग क्र. 1 जगदलपुर**

**जी- 80999/5**

# खनिज वे-ब्रिज में अवैध वसूली, रोज 70 हजार की हो रही कमाई

*नव प्रदेश संवाददाता*

**कोरबा।** खनिज संपदा से भरपूर कोरबा जिले से खनिज का दोहन करने के साथ इसका नियमित परिवहन विभिन्न क्षेत्रों के लिए हो रहा है। तय मात्रा ही आगे वाहनों के साथ हो सके, इसके लिए खनिज बेरियर और वे ब्रिज बनाए गए हैं। वर्तमान में दो ही ब्रिज उपयोग में बने हुए हैं। जबकि कुल संख्या 4 है। खबर के अनुसार यहां आने वाले ट्रेलर, हाइवा और ट्रैक्टर से 100 और 50 रूपए की वसूली हो रही है। प्रतिदिन कलेक्ट होने वाली यह राशि 70 हजार और महीने में 21 लाख के आसपास में बतायी जा रही है।

जानकार सूत्रों ने बताया कि काफी समय से इस तरह का काम चल रहा है। वैध तरीके से खनिज प्राप्त करने और उसे परिवहन करने वाले वाहनों को नियमों के तहत खनिज बेरियर से गुजरना ही है। यहां उनका तौल किए जाने के लिए कांटा घर (वे ब्रिज) बनाए गए हैं। कोरबा जिले में 4 ऐसे बेरियर और कांटाघर की व्यवस्था है। ताकि किसी भी दिशा से आने जाने की स्थिति में कोई भी वाहन खनिज विभाग की निगाह से बचने न पाये। निगरानी रखे जाने का मामला व्यवस्था के अंतर्गत उचित लगता भी है। इसके साथ ही वाहनों में कितनी मात्रा में खनिज ले जाया जा रहा है, इसकी तौल किए जाने पर भी कोई एतराज नहीं। जानकारी है कि विभाग ने पूरा काम सामान्य तौर पर करना तय किया है। लेकिन जिन कर्मचारियों की ड्यूटी कांटाघर में लगाई है उन्होंने इसमें संभावनाएं तलाशी हैं। बताया गया कि बड़े मालवाहकों से 100 रूपए और ट्रैक्टर से 50 रूपए की राशि ली जा रही है। दावा है कि तौल के बजाय केवल पर्ची पर सील लगाने के नाम से यह खेल हो रहा है। कहा गया है कि एक ही दिन में चार निकासी प्वाईंट पर गुजरने वाले वाहनों से लगभग 70 हजार रूपए की वसूली हो रही है। इस तरह एक महीने का औसत 21 लाख के आसपास होता है। समझा जा रहा है कि बिना किसी उच्चस्तरीय संरक्षण के ऐसा काम हो ही नहीं सकता। इसमें अलग-अलग स्तर पर साझेदारी का सिद्धांत जुड़ा होगा, तभी यह गतिविधि निरकुंश तरीके से चल रही है। लेकिन खनिज विभाग का कहना है कि वे ब्रिज में ऐसा कुछ नहीं हो रहा है।

### वसूली का मामला संज्ञान में नहीं

जहां तक वे ब्रिज में वाहनों से रूपए वसूल किए जाने का मामला है, इस बारे में मेरे पास अब तक कोई शिकायत नहीं पहुंची है और ना ही ऐसा कोई विषय मेरे संज्ञान में है। वर्तमान में पाली और सरई श्रृंगार का वे ब्रिज बेहतर ढंग से काम कर रहा है। उरगा सेमीपाली ब्रिज का बेसमेंट काम नहीं कर रहा है। इसे जल्द सुधारा जाएगा। कटघोरा के वे ब्रिज को अस्थाई रूप से दूसरे क्षेत्र में शिफ्ट किया गया है।

**एसएस नाग, उप संचालक, खनिज कोरबा**

## पश्चिम की गर्म-शुष्क हवा से भट्ठी की तरह तप रहा छत्तीसगढ़

*नव प्रदेश संवाददाता*

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में पड़ रही भीषण गर्मी के असर से जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हो गया है। पारा 45 के पार पहुंच गया है और हाल-फिलहाल में भीषण गर्मी से राहत मिलने के आसार भी नजर नहीं आ रहा है।

छत्तीसगढ़ में इस समय उत्तर-उत्तर-पश्चिम दिशा से लगातार गर्म-शुष्क हवा आने का क्रम जारी है। यही वजह है कि विगत एक सप्ताह से छत्तीसगढ़ में गर्मी ने अपना भीषण रूप दिखाना शुरू कर दिया है। दिन में अधिकतम तापमान का आंकड़ा 45 डिग्री के पार हो गया है। वहीं रात में भी गर्मी से लोग बेचैन नजर आ रहे हैं। शहर में सुबह 10 बजे से ही सड़कें सूनी होने लगी है। बहुत जरूरी काम होने पर ही लोग अपने-अपने घरों से अथवा कार्यालयों से बाहर निकल रहे हैं। वहीं शहर के जलाशयों में भी जलस्तर तेजी से नीचे जा रहा है। शहर के कई इलाकों में पेयजल की किल्लत भी शुरू हो गई है। नलों की धार जहां पतली हो गई है तो वहीं बोरवेल आदि भी सूखने लगा है। मौसम विभाग की माने तो अभी भीषण गर्मी का दौर जारी रहेगा। एक माहांत के बाद ही कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। इस बार दक्षिण-पश्चिम मानसून भी अपने निर्धारित समय से ही प्रदेश में दस्तक देगा। इस लिहाज से देखें तो मानसून की ठंडी फुहार के लिए अभी प्रदेशवासियों को लंबा इंतजार करना पड़ेगा। इधर राजधानी रायपुर के साथ ही प्रदेश के अन्य प्रमुख शहरों में भी अधिकतम तापमान का आंकड़ा तेजी से ऊपर चढ़ रहा है।

## डाक्टर की रिपोर्ट आई पॉजिटिव

- **शहर के सरकारी क्वार्टर को किया गया सील, मुख्यालय में मचा हड़कंप**
- **पखांजूर में एक, दुर्गुकोंदल मे दो कोरोना संक्रमित**
- **अब काँकेर जिले में कुल 12 कोरोना मरीज**

*नव प्रदेश संवाददाता*

**कांकेर।** कोविड 19 संक्रमण से आज पूरा देश जूझ रहा है।एक समय बस्तर संभाग पूरी तरह से ग्रीन जोन माना जा रहा था। लेकिन सरकार की ढील के बाद और मजदूरों की वापसी से कोरोना संक्रमण की चपेट में काँकेर ग्रीनजोंन से ऑरेंज ज़ोन में तब्दील हो चुका है।बस्तर के प्रवेश द्वार काँकेर में बीते 4 दिनों में कुल 8 कोरोना पॉजिटिव मरीज था।कोरोना की त्रासदी से काँकेर जिले मे अपना ताँडव दिखाने में कोई कसर नही छोड़ रहा है। मंगलवार की देर रात तकरीबन 10:30 बजे जिला मुख्यालय में एक डॉ कोरोना पॉजिटिव मिला है। कोरोना पॉजिटिव मिलने की खबर के बाद जिला अस्पताल के सामने वाले इलाके को कड़ी सुरक्षा के बीच शहर के मध्य एमजी वार्ड,गांधी उद्यान के आस-पास इलाका सील कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार आयुष विभाग में पदस्थ डॉक्टर की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव मिलने से पूरा अस्पताल प्रबंधन सख्ते में है।नेशनल हाइवे स्थित शासकीय क्वार्टर, सहित आस-पास के कई शासकीय कार्यालय को सील किया गया है। वही जानकारी यह भी मिल रही है।की आयुष विभाग में पदस्थ डाक्टर ने मंगलवार शाम तक अस्पताल में मरीजों को देखते रहने की जानकारी हो रही है। डॉक्टर और मरीज के सम्पर्क में आने वालों का पता लगाना भी बेहद जरूरी माना जा रहा है। फिलहाल नेशनल हाईवे से लेकर के जिला जेल पोस्ट ऑफिस व एमजी वॉर्ड सील कर दिया गया है। कांकेर में मंगलवार को कुल 4 पॉजिटिव केस सामने आए। इनमें 1 कोयलीबेड़ा से 2, दुर्गुकोंदल और 1 कांकेर एमजी वॉर्ड शामिल है। जिले में अब तक कुल 12 पॉजिटिव केस मिले है। पहले 8 कोरोना पॉजिटिव मरीज थे जो बढ़कर 12 हो चुके है।कोरोना पॉजिटिव मरीजों की पुष्टि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जेएल उइके ने की है।

## एमपी से सटे सीमावर्ती जिलों में टिड्डी दल का हो सकता है हमला

- **अभी मध्यप्रदेश में भारी तबाही मचा रहा टिड्डी दल**

**रायपुर।** राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश में भारी तबाही मचा रहे टिड्डी दल का प्रदेश पर भी हमला हो सकता है। सीमावर्ती राज्य होने के कारण केन्द्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केन्द्र ने राज्य के कृषि अधिकारियों को इसके लिए सचेत रहने कहा है।

ज्ञात हो कि इस समय मध्यप्रदेश में भारी तबाही मचा रहे टिड्डी दल का खतरा अब छत्तीसगढ़ में भी मंडराने लगा है। इसका सबसे ज्यादा खतरा मध्यप्रदेश की सीमा से लगे जिलों में हैं। कवर्धा सहित बेमेतरा और राजनांदगांव, बालोद जैसे इलाकों में टिड्डी दल का हमला हो सकता है। विशेषज्ञों ने बताया कि टिड्डी दल का खतरा इसीलिए भी अधिक है कि क्योंकि यह समूह में प्रवास करते हैं और एक दिन में 100 से 150 किलोमीटर तक की दूरी तय कर सकते हैं। वर्तमान में मध्यप्रदेश के नीमच, सिहोर, मालवा जैसे इलाकों में इसका प्रकोप सर्वाधिक है। जानकारों की माने तो हवा की दिशा के साथ टिड्डी दल उत्तरप्रदेश की ओर जा सकता है, लेकिन नमी पाकर टिडडी दल छत्तीसगढ़ की ओर भी रूख कर सकता है। यदि ऐसा हुआ तो मध्यप्रदेश की सीमा से लगे जिलों में व क्षेत्रों में फसलों को भारी नुकसान पहुंच सकता है। हालांकि कृषि अधिकारियों का कहना है कि टिड्डी दल को रोकने कोई प्रभावी उपाय तो नहीं है, फिर भी इनके खात्मे के लिए दवाईयां उपलब्ध हैं, कृषकों को ज्यादा घबराने की जरूरत तो नहीं है, किंतु सावधानी बरतने की जरूरत है।

## सूखे पेड़ की टहनी गिरी, दो टुकड़ा हुआ बिजली का पोल

*नव प्रदेश संवाददाता*

काँकेर। बीती रात्री शहर में मौसम के आंख मिचौली और तेज़ तूफान के चलते इमलीपारा भण्डारीपारा मार्ग में सुखे पेड़ की बड़ी टहनियां बिजली के खम्बे में गिर गई । जिसके चलते बिजली के सीमेंट का पोल बीच से टूट गया। और बिजली बंद हो गई । काफी रात होने के चलते टूटे पोल की मरम्मत नहीं किया गया था। सुबह बिजली विभाग की टीम और अधिकारियों की उपस्थिति में नए पोल लगाकर रात से बंद बिजली बहाली किया गया।

## बस्तर अधिकार संयुक्त मुक्ति मोर्चा का जांच दल पहुंचा किरंदुल

- **जांच दल ने आर्सेलर मित्तल निपान इंडिया कंपनी पर पेसा कानून के उल्लंघन का लगाया आरोप**
- **सरकार से शीघ्र कार्यवाही करने की मांग**
- **स्थानीय प्रभावितों ने जांच दल के सदस्यों से बताई अपनी परेशानी**

*नव प्रदेश संवाददाता*

**बचेली।** दन्तेवाड़ा जिले के किरन्दुल में स्थित आर्सेलर मित्तल निपान कम्पनी के द्वारा पेशा कानून का उल्लंघन करते हुए बिना ग्राम सभा व शासन की अनुमति के स्थानीय आदिवासी व गैर आदिवासियों के जमीनों पर अतिक्रमण कर अवैध खनिज अवशेष के भण्डारणों का आरोप स्थानीय लोगो के द्वारा लगाया गया था। जिसके बाद बस्तर अधिकार संयुक्त मुक्ति मोर्चा द्वारा विगत दिनों किरन्दुल स्थित आर्सेलर मित्तल निपान इंडिया कंपनी द्वारा किरन्दुल में लौह अयस्क के अपशिष्ट पदार्थ का अवैध भंडारण के संबंध में केंद्रीय खनन मंत्री के नाम का ज्ञापन बस्तर कमिश्नर को सौंपा गया था। और उसपर कार्यवाही की मांग की थी।

इस ज्ञापन में उन्होंने आर्सेलर मित्तल निपान इंडिया कंपनी पर किरन्दुल में कई निजी जमीन पर अपशिष्ट पदार्थ को फैलाने का आरोप लगाया था। और एक जांच दल गठित कर मौके की मुयायना करने की अनुमति मांगी थी। आज उसी तारतम्य में बस्तर अधिकार संयुक्त मुक्ति मोर्चा की टीम मौके पर पहुची। इस टीम में शामिल नवनीत चाँद, बेनी फर्नाडीज, भरत कश्यप ने पीड़ितों के माध्यम से मौके का मुयायना किया।जिस पर बस्तर अधिकार संयुक्त मुक्ति मोर्चा की जांच टीम ने देखा कि आर्सेलर मित्तल निपान इंडिया कंपनी द्वारा लीज के क्षेत्र से बाहर जाकर शासन के खनन नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है।

आर्सेलर मित्तल निपान इंडिया कंपनी के ठेकेदारों द्वारा नियमो का उल्लंघन करते हुये व पीड़ितों को डरा धमकाकर निजी जमीन पर अपशिष्ट लौह अयस्क का अवैध भंडारण किया जा रहा है। इससे आसपास की उपजाऊ भूमि बंजर हो रही है। साथ ही साथ पर्यावरण को भी क्षति पहुच रही है।आर्सेलर मित्तल निपान इंडिया कंपनी क्षेत्र में पेशा कानून का उल्लंघन कर रही है। बिना ग्राम सभा की अनुमति के लोगो की निजी जमीन पर अवैध कब्जा कर रही है और शासन प्रशासन द्वारा बनाये गये खनन नियमो को ताक पर रख कर कार्य कर रही है।

आर्सेलर मित्तल निपान इंडिया कंपनी द्वारा लौह अयस्क का अवैध भंडारण का इलाका रिजर्व फारेस्ट में आता है। और कंपनी रिजर्व फारेस्ट में पेड़ो की अवैध कटाई कर रही है जो कि गैरक़ानूनी है। बस्तर अधिकार संयुक्त मुक्ति मोर्चा सभी दस्तावेजो को इकट्ठा कर शासन प्रशासन से इस मामले में कार्यवाही की मांग करेगा।यदि शासन प्रशासन इस पर कोई कार्यवाही नही करता है तो हमे मजबूरन न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा।